आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 27°C |

इनसाइड न्यूज
जिस्म के धंधे का काला सच उजागर अब पत्रकार पर जान का संकट
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 09 सितंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 323 www.janexpresslive.com/epaper



राहुल गांधी आलसी राजनेता: रविशंकर 12

## नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध को लेकर पुलिस और जेन-जी में झड़प, 250 घायल

# संसद में घुसे प्रदर्शनकारी, 19 की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 19 लोगों की मौत हो गई। एएनआई के मुताबिक, नेपाल पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। 250 से ज्यादा युवा घायल भी हुए। इस प्रदर्शन की अगुआई जेन-जी यानी 18 से 30 साल के युवा कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर बैन और सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ 12 हजार से ज्यादा युवा प्रदर्शनकारी सोमवार सुबह संसद भवन परिसर में घुस गए थे, जिसके बाद सेना ने कई राउंड फायरिंग की। नेपाल के इतिहास में संसद में घुसपैठ का यह पहला मामला है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने संसद के गेट नंबर 1 और 2 पर कब्जा कर लिया। इसके बाद संसद भवन, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम आवास के पास के इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया है। काठमांडू प्रशासन ने तोड़फोड़ करने वाले को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिए हैं।

### सेना ने फायरिंग की, सोशल मीडिया बैन-भ्रष्टाचार के खिलाफ युवा कर रहे विरोध



**सरकार ने 3 सितंबर को सोशल मीडिया बैन किया था**

नेपाल सरकार ने 3 सितंबर को फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट्स पर बैन लगाने का फैसला किया था। इन प्लेटफॉर्म ने नेपाल के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था। इसके लिए मंत्रालय ने 28 अगस्त को आदेश जारी कर 7 दिन का समय दिया था, यह समय सीमा 2 सितंबर को खत्म हो गई।

### सरकार अपनी ताकत हम पर थोप नहीं सकती: प्रदर्शनकारी

प्रदर्शनकारियों ने नेपाल सरकार पर दमन के आरोप लगाए हैं। एक प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हम शांतिपूर्ण विरोध करना चाहते थे, लेकिन आगे बढ़ने पर देखा कि पुलिस हमला कर रही थी और लोगों पर गोली चला रही थी। सत्ता में बैठे लोग अपनी ताकत हम पर नहीं थोप सकते। भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शन दबाए जा रहे हैं, जो बोलने की आजादी और अभिव्यक्ति के अधिकार के खिलाफ है। भ्रष्टाचार के खिलाफ जेनरेशन जी के विरोध प्रदर्शन के हिंसक हो जाने के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई गई है। यह बैठक बलुवाटार स्थित प्रधानमंत्री आवास पर हुई। सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली हैं।

### नेपाली सेलिब्रिटिज ने प्रदर्शनकारियों का सपोर्ट किया

नेपाल की कई मशहूर सेलिब्रिटिज ने प्रदर्शनकारियों का सपोर्ट किया है। एक्टर मदन कृष्ण श्रेष्ठ और हरि बंश आचार्य ने फेसबुक पर युवाओं की तारीफ की। आचार्य ने एक नई सड़क के जल्दी बिगड़ने पर कहा- मैं रोज सोचता था कि यह सड़क इतनी जल्दी क्यों खराब हो गई। लेकिन युवा सिर्फ सोचते नहीं, सवाल पूछते हैं। यह क्यों टूटी? कैसे? कौन जिम्मेदार? यह एक उदाहरण है। युवा सिस्टम के खिलाफ नहीं, बल्कि नेताओं की गलतियों के खिलाफ हैं। उन्होंने नेताओं से कहा कि अच्छा काम करें और जिम्मेदारी युवाओं को दें। वहीं एक्टर मदन कृष्ण श्रेष्ठ ने कहा- मैंने नेपाल के हर दौर को देखा है। आवाजें दबाई गईं, भाई-भतीजावाद बढ़ा, और सत्ता की लालच चरम पर है। हर दिन हजारों युवा विदेश काम करने को मजबूर हैं। भ्रष्टाचार बहुत बढ़ गया है। नेपाल माता भी रो रही है। युवा देश का भविष्य हैं, और उनके सपने नेपाल के सपने हैं। लोगों का गुस्सा बढ़ रहा है। जेन जी की आवाज सुनी जानी चाहिए। भ्रष्ट अधिकारियों को जवाब देना होगा।

### नेपाल प्रदर्शन में अब तक 19 की मौत

इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर पहुंचे 6 लोगों की मौत हो गई है। ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टर दीपेंद्र पांडे ने बताया कि वहां लाए गए छह लोगों की जान नहीं बचाई जा सकी। उन्होंने कहा कि दस मरीजों की हालत बेहद नाजुक है, जिन्हें सिर और सीने में गोली लगी है। इसके अलावा, 20 से ज्यादा घायलों का इलाज भी जारी है। प्रोटेस्ट में अब तक 16 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, सिविल अस्पताल में दो लोगों की मौत हुई है। सिविल अस्पताल के कार्यकारी निदेशक मोहन चंद्र रेग्मी ने बताया कि भर्ती कराए गए 2 लोगों की मौत हो चुकी है। केएमसी और त्रिभुवन यूनिवर्सिटी टीचिंग हॉस्पिटल में 1-1 शख्स की मौत हुई है।

### फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट्स पर बैन

नेपाल सरकार ने 3 सितंबर को फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट्स पर बैन लगाने का फैसला किया था। इन प्लेटफॉर्म ने नेपाल के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था। मंत्रालय ने 28 अगस्त से सात दिन की समय सीमा दी थी, जो 2 सितंबर को खत्म हो गई। इस दौरान फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, यूट्यूब, एक्स (ट्विटर), रेडिट और लिंक्डइन जैसे प्लेटफॉर्म ने पंजीकरण के लिए आवेदन नहीं किया। टिकटॉक, वाइबर, विटक, निमबज और पोपो लाइव ने पंजीकरण कर लिया है, जबकि टेलीग्राम और ग्लोबल डायरी की मंजूरी प्रक्रिया चल रही है। मंत्रालय के प्रवक्ता गजेंद्र कुमार ठाकुर ने कहा कि अगर कोई प्लेटफॉर्म रजिस्ट्रेशन पूरा करता है, तो उसे उसी दिन बहाल कर दिया जाएगा। इस प्रतिबंध से विदेश में रहने वाले लाखों नेपाली प्रभावित होंगे।

## सीएम योगी बोले, पड़ोसी राज्यों की मदद के लिए हर समय तैयार है प्रदेश सरकार, राहत सामग्री से भरे 48 ट्रक रवाना

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पड़ोसी राज्यों की मदद के लिए यूपी सरकार हर समय तैयार है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी जा रही राहत सामग्री प्रधानमंत्री की एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा पर आधारित है। सोमवार को मुख्यमंत्री ने अंबाला रोड स्थित एक रिसोर्ट से इन तीनों राज्यों के लिए राहत सामग्री से भरे 48 ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें 19 हजार किट थी। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड को पांच-पांच करोड़ आर्थिक मदद भी की गई। मुख्यमंत्री विमान से सरसावा एयरपोर्ट पर पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से कार्यक्रम स्थल पर आए। 20 मिनट



तक चले संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि यूपी की 25 करोड़ जनता की तरफ से बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी जा रही राहत सामग्री मानवीय संवेदना की कड़ी है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश विकास के पायदान पर आगे बढ़ रहा है। आपदा आती है, लेकिन उससे निपटने के लिए तुरंत राहत कार्य शुरू किया जाता है। ऐसे में अगर समाज और विभिन्न संगठन भी खड़े हो जाएं तो बेहतर परिणाम दे सकते हैं। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बादल फटने की काफी घटनाएं हुई हैं, जिसे देखते हुए इन राज्यों को आर्थिक मदद भी दी गई। पीड़ितों की मदद के लिए सहारनपुर, लखनऊ और बलिया भी तैयार है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ सबसे बड़ी पीड़ा रही है, लेकिन इस बार निचले स्तर पर ही जलभराव हुआ है। सहारनपुर, बागपत, गौतमबुद्धनगर या उन जनपदों में जहां से यमुना नदी जा रही है, गंगा जी के मुहाने पर बिजनौर से लेकर बलिया तक हर जिले में पुख्ता व्यवस्था की गई है। बाणगंगा और हिंडन समेत तमाम नदियों में पानी ओवरफ्लो होने के कारण जहां भी हानि हुई है, वहां पर सरकार ने तत्काल राहत सामग्री पहुंचाने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में जिन किसानों की फसल बाढ़ की चपेट में आई है, उनका सर्वे शुरू कर दिया गया है। जल्दी ही सर्वे की रिपोर्ट मिल जाएगी। इसके बाद पीड़ित किसानों को मुआवजा राशि दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के साथ बातचीत में भी यही जानकारी दी।

### पीड़ित परिवारों को मिलेगी राहत: प्रदेशाध्यक्ष

प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि यूपी सरकार उन पीड़ितों के साथ हर समय खड़ी है, जो आज बाढ़ जैसी विपदा झेल रहे हैं। इसी क्रम में यह राहत सामग्री और सहायता राशि भेजी जा रही है, जिससे पीड़ित परिवार को राहत मिलेगी। पीड़ितों को राहत देने के उद्देश्य से ही आज हम सब यहां पर इकट्ठा हुए हैं।

## थराली में आपदा का जायजा लेने पहुंची केंद्रीय टीम, एरियल सर्वे और स्थलीय निरीक्षण कर ली क्षति की विस्तृत रिपोर्ट

- 115 करोड़ रुपये से अधिक की क्षति, सबसे ज्यादा नुकसान सड़कों को
- राजकीय पॉलिटेक्निक कुलसारी में किया नुकसान का आकलन
- एक युवती की मौत, एक व्यक्ति लापता, 50 से अधिक दुकानें क्षतिग्रस्त
- डीएम संदीप तिवारी ने प्रस्तुत की विभागवार क्षति की रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस। चमोली**

चमोली जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के लिए सोमवार को केंद्र सरकार की अंतर मंत्रालयीय टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। टीम ने सबसे पहले थराली ब्लॉक के आपदा



प्रभावित गांवों का दौरा किया और वहां स्थानीय प्रशासन से मुलाकात कर जमीनी हकीकत की जानकारी ली। इसके साथ ही चेपड़ो, नंदानगर, कर्णप्रयाग और जोशीमठ जैसे इलाकों का एरियल सर्वे भी किया गया। टीम ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, कुलसारी में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी से आपदा से हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। डीएम ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए बताया कि जिले में अतिवृष्टि और भूस्खलन के कारण कुल 115 करोड़ रुपये से अधिक की क्षति हुई है। उन्होंने बताया कि आपदा में सबसे अधिक नुकसान लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़कों को हुआ है। कई संपर्क मार्ग टूट गए हैं जिससे ग्रामीणों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है। हालांकि थराली क्षेत्र में जनहानि अपेक्षाकृत कम रही। आपदा में एक युवती की मौत हुई है, जबकि एक व्यक्ति अभी भी लापता है। प्रभावित क्षेत्रों में कई परिवारों के मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गए हैं। वहीं 50 से अधिक दुकानें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे स्थानीय लोगों के सामने रोज़गार और जीवन-यापन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। डीएम तिवारी ने विभागवार क्षति का ब्यौरा टीम के सामने रखा और कहा कि राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए केंद्र सरकार से शीघ्र सहायता की आवश्यकता है। केंद्रीय टीम ने सभी जानकारियों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि रिपोर्ट तैयार कर जल्द ही केंद्र को भेजी जाएगी, ताकि चमोली जिले को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

## पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ ने मांगा दिल्ली में 'उपयुक्त' सरकारी बंगला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पद से इस्तीफा देने के लगभग डेढ़ महीने बाद अपनी पात्रता के अनुसार उपयुक्त सरकारी बंगला मांगा है। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि टाइप-8 बंगले के हकदार पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ ने करीब 10 दिन पहले केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर उपयुक्त सरकारी आवास की मांग की। पिछले हफ्ते, पूर्व उपराष्ट्रपति वीपी एन्क्लेव से दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित इनेलो नेता अभय चौटाला के एक निजी फार्महाउस में चले गए। सूत्रों ने बताया कि आवास व शहरी मामलों के



मंत्रालय ने अभी तक पूर्व उपराष्ट्रपति के लिए कोई बंगला आवंटित नहीं किया है। इस पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। लुटियंस दिल्ली में 34, एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर टाइप-8 का एक बंगला रहने के लिए तैयार है। यह उन्हें आवंटित किया जा सकता है, लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। बताया गया है कि अगर धनखड़ इस बंगले में रहने से मना करते हैं, तो मंत्रालय उन्हें कोई और आवास दे सकता है। धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके अचानक इस्तीफे ने सभी को चौंका दिया था। उपराष्ट्रपति के रूप में धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त, 2027 को समाप्त होना था। अधिकारियों ने बताया कि धनखड़ तीन पेंशन के हकदार हैं... पूर्व उपराष्ट्रपति, पूर्व सांसद और राजस्थान विधानसभा के पूर्व सदस्य। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में उन्हें कोई पेंशन लाभ नहीं मिलता है। पूर्व राज्यपाल के रूप में उन्हें 25,000 रुपये की मासिक प्रतिपूर्ति के लिए एक सचिवीय कर्मचारी मिल सकता है। पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते धनखड़ लगभग 2 लाख रुपये प्रति माह पेंशन, एक टाइप-VIII बंगला, एक निजी सचिव, एक अतिरिक्त निजी सचिव, एक निजी सहायक, एक चिकित्सक, एक नर्सिंग अधिकारी और चार निजी परिचारकों के हकदार हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति के निधन के बाद उनके जीवनसाथी को एक छोटा टाइप-VII घर मिलता है। धनखड़ इस्तीफे के बाद उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए की ओर से सी. पी. राधाकृष्णन का मुकाबला विपक्ष के उम्मीदवार और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी से है।

## प्रदेश में 28 आईपीएस अधिकारियों के तबादले, राजीव सबरवाल बने डीजी प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

राज्य सरकार ने सोमवार को 26 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। मुरादाबाद स्थित बीआर अंबेडकर पुलिस अकादमी के एडीजी राजीव सबरवाल को पर प्रोन्नत होने के बाद डीजी प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण बनाया गया है। उनके पास पुलिस अकादमी का अतिरिक्त कार्यभार भी रहेगा। वहीं मुरादाबाद पीटीएस के एडीजी ए. सतीश गणेश को एडीजी यातायात एवं सड़क सुरक्षा निदेशालय बनाया गया है। इसके अलावा हाल ही में पीपीएस से आईपीएस कैडर में प्रोन्नत हुए कई अधिकारियों को पद के मुताबिक तैनाती प्रदान की गई है। इसके अलावा एडीजी यातायात के. सत्यनारायण को भ्रष्टाचार निवारण संगठन भेजा गया है।

## मऊ से विधायक अब्बास अंसारी की विधायकी बहाल, विधानसभा सचिवालय से आदेश जारी

**जन एक्सप्रेस। मऊ**

माफिया मुख्तार अंसारी के बड़े बेटे और मऊ से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक रहे अब्बास अंसारी की विधानसभा की सदस्यता बहाल कर दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे ने उनकी सदस्यता बहाली का आदेश जारी कर दिया। बता दें कि मऊ से विधायक अब्बास अंसारी को स्थानीय अदालत ने बीती 31 मई को फौजदारी के मुकदमे में दो वर्ष की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। वहीं अब्बास ने स्थानीय अदालत के फैसले पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दाखिल की थी, जिसके बाद न्यायालय द्वारा उनकी सजा को निलंबित करने का आदेश दिया गया था। हाईकोर्ट द्वारा बीती 20 अगस्त को दिए गए आदेश के अनुपालन में विधानसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता बहाली की अधिसूचना जारी कर दी है। हालांकि इससे अब्बास की मुश्किलें अभी कम नहीं हुई हैं। उनके खिलाफ कई मुकदमों की सुनवाई जारी है।



### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दी थी राहत

अब्बास अंसारी ने इस फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को निरस्त कर दिया था।

## ब्रिक्स सम्मेलन में विदेश मंत्री जयशंकर बोले, आर्थिक व्यवहार निष्पक्ष और पारदर्शी होने चाहिए

- विश्व को टिकाऊ व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रचनात्मक और सहयोगात्मक दृष्टिकोण की जरूरत है: जयशंकर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को वर्चुअल ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज दुनिया की स्थिति वास्तविक चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि विभिन्न वैश्विक चुनौतियों के सामने बहुपक्षीय प्रणाली दुनिया की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में विफल होती दिख रही है। जयशंकर ने कहा, इतनी सारी गंभीर चुनौतियां यदि अनसुलझी रह जाएं, तो इसका असर वैश्विक व्यवस्था पर पड़ना स्वाभाविक है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में दुनिया एक स्थिर और पूर्वानुमेय वातावरण चाहती है, ताकि व्यापार और निवेश सुरक्षित तरीके से आगे बढ़ सके। विदेश मंत्री के अनुसार, इस समय की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि अंतरराष्ट्रीय प्रणाली प्रभावी ढंग से काम करे और वैश्विक चुनौतियों का समाधान कर सके। वर्चुअल ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, भारत का दृढ़ विश्वास है कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रणाली के खुले, निष्पक्ष, पारदर्शी और गैर-भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण जैसे मूलभूत सिद्धांतों की रक्षा की जानी चाहिए। जयशंकर ने कहा, जब कई व्यवधान हों, तो हमारा उद्देश्य उसे ऐसे झटकों से बचाना होना चाहिए। इसका मतलब है कि अधिक लचीली, विश्वसनीय, अतिरिक्त और छोटी आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि विश्व को टिकाऊ व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रचनात्मक और सहयोगात्मक दृष्टिकोण की जरूरत है। उन्होंने कहा, बाधाएं बढ़ाने और लेन-देन को जटिल बनाने से कोई मदद नहीं मिलेगी। न ही व्यापार उपायों को गैर-व्यापारिक मामलों से जोड़ने से कोई मदद मिलेगी। विदेश मंत्री ने कहा कि



ब्रिक्स अपने सदस्य देशों के बीच व्यापार प्रवाह की समीक्षा करके खुद की एक मिसाल कायम कर सकता है। जहां तक भारत का सवाल है, हमारे कुछ सबसे बड़े घाटे ब्रिक्स भागीदारों के साथ हैं। हम शीघ्र समाधान के लिए दबाव बना रहे हैं। हमें उम्मीद है कि यह अहसास आज की बैठक के निष्कर्षों का हिस्सा होगा। यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह चीन के साथ भारत के बढ़ते व्यापार घाटे के बीच आई है। जयशंकर ने कहा, अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रणाली खुले, निष्पक्ष, पारदर्शी, गैर-भेदभावपूर्ण, समावेशी, न्यायसंगत और विकासशील देशों के लिए विशेष और विभेदक व्यवहार के साथ नियम-आधारित दृष्टिकोण के मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित है। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा ने वॉशिंगटन की व्यापार एवं टैरिफ नीतियों की वजह से हुए व्यापार व्यवधानों पर चर्चा के लिए यह शिखर सम्मेलन आयोजित किया। शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ब्रिक्स के कई अन्य नेता उपस्थित रहे। जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतिनिधित्व किया।

### बहुपक्षीय व्यवस्था दुनिया के लिए विफल होती दिख रही है: विदेश मंत्री

विदेश मंत्री ने कहा कि आज दुनिया की स्थिति वास्तविक चिंता का विषय है। उन्होंने कोविड महामारी के विनाशकारी प्रभाव, यूक्रेन और मध्य पूर्व में बड़े संघर्षों, व्यापार और निवेश प्रवाह में अस्थिरता और चरम जलवायु घटनाओं को पिछले कुछ वर्षों में दुनिया के सामने आई कुछ प्रमुख चुनौतियों के रूप में सूचीबद्ध किया। जयशंकर ने कहा, इन चुनौतियों के सामने, बहुपक्षीय व्यवस्था दुनिया के लिए विफल होती दिख रही है। इतने सारे गंभीर तनावों को अनदेखा किया जाना स्वाभाविक रूप से वैश्विक व्यवस्था पर पड़ने वाले परिणामों को दर्शाता है।

## पूरे प्रदेश की अवैध पटाखा फैक्टरियों के खिलाफ चलेगा अभियान
## डीजीपी ने दिए निर्देश, होगी वीडियोग्राफी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

डीजीपी राजीव कृष्ण के निर्देश पर प्रदेश में अवैध पटाखा फैक्टरियों व गोदामों में विस्फोट की घटनाओं की रोकथाम के लिए रविवार से 15 दिन का विशेष अभियान शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन फैक्टरियों को लाइसेंस दिया गया है उन सभी का निरीक्षण संबंधित क्षेत्राधिकारी, एसडीएम, थाना प्रभारी और अग्निशमन सेवा की संयुक्त टीम करे। उन्होंने मातहतों को निरीक्षण की वीडियोग्राफी कराने के साथ ही दस्तावेजों के सत्यापन के भी निर्देश दिए हैं। कहा, आकस्मिक आग की दुर्घटनाओं, खासकर रासायनिक आग



से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक निरीक्षण में दुर्घटनाओं के समय काम करने वाले कर्मचारियों और प्रबंधन की तैयारियों की भी गहनतापूर्वक जांच करने को कहा है। कहा, निरीक्षण में बाल श्रम पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करें। किसी भी अवैध कारखानों, भंडारण, अवैध विक्रय, परिवहन की जानकारी के लिए राजस्व अधिकारियों, संबंधित थाना और स्थानीय सूचना इकाई से गोपनीय रूप से जानकारी जुटाते रहें। साथ ही उनके खिलाफ केस दर्ज कराके उन्हें बंद कराएं। पटाखों के भंडारण और बिक्री उनके लाइसेंस एवं अनुमति के आधार पर निर्धारित स्थानों पर ही हो। किसी भी सूरत में आबादी और बाजार में दुकानें नहीं लगाने दी जाएं। उन्होंने यह हिदायत भी दी कि छोटे एवं पार्ट टाइम विक्रेताओं को जांच के दौरान अनावश्यक परेशान न किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अभियान के बाद भी भविष्य में कहीं पर यदि आग, विस्फोट जैसी कोई घटना होती है तो संबंधित चौकी प्रभारी, बीट प्रभारी, थाना प्रभारी और वरिष्ठ अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में नव चयनित 12 कनिष्ठ लिपिकों को मिले नियुक्ति-पत्र

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 1,112 कनिष्ठ सहायक एवं 22 एक्स-रे टेक्नीशियन को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इसी क्रम में सोमवार को जनपद में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में नव चयनित 12 कनिष्ठ लिपिकों को कलेक्टरेट सभागार में नियुक्त पत्र का वितरण किया गया।

साथ ही लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में नव चयनित 12 अभ्यर्थियों अंकित सोनी, अनूप सिंह, आशीष कुमार, अविनाश सिंह, भूपेंद्र कुमार, दीपक कुमार पटेल, ज्ञानेंद्र सिंह, जयप्रकाश सिंह, नेहा पटेल, निखिल सिंह, राघवेंद्र सिंह व श्रवण कुमार को जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने नवचयनित अभ्यर्थियों शुभकामनाएं दीं और कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी तथा समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि यह नियुक्तियां संस्थान की कार्य क्षमता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नई प्रतिभाओं के जुड़ने से संस्था को नई ऊर्जा और नया दृष्टिकोण प्राप्त होगा। जनप्रतिनिधियों ने भी नव चयनित कनिष्ठ सहायकों को बधाई देते हुए कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदारी भाव से काम करने की सलाह दी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कर्वी नरेंद्र गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधीक्षक शैलेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की सफलता के लिए लिया गया संकल्प, बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



धर्मनगरी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में माता भगवती देवी शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की महा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 500 से अधिक महत्वपूर्ण प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें यज्ञ व्यवस्था समिति, केंद्रीय समिति, संयोजक समिति सहित अन्य समितियों व प्रतिनिधियों ने यज्ञ को सफल बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुये कहा कि माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी चित्रकूट के लिए और भी महत्वपूर्ण हैं। यहाँ माता ने महाप्रयाण की घोषणा की थीं। साथ ही 1994 यहां अश्वमेध महायज्ञ का आयोजन किया था, जिसमें 25 लाख लोग शामिल हुए थे। इसी यज्ञ में माता ने इस धरती से जाने और आगे के मिशन के भविष्य की बात रखी थीं। इस दौरान आगामी दिसम्बर माह में आयोजित होने वाले 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की व्यवस्था को लेकर चर्चा करते हुए यज्ञ को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब के अध्यक्ष केशव शिवहरे, राष्ट्रीय प्रतिष्ठान नरेन्द्र मोदी विचारमंच के अध्यक्ष मोहन लाल पाटीदार, उप जोन समन्वयक रामशंकर द्विवेदी, अध्यक्ष लोकभारती डॉ रजनीश सिंह, जिला समन्वयक विशेन सिंह, जिला संयोजक जितेन्द्र सिंह, सल्लू गुप्ता, एलडी सिंह, भवानीदीन यादव, अशोक दीक्षित, एलपी तिवारी, कमलेश तिवारी, रामचंद्र गुप्ता, रामप्रकाश खरे, डॉ महेन्द्र सिंह तोमर, कुश श्रीवास्तव, जमुना प्रसाद, विज्ञान चंद्र विश्वकर्मा, डॉ संतोष मिश्रा, डॉ प्रमिला मिश्रा, कमल सिंह, के त्रिपाठी, सुधा तिवारी, निधि पाण्डेय, विमला सिंह, अखिलेश निगम, राधेश्याम त्रिपाठी, अनीता सिंह, रामजानकी शुक्ला, अतुल तिवारी, बृजेश त्रिपाठी, विवेक श्रीवास्तव, पुष्पा शर्मा, श्रवण गुप्ता, रामशरण शास्त्री, प्रमोद पटेल, शिवम मिश्रा, पं दिनेश, सविता शिवहरे, प्रीति गुप्ता, डॉ नरेश कुमार, गायत्री यादव, विमला पाण्डेय, रामसागर चतुर्वेदी, राजकुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में चला विशेष सघन बैंक चेकिंग अभियान

- बैंक परिसर, बैंकों/एटीएम के आसपास की गई संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग
- एटीएम/बैंक शाखाओं की चेकिंग कर सुरक्षा उपकरणों आदि को किया गया चेक

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों और उसके आसपास के क्षेत्रों से होने वाली घटनाओं- लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी को नियंत्रित करने के लिए दिनांक 8सितम्बर को जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा एटीएम/बैंक शाखाओं को चेक किया गया।चेकिंग के दौरान एटीएम/बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया गया एवं 24 घण्टे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस द्वारा बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों से वार्ता कर उन्हे बैंक का कार्य सुचारू रुप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।पुलिस द्वारा बैंक सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो ताकि सड़क पर आने जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो । इस दौरान एटीएम/बैंकों के आसपास टहल रहे संदिग्ध व्यक्तियों तथा संदिग्ध रुप से खडे वाहनों की भी चेकिंग कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई।

# बाल विकास विभाग के तीन सुपरवाइजर का रोका गया वेतन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला पोषण समिति की बैठक सोमवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के अनुपस्थित रहने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही बाल विकास विभाग की विभिन्न बिंदुओं पर प्रगति खराब पाए जाने पर सुपरवाइजर कर्वी रंजन सिंह तथा सुशीला देवी का भी वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके अलावा सुपरवाइजर पहाड़ी आशा सिंह के खिलाफ चार्ज शीट बनाकर शासन को भेजने व वेतन रोकने तथा सुपरवाइजर पुष्पा सिंह के खिलाफ मेडिकल पैनल बनाकर जांच कर कार्यवाही कराने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी पीड़ी विश्वकर्मा को दिए। सीडीओ ने पोषण समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी व प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि 12 सितम्बर से 11 अक्टूबर तक चलने वाले पोषण अभियान माह सितम्बर के तहत शासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखकर कार्य कराएं। कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प, सक्षम केंद्र चयन आदि के कार्यों की अलग से बैठक कराएं। बाल विकास परियोजना अधिकारी, खंड विकास अधिकारी को टीएचआर प्लांट का निरीक्षण व पोषाहार की जांच करने तथा डीसी एनआरएलएम एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को समय से भुगतान कराने के निर्देश दिए। पंजीकृत सैम बच्चों को शत-प्रतिशत पोषण ट्रैकर पर संदर्भित कराने तथा जीरो से छह माह के जो बच्चों का चेहरा प्रमाणीकरण कराने के निर्देश दिए। कहा कि जो आंगनबाड़ी कार्यकत्री सही से कार्य नहीं कर रही है, उनको नोटिस दिया जाए। बाल विकास परियोजना अधिकारियों को सही से कार्य कराने और भुगतान के लिए निर्देशित किया।

# पाक्सो व नाबालिग की हत्या में तीन माह बाद आरोपी को फांसी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



आपको बताते चलें कि मामला जिले के चिल्ला थाना क्षेत्र के चकला गांव के रहने वाला आरोपी सुनील कुमार निषाद पुत्र लोटन ने बीते तीन माह पूर्व एक 3 वर्षीय नाबालिग के साथ बालात्कार कर उसकी हत्या कर दी थी।और लाश जंगल में छिपा दी थी। पीड़िता के पिता ने शक के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था और पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए।आरोपी को गिरफ्तार कर सारी घटना व पीड़ित नाबालिग की लाश भी बराबद की थी।मामला विशेष न्यायालय पाक्सो न्यायाधीश प्रदीप कुमार मिश्रा की कोर्ट में चला। जहां पीड़ित नाबालिग के सरकारी अधिवक्ता शिवपूजन,कमल गौतम व विजय बहादुर सिंह परिहार ने की और आरोपी के पक्ष के अधिवक्ता विधिक सेवा प्राधिकरण मूलचंद कुशवाहा ने बचाव पक्ष लिया लेकिन मुक़दमे की तत्वरित कार्यवाही करते हुए आज न्यायाधीश प्रदीप कुमार मिश्रा ने आरोपी को फांसी की सजा सुनाई।

फोटो न0-1

## एक सप्ताह तक प्रभावित रहेगी जलापूर्ति

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण आशीष कुमार भारती ने बताया कि बरगढ़ ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत पश्चिम पताई इन्टेक वेल में तीन मोटर पम्प अधिष्ठापित है, जिनका रूटीन मेन्टीनेंस का कार्य प्रगति पर है। बताया कि यमुना नदी के जल स्तर बढे होने के कारण मरम्मत के कार्य में लगभग एक सप्ताह का समय लग सकता है। जिससे नौ सितम्बर से आगामी 16 सितम्बर तक योजना के सम्बन्धित ग्राम पंचायतों (सेमरा, कोटवा माफी, मनका छितैनी, बरगढ, कोल मजरा, डोडिया माफी, कोनिया, तुरगवां, खोहर, गोईया खुर्द, मुरका, बोझ, कटैया डांडी, गाहुर, हरदीकला, ओबरी, कलचिहा) में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

## तुलसी स्मारक में रहेगा परिषद का स्वामित्व

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि तुलसी स्मारक परिसर राजापुर के अन्तर्गत अधिग्रहण के माध्यम से अर्जित की जाने वाली समस्त भूमि पर स्थित मन्दिर, भवन, दुकान, गेस्ट हाउस एवं पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों सहित सृजित की गयी समस्त सम्पत्तियों का रख-रखाव व स्वामित्व उत्तर प्रदेश श्री चित्रकूटधाम तीर्थ विकास परिषद का होगा। बताया कि यदि भविष्य में इस विषय पर न्यायालय द्वारा कोई प्रतिकूल आदेश पारित होता है, तो तदनुसार अनुपालन किया जायेगा।

## जिम्मेदारी और जवाबदेही से बचने की प्रवृत्ति समाज के लिए घातक

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला मुख्यालय स्थित सर्वोदय सेवा आश्रम में सोमवार को लोकनीति विचार मंच बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक न्याय, राजस्व न्याय और जलवायु न्याय के मुद्दों पर चर्चा करते हुए सुधार के लिए प्रयास करने का निर्णय लिया गया।

# दंगल में पहलवानों ने किया शानदार कुश्ती कला का प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । मानिकपुर, चित्रकूट**



ग्राम पंचायत चंद्रामारा के देवरी तालाब में श्री कृष्ण जल विहार का आयोजन किया गया। साथ ही ईनामी दंगल व भजन संध्या कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित किए गए भण्डारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

श्रीकृष्ण जल विहार व दंगल का यह कार्यक्रम लगभग 65 वर्षो से प्रत्येक वर्ष किया जा रहा है। स्व पंडित राजधर मिश्रा द्वारा शुरु की गई इस परम्परा के क्रम में उनके पुत्र कमलेश मिश्रा एवं विनोद मिश्रा के सहयोग से इस वर्ष श्रीकृष्ण जल विहार, इनामी दंगल व भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

श्री कृष्ण जल विहार के बाद आयोजित किए गए इनामी दंगल में तीन दर्जन से ज्यादा कुस्तिया हुई। इसमें एक जोड़ी महिला पहलवानो की भी कुश्ती हुई। दंगल में झांसी, हमीरपुर, वाराणसी, कानपुर, बाँदा के अलावा क्षेत्रीय पहलवानो ने कुश्तिया लड़ी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस टीम भी मौजूद रही। दंगल मे विजयी पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य पहलवानो को भी सात्वना पुरस्कार दिया गया। इसके बाद भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान जगमोहन, समाजसेवी गरुण मिश्रा, ध्रुव मिश्रा, मृगेंद्र मिश्रा, कैलाश मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, डॉ एमएम पाण्डेय, अशोक मिश्रा, मनु मिश्रा, बद्री पाण्डेय, शिव प्रसाद, सीताराम बड़गईया, बुद्दा यादव, रामजी पटेल, चंद्रपाल शुक्ला, सुभाष शुक्ला, नरेश यादव, दिलीप पटेल, शंकर्षण द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# अधिकारी आई हुई शिकायतों का मौके पर जाकर बेहतर तरीके से समय पर डिस्पोजल करें : डीएम

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनसुनवाई के दौरान आई शिकायतों को सुनकर जिम्मेदार अधिकारियों को मिली शिकायतों का बेहतर तरीके के साथ ही वख्त पर डिस्पोजल करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान करीब 90 शिकायते आई, जिनमें ज्यादातर शिकायतों का जिलाधिकारी ने बेहतर तरीके से मौके पर निपटारा कर दिया। जबकि बाकी शिकायतों के डिस्पोजल के लिये जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम, खंड विकास अधिकारी सहित जिम्मेदारों को वर्चुअल और जूम एप के जरिये बैठक कर शिकायतों के डिस्पोजल के लिये निर्देशित किया। साथ ही कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ और जिम्मेदार अधिकारी नियमित तौर से अपने आफिस में जनसुनवाई कर लोगों की शिकायतों का बेहतर तरीके से वख्त पर डिस्पोजल करें, इसमें किसी तरह किसी लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस सहित दूसरे तरीके से मिलने वाले मामलों का सभी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर जाकर बेहतर तरीके से डिस्पोजल कर वक्त पर रिपोर्ट भेजें।

# गणेश भवन में आयोजित हुआ राष्ट्रीय कवि व साहित्य सम्मेलन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



नूतन बाल समाज द्वारा गणेश भवन में आयोजित श्री गणेश महोत्सव के अंतिम दिन कवियों, शायरों व साहित्यकारों ने अपनी अपनी कवितायेँ,गजल व गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की शुरुआत कवित्री ममता वाणी ने सरस्वती वंदना **माँ तेरी जय हो माँ तेरी जय हो,तेरी कृपा से सबकी विजय हो** से की। तत्पश्चात उरई से पधारे कवि वीरेंद्र तिवारी ने देश की अजड़ी पर आधारित कविता प्रस्तुत करते हुए सुनाया भगत सिंह की कुरवानी ने क्रांति की ऐसी ज्योति जगाई, लाखों हुए शहीद यहाँ, तब यह आजादी मिल पाई। धौलपुर राजस्थान से आये उच्च कवि रामबाबू सीकरवाल ने आपरेशन सिन्दूर पर अपनी बहुत ही सुन्दर रचना पेश करते हुए सुनाया **पाला था पाक ने जो भ्रम सब दूर हो गया, जेहादियों का सपना चूर हो गया। आतंकी अड्डे बेटियों ने ध्वस्त कर दिए, आपरेशन अपना सफल सिन्दूर हो गया** व्यंग कवि प्रदीप दिलुहिया चरखारी ने अपनी प्रस्तुति में कहा चाहते हो जीवन को सफल बनाना तो, पत्नी की हाँ में हाँ मिलाते चले जाइये। वह दिन को कहे जो रात दूध को कहे भात, सहमति में शीश को हिलाते चले जाइये। कवि अर्जुन सिंह चाँद झाँसी ने सुनाया आप आगे हैं आगे ही रहिये, मगर हैं जो पीछे उन्हें रास्ता दीजिये। अख्तर जलील ललितपुर ने कलाम पेश करते हुए कहा कि पहले से भी ज्यादा चमकदार हो गया, सोना तेरे गले से लगा हार हो गया। मैंने दुआ में माँगी थी आँखों की रोशनी, हैरान हूँ आपका दीदार हो गया।अतुल बाजपेई लखनऊ ने सुनाया बल बुद्धि पराक्रम के सागर जिनके आयुष धनुसायक हैं वह पुरुषोत्तम भारत गौरव प्रभु राम हमारे नायक हैं। हरि बहादुर हर्ष प्रतापगढ़ ने सुनाया **घर-घर में अफजल निकलेंगे. तो हम क्या चुप धरेंगे, हम राणा के वंशज हैं हम घर में घुस कर मारेंगे।** अयोध्या से पधारे कवि जमुना प्रसाद उपाध्याय ने सुनाया कि **नदी के घाट पर गर सियासी लोग बस जाएँ तो प्यासे होंठ इक बूँद पानी को तरस जाएँ।** कवि सम्मेलन में देर रात तक महफिल सजी रही।सभी कवि, साहित्यकार व शायर रात भर वाहवाही लूटते रहे। इस अवसर पर नरैनी विधायक ओममणि वर्मा,भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक अशोक त्रिपाठी जीतू, अशोक कुमार अवस्थी, मंत्री निखिल सक्सेना, प्रबंधक सत्यदेव त्रिपाठी, उत्तम सक्सेना, नीरज त्रिपाठी, विजय ओमर, मयंक सर्राफ, दंतू पंत गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## गोस्वामी तुलसीदास महाविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के बेडीपुलिया स्थित गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार पाल ने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम (बीए, बीएस-सी, बीकाम) एवं परास्नात पाठ्यक्रम (हिन्दी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र तथा राजनीति विज्ञान) में प्रवेश प्रारम्भ कर दिये गये हैं। बताया कि प्रवेश के लिए जिन अभ्यर्थियों ने समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया है और गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का चयन किया है। ऐसे सभी अभ्यर्थी महाविद्यालय आकर अपना प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश के समय कंसेण्ट स्वीकर करने के लिए अभ्यर्थियों के समर्थ एकाउण्ट में महाविद्यालय द्वारा लिंक भेजा जायेगा। जिसे स्वीकार करते हुए ई-मेल में प्राप्त ओटीपी के द्वारा सत्यापित कर अपना प्रवेश कंफर्म करा सकते हैं। अतः सभी अभ्यर्थियों की ई-मेल आईडी एवं समर्थ एकाउण्ट का मोबाइल पर एक्सेस होना चाहिए। बताया कि प्रथम चरण में बीए में प्रवेश के लिए इण्टरमीडिएट में 65 प्रतिशत या अधिक अंक, बीएससी के लिए 75 प्रतिशत या अधिक अंक होने चाहिए तथा बीकाम व एमए में पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर सीटों में प्रवेश दिया जाएगा।

# 25 सितम्बर तक किया जाएगा नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आवश्यक वस्तुओं का वितरण 10 से 25 सितम्बर तक किया जाएगा। बताया कि खाद्यान्न वितरण में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहूं, 21 किग्रा चावल (कुल 35 किग्रा खाद्यान्न) तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट दो किग्रा गेहूं तथा तीन किग्रा फोर्टिफाइड चावल (कुल पांच किग्रा खाद्यान्न) का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके अलावा अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड त्रैमास जुलाई से सितम्बर के सापेक्ष तीन किग्रा चीनी 18 रूपए प्रति किलो ग्राम की दर से कुल 54 रूपए में वितरित की जाएगी, जो कार्ड धारक अपनी मूल दुकान से ही प्राप्त कर सकेंगे।

बताया कि आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न करने वाले कार्डधारकों को वितरण की अन्तिम तिथि 25 सितम्बर को मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने सभी उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि सभी कार्डधारकों को बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण के बाद तत्काल उसी समय अनुमन्य मात्रा में राशन सामग्री उपलब्ध कराएं। बताया कि वितरण व्यवस्था के सुचारू एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के द्वारा नामित किये गये नोडल अधिकारी तथा पूर्ति निरीक्षकों द्वारा निरन्तर चेकिंग कर नियमानुसार वितरण कराया जायेगा।

# बांदा रोटी बैंक सोसाइटी ने 50 टीबी रोगियों को गोद लेकर वितरित की पोषण किटें

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




सोमवार को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निःक्षय मित्र बनकर क्षय रोगियों को गोद लेकर टीबी मुक्त अभियान में सहयोगी बनकर बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक जनाब शेख़ सऊद उद जमा साहब और सह संरक्षक चंद्रमौलि भारद्वाज साहब, अरुणेश सिंह के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संगठन मंत्री सुनील सक्सेना की अध्यक्षता में रिज़वान अली संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष बाँदा रोटी बैंक के नेतृत्व में,संरक्षक शेख़ सऊद उज़ जमा साहब के सहयोग से 50 पोषण किट 50 टी0बी0 के मरीजों बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों को गोद लेकर सभी मरीजों को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी जे0रीभा,मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजेन्द्र सिंह की उपस्थिति में वितरित की गईं।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विजेन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सरकार ने 2025 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य रखा है लक्ष्य को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करने के लिए बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों/सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने 50 टीबी रोगियों को गोद लेकर उनको पोषण किट वितरण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।उन्होंने कहा की टीबी भले ही जानलेवा बीमारी हो लेकिन अब इसका इलाज बुखार जैसा ही है अगर खांसी बुखार,पसीना आना,सीने में दर्द,बलगम में खून और शरीर में गांठ जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत सरकारी अस्पताल जाकर उसकी जांच कराएं और पुष्टि होने पर नियमित इलाज लेना आरंभ कर दें ताकि बीमारी जड़ से खत्म हो जाए।मंदिरों में घंटी बजाने से अच्छा है कि वहीं जिला गरीब,असहाय,जरूरतमंद,मरीजों की हर संभव मदद करें! क्योंकि ÷नर सेवा ही नारायण सेवा है÷।असली ईश्वर की पूजा यही है।जो आज मुझे बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के रूप में दिखाई दी है। वहीं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0अजय कुमार ने बताया कि टी बी ÷जानलेवा नहीं है अब टीबी रोग का इलाज संभव है÷।टीवी मरीजों के लिए केंद्र और राज्य सरकार हर माह ?1000/रु का पोषण अनुदान देती है 6 माह दवा खाकर टीबी की बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है।



**आधार मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र...**

बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि आधार, मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र है, लेकिन इसे नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता। सोमवार को बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले पर सुनवाई के... ➤ पढ़ें पेज 12 पर...

# जिस्म के धंधे का काला सच उजागर
# अब पत्रकार पर जान का संकट

- आलमबाग का स्पा सेंटर बना देह व्यापार का अड्डा, खुलासे के बाद मिली जान से मारने की धमकियां

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी में जिस्मफरोशी का काला कारोबार बेखौफ चल रहा है और जब जन एक्सप्रेस ने इसका चेहरा बेनकाब किया तो कलम की ताकत पर हमला बोल दिया गया। आलमबाग इलाके में डिलाइट यूनिसेक्स स्पा एंड सैलून (दुकान संख्या 16 सी/18सी, सिंडडेम्प योजना, एलडीए मार्केट) के भीतर देह व्यापार का खुलासा करने वाले पत्रकार को अब जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां मिल रही हैं। फोन और व्हाट्सऐप पर लगातार धमकियां मिल रही हैं। धमकी देने वाला कोई और नहीं बल्कि वही विजय तिवारी है, जो




इस गंदे धंधे का मुख्य सौदागर बताया जा रहा है। विजय तिवारी खुलेआम डींगे हांक रहा है कि वह पत्रकारों को झूठे मामलों में फंसा देगा। सवाल है– आखिर उसे ये दुस्साहस कौन दे रहा है?

### खुलासा जिसने हिला दी सत्ता–प्रशासन की जड़ें

जन एक्सप्रेस ने जब आलमबाग स्पा सेंटर का काला सच उजागर किया तो शहरभर में आक्रोश फैल गया। लोगों ने सवाल उठाए कि मसाज पार्लर की आड़ में कैसे देह व्यापार का जाल बिछा दिया गया। पर जैसे ही यह सच सामने आया, माफिया बौखला उठे और अब पत्रकारों को डराने-धमकाने पर उतर आए हैं।



जिस्म का सौदागर विजय तिवारी

### इम्तहान अब प्रशासन का

अब निगाहें प्रशासन और पुलिस पर टिकी हैं। जनता पूछ रही है–क्या माफियाओं के आगे राज्य झुकेगा या अपराधियों के हौसले तोड़े जाएंगे? यह सिर्फ एक पत्रकार की लड़ाई नहीं, बल्कि हर उस नागरिक की जंग है जो सच और न्याय के साथ खड़ा है।

### लोकतंत्र की कलम पर हमला

यह सिर्फ एक पत्रकार पर हमला नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आवाज दबाने की साजिश है। जिस्मफरोशी के अड्डों पर परदा डालने के लिए अपराधी अब कलम को चुप कराना चाहते हैं। प्रशासन की चुप्पी ने भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं–क्या इन माफियाओं की जड़ें इतनी गहरी हैं कि पुलिस और अफसर भी हाथ बांधे खड़े हैं?

# लखनऊ बीकेटी में भाजपा पार्टी ने पखवाड़ा कार्यशाला का किया आयोजन

- लखनऊ भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न, प्रदेश उपाध्यक्ष हुए शामिल
- भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया मूल मंत्र, बूथों पर जिम्मेदारी से काम करने की जरूरत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




भारतीय जनता पार्टी लखनऊ जिला की सेवा पखवाड़ा को लेकर बख्शी तालाब के श्रीपति लान में कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला की अध्यक्षता लखनऊ भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य द्वारा की गई। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लखनऊ जिले के प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी शामिल हुए और कार्यशाला को संबोधित करते हुए त्र्यंबक त्रिपाठी ने कहा कि, सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक बूथों पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि, 17 सितंबर को बूथों पर सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई की जायेगी।वहीं जिला स्तर पर रक्तदान शिविर लगाकर रक्तदान किया जायेगा और 17 सितंबर को ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा और स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सजीव प्रसारण भी सुना जाएगा आगे उन्होंने कहा कि 18 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा और 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मंडल स्तर पर कार्यकर्ता रक्तदान शिविर लगाकर रक्तदान करेंगे वहीं 25 सितंबर को अंत्योदय के जनक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बूथों पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम होंगे जिसमें कार्यकर्ता बूथ पर एक पेड़ मां के नाम लगाने के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण और बूथ पर कार्यकर्ता के घर भोजन करेंगे वही पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी विषय पर एक दिवस स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। वहीं 2 अक्टूबर को बूथों पर स्वच्छता अभियान चलाकर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर खादी वस्तुओं की खरीद एवं खादी के प्रोत्साहन के लिए प्रचार प्रसार किया जायेगा। कार्यशाला में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए अपने विचार रखें। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश मंत्री वीरेंद्र तिवारी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी, श्री कृष्णा लोधी, पूर्व विधायक चंद्रा रावत, क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह, सेवा पखवाड़ा के संयोजक अरविंद यादव, महामंत्री राजकुमार वर्मा समेत जिले के पदाधिकारी मंडल के अध्यक्ष सेवा पखवाड़ा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के संयोजक एवं मंडलों में सेवा पखवाड़ा के संयोजक एवं सहसंयोजक एवं मंडल अध्यक्ष मौजूद रहें।

# पुलिस ने बाइक चोरी गैंग के दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार






**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- पुलिस ने चोरों के पास से 11 बाइक, 2 इंजन, 3 चेसिस, औजार और नगदी बरामद किए

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के बख्शी का तालाब थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह और इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडेय यादव के नेतृत्व में पुलिस को मिली बड़ी सफ़लता मिली है।वाहन चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश किया। गैंग के दो शातिर अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार किए,लगभग एक दर्जन दो पहिया वाहन, मोटरसाइकिल इंजन और चेसिस बरामद किया। बीकेटी और इटौंजा थाना क्षेत्र से ताबड़तोड़ चोरी हो रही मोटरसाइकिलों को लेकर बीकेटी थाना प्रभारी व इटौंजा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अंतर्जनपदीय गैंग के दो शातिर चोर पकड़े गए। वहीं सोमवार दोपहर बाद इस सम्बन्ध में बीकेटी थाना में हुई प्रेसवार्ता में लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट उत्तरी ज़ोन के एडीसीपी जितेन्द्र कुमार दुबे ने प्रेसवार्ता में बताया कि बीकेटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह और इटौंजा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने शातिर दो मोटरसाइकिल चोरों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। जहां बीरु उर्फ जावेद पुत्र मैकू निवासी मूल पता पूर्वी सिधौली महोळा संतनगर थाना सिधौली जनपद सीतापुर वर्तमान पता ग्राम सैदीपुर थाना लहरपुर, जनपद सीतापुर उम्र करीब 25 वर्ष तथा जान मोहम्मद पुत्र मो यासीन ग्राम मोज्जमपुर, थाना महमूदाबाद, जनपद सीतापुर उम्र करीब 25 वर्ष को चोरी की 11 मोटरसाइकिल के साथ दो मोटरसाइकिल के इंजन, तीन मोटरसाइकिल की चेसिस तथा मोटरसाइकिल खोलने का सामान बरामद किया गया है । पुलिस टीम को चोरों की निशानदेही पर बायोटेक नेटवर्किंग फैसलिटी केन्द्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के बाउंड्री के किनारे झाड़ी के पास थाना क्षेत्र बीकेटी, लखनऊ से उपरोक्त मोटर साइकिलों को बरामद कर गिरफ्तार किया गया। वहीं बरामद 11 मोटरसाइकिल में चार मोटरसाइकिल बीकेटी और इटौंजा थाना क्षेत्र से चोरी हुईं थीं जिसमें मुकदमा दर्ज किया गया था।?शेष बरामद मोटरसाइकिलों के सम्बन्ध में नम्बर के आधार पर उनके मालिकों से सम्पर्क कर जानकारियां प्राप्त की जाएंगी, की उक्त वाहन कहां से चोरी हुए थे और मुकदमा कब दर्ज कराया गया था। पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाई करते हुए जेल भेजा गया है।

## मानसिक विक्षिप्त युवक को लाठी डंडों से जमकर पीटा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मानसिक विक्षिप्त युवक को घर वालों ने लाठी डंडे और राड से पीट पीट कर अधमरा कर दिया परिजन जिसे उपचार के लिए, लखनऊ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है। बताते चलें कि शाद पुत्र इरशाद निवासी ग्राम तिरगामा थाना रहीमाबाद जनपद लखनऊ जो की मानसिक विक्षिप्त है अपने गांव सहित क्षेत्र में इधर-उधर घूमा करता है शुक्रवार रात्रि वह भतोइया गांव पहुंच गया जहां भैया लाल और उनके घर की महिलाओं ने लाठी डंडों से शाद को जमकर मारा पीटा मारपीट का शोरगुल सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो गए ग्रामीणों ने बताया कि मत मारो यह पागल है परंतु हमलावर उसे पीटते रहे ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे हमलावरों के चंगुल से छुड़ाकर उसकी जान बचाई परिजन घायल को उपचार के लिए लखनऊ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया और रहीमाबाद थाने जाकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर ली उधर घायल का अस्पताल में अभी भी उपचार चल रहा है।

# तहसील दिवस में पहुंचे डीएम सुनी फरियाद



- शिकायतों के निस्तारण पर शिथिलता बरतने पर मातहतों के कसे पेंच

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

**मलिहाबाद।** सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम विशाख जी तहसील पहुंचे उन्होंने जनसुनवाई करते हुए बताया सभी विभागों को प्रकरणों का तत्काल गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवाए जाने हेतु सख्त रूप से निर्देशित किया। उन्होंने सहज स्वभाव के साथ फरियादियों की समस्याएं सुनी। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ककरहिया खेड़ा मजरा दिलावर नगर निवासी सुधा ने डीएम से मिलकर लेखपाल की शिकायत की। सुधा ने बताया कि वह कई महीनों से जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील के चक्कर काट रही है। उन्होंने जन सेवा केंद्र से आवेदन करवाया था लेखपाल ने पहले आवेदन को रिजेक्ट कर दिया। उन्होंने मायके से प्रधान प्रतिलिपि प्रमाणित कराकर दोबारा आवेदन करने को कहा। जब सुधा ने दोबारा आवेदन किया तो लेखपाल ने ससुराल से जाति प्रमाण पत्र लाने को कहा और इसके लिए पैसे भी ले लिए।यह सब करने के बाद भी सुधा का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन सका। डीएम विशाख जी के सामने अपनी व्यथा सुनाने पहुंची सुधा ने पूरा घटनाक्रम बताया।डीएम ने लेखपाल को फटकार लगाते हुए मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।वजिदनगर निवासी सुखदेव ने गांव के किनारे बस्ती के करीब होलिका दहन स्थल को दूर हटाने की शिकायत की जिस पर डीएम ने तत्काल अधिकारियों को मौके पर पहुँच होलिका दहन स्थल चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर सीडीओ अजय जैन,एसडीएम अंकित मौर्या,एसीपी,सुजीत कुमार दुबे,तहसीलदार,बीडीओ सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश के दुग्ध सेक्टर में निवेश को प्रोत्साहित कर रही राज्य सरकार

- यूपी प्रतिवर्ष 387 लाख मीट्रिक टन दुग्ध उत्पादन के साथ देश में अव्वल
- दुग्ध सेक्टर में निवेशकों के साथ संवाद एवं समस्याओं के समाधान हेतु राज्य सरकार प्रतिबद्ध
- प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में दुग्ध विकास विभाग का होगा अभूतपूर्व योगदानः धर्मपाल सिंह

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के दुग्ध सेक्टर में निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है। निवेशकों के साथ संवाद एवं उनकी समस्याओं के समाधान हेतु राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। प्रदेश में निवेश का बेहतर माहौल बना है, निवेशकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार का उद्देश्य दुग्ध उद्यमियों एवं निवेशकों से संवाद एवं समन्वय स्थापित करते हुए उत्तर प्रदेश को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाये रखते हुए, दुग्ध उत्पादन बढ़ाना और डेरी सेक्टर को बढ़ावा देना है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश प्रतिवर्ष लगभग 387 लाख मीट्रिक टन दुग्ध उत्पादन के साथ देश में प्रथम स्थान पर है, जो देश के कुल दुग्ध उत्पादन का करीब 16 प्रतिशत है। यूपी में प्रतिदिन 1062 लाख लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है। दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह सोमवार को होटल ताज में उत्तर प्रदेश डेयरी उद्योग विकास एवं संभावनाएं विषयक आयोजित निवेशक कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। कार्यशाला में 60 उद्यमियों,निवेशकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने दुग्ध उद्यमियों के साथ संवाद भी किया और कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने दुग्ध क्षेत्र के समग्र विकास, किसानों की आय बढ़ाने तथा रोजगार के मौके उपलब्ध कराने के लिए कारगर एवं सर्वसमावेशी नीति लागू की है। दुग्ध उद्योग को बढ़ावा देने के लिए निवेशकों को अनुकूल वातावरण, टैक्स छूट, अनुदान एवं अन्य सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प में दुग्ध विकास विभाग का योगदान अभूतपूर्व रहेगा। हमारी योजनाएं, नीति-सुधार और कर-संरचनाएं प्रदेश के दुग्ध सेक्टर को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाएगी।

राज्य सरकार द्वारा नवीन दुग्ध क्षेत्र विकास एवं दुग्ध उत्पादन प्रोत्साहन नीति 2022 के तहत उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन से संबंधित कई सुधार किए गए हैं। नई नीति के तहत नवीन दुग्ध प्रसंस्करण प्लांट या विस्तार हेतु परियोजना व्यय का 35 प्रतिशत अधिकतम 5 करोड़ रूपये तक अनुदान तथा पशु हाउसिंग परियोजना के विस्तार हेतु 2 करोड़ रूपये तक अनुदान का प्रावधान किया गया है। 2018 की नीति के तहत प्रदेश में 22 परियोजनाओं के माध्यम से 106 करोड़ रूपये का निवेश हुआ था, जिससे दुग्ध उत्पादन क्षमता में बढ़ोत्तरी हुई। नई नीति के तहत प्रदेश में 24 परियोजनाओं के माध्यम से 355 करोड़ रूपये का निवेश हुआ है, जिससे उत्पादन क्षमता और बढ़ी है। प्रदेश में प्रतिदिन 531 लाख लीटर दूध का संग्रहण एवं 98 लाख लीटर का प्रसंस्करण हो रहा है। वर्तमान में राज्य में दुग्ध प्रसंस्करण स्तर 19 प्रतिशत है और इसे 2027-28 तक 25 प्रतिशत तक पहुँचाना लक्ष्य है, जिससे अधिक रोजगार सृजन होगा। प्रधानमंत्री ने देशवासियों के हितों के दृष्टिगत जीएसटी दरों की कटौती की है। जिसका फायदा दुग्ध उत्पादों को भी मिला है, इसमें यूएचटी, मिल्क एवं पैक्ड छेना पनीर आदि उत्पादों को पूर्णतः टैक्स-फ्री किया गया है। कार्यशाला में प्रमुख सचिव, पशुधन एवं दुग्ध विकास अमित कुमार घोष द्वारा निवेशकों को अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा घोषित नेक्स्ट जेन, जीएसटी की संशोधित दरों में दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों के लिए अनेक रियायतें दी गयी है। यूएचटी मिल्क एवं पैक्ड छेना पनीर को जीएसटी से पूर्णतः मुक्त कर दिया गया है। मक्खन, घी, चीज, डेयरी स्प्रेड्स को 12 प्रतिशत से घटा कर 5 प्रतिशत के स्लैब में तथा चॉक्लेट व आईसक्रीम को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत के स्लैब में लाया गया है। इस सुधार का लाभ निश्चित रूप से दुग्ध उत्पादकों एवं उपभोक्ताओं के साथ साथ डेयरी सेक्टर के सभी स्टेकहोल्डर्स को लाभ मिलेगा।


### प्रदेश के डेयरी सेक्टर का समग्र विकास की परिकल्पना

प्रमुख सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि प्रदेश के डेयरी सेक्टर का समग्र विकास की परिकल्पना की गयी है, जिसके अन्तर्गत दुग्ध उत्पादन में तीन गुणा से अधिक की वृद्धि, ग्रामीण क्षेत्रों में 1 करोड़ से अधिक रोजगार का सृजन, दुग्ध उत्पादन, प्रोसेसिंग, मूल्य संवर्धन और उत्तर प्रदेश को देश का शीर्ष निर्यातक राज्य बनाना विजन–2047 का लक्ष्य है। निवेशक कार्यशाला में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की ओर से सीनियर मैनेजर श्री आलोक प्रताप सिंह, आनन्दा डेयरी की ओर से सीनियर मैनेजर विनय शर्मा, महान मिल्क फूड की ओर से सीनियर मैनेजर सार्थिका जायसवाल, मधुसूदन मिल्क की ओर से मैनेजर मार्केटिंग श्री अयोध्या प्रसाद शुक्ला, बनासकांठा मिल्क यूनियन अमूल डेयरी की ओर से कैलाश ओझा, जायडस वेलनेस डेयरी की ओर से सीनियर मैनेजर प्रवीण पाटिल, ज्ञान डेयरी की ओर से वेंकटरमानी, मू-मार्क स्टेलिप की ओर से मनोज पवार, भारत स्कायर की ओर से एसपन द्विवेदी एवं अन्य निवेशकों के प्रतिनिधि द्वारा अपना प्रस्तुतीकरण करते हुए अपनी निवेश की भावी योजनाओं एवं राज्य सरकार की ओर से विभिन्न कदम उठाए जाने की अपेक्षा की गयी निवेशकों द्वारा की गयी अपेक्षाओं के सम्बन्ध में दुग्ध आयुक्त राकेश कुमार मिश्र, विशेष सचिव, पशुधन देवेन्द्र पाण्डेय एवं दुग्ध विकास विभाग की ओर से संजय कुमार सिन्हा, मुख्य दुग्धशाला विकास अधिकारी द्वारा निवेशकों की अपेक्षाओं के सम्बन्ध में विभिन्न बिन्दुओं पर सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास एवं निवेशकों को दिए जा सहयोग एवं सुविधाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

## सभी जिलों में परिचालकों हेतु सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण 28 को

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में रोडवेज के परिचालकों हेतु एक दिवसीय सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। 28 सितम्बर को उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में परिचालकों के लिये एक दिवसीय मूलभूत सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय सांकेतिक भाषा के मूलभूत शब्द समझने पर दिव्यांग जन से भेदभाव रोका जा सकेगा।



## राज्यपाल से मिले राज्य सूचना आयुक्त

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से आज राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को अपनी पुस्तक जनसूचना से जनसेवा राज्यपाल की संवैधानिक सक्रियता और आलेख संग्रह भेंट किया।

# आरएसएस: शताब्दी पर ताकत का एहसास

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- 27 सितम्बर 1925 को नागपुर में हेडगवार ने 17 लोगों की टोली के साथ की थी संघ की स्थापना

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सौ साल पूरे होने जा रहे हैं। इसलिए राष्ट्रीय वर्ष पर संघ ने शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी तेज कर दी है। इसे लेकर शाखाओं में अभ्यास एवं बैठकों का दौर भी आरंभ हो गया है। देश के अधिकांश भूभाग में भाजपा का शासन देख संघ में जुड़ने वालों की होड़ लगी है। स्वयं सेवकों की बढ़ती संख्या के चलते उनके गणवेश की बाजारों में कमी हो गई है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एक हिंदू, राष्ट्रवादी, अर्धसैनिक संगठन है, जिसका उद्देश्य व्यक्ति एवं राष्ट्र निर्माण तथा हिंदुओं को एकजुट करना है। इसकी स्थापना 27 सितम्बर 1925 को नागपुर में डॉ केशव बलिराम हेडगवार ने महज 17 लोगों की टोली के साथ किया था। हालांकि इस संगठन का नामकरण करीब एक साल बाद किया गया। इसे बोल चाल की भाषा में आरएसएस एवं संघ भी कहते हैं। संघ ने इन सौ वर्षों में देश भर में करीब 75 लाख शाखाएं खड़ी की जिससे लगभग तीन करोड़ स्वयं सेवक जुड़े हैं। बीते एक दशक में संघ का काफी विस्तार हुआ। आज इतने स्वयं सेवक हो गये हैं कि उनके गणवेश बाजारों में कम पड़ गये हैं। महीनों प्रतीक्षा के बाद गणवेश मिल पा रहा है। संघ अपने स्वयं सेवकों के लिए वर्ष में कई बार प्रशिक्षण शिविर लगाता है, जिसके अलग- अलग नाम तय है। सौ साल पूरे होने पर संघ भी अपनी ताकत का एहसास कराने के शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहा है। सितम्बर से जनवरी 2026 तक संघ ने हर गांव, हर बस्ती एवं हर घर तक पहुंचने की रणनीति पर कार्य करना भी आरंभ कर दिया है। हर शाखा के लिए पथ सचंलन की अलग अलग तारीख तय की जा रही है। मण्डल, नगर एवं बस्तियों में करीब एक लाख हिंदू सम्मेलन के आयोजन की तैयारी है। संघ के मुख्य कार्यक्रम गुरु पूर्णिमा पर गुरु दक्षिणा, रक्षा बंधन, विजय दशमी, होलिकोत्सव भी इस बार भव्यता के साथ मनाये जायेंगे। सेवा कार्यों को विस्तार देने का खाका तैयार किया जा रहा है। इन आयोजनों में राष्ट्र निर्माण का संकल्प भी दिलाया जायेगा। संघ के अनुसांगिक संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, स्वदेशी जागरण मंच, किसान संघ, क्रीड़ा भारती, संस्कार भारती, दुर्गा वाहिनी, सहित कई अन्य शाखाएं हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा 75 साल पर रिटायरमेंट को लेकर दिये गये बयान की इन दिनों खासी चर्चा है। पूर्व में उन्होंने बाजू वाले को मौका देने की बात कही थी।

# महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार कर रही उल्लेखनीय कार्य : मौर्य

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनः महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन के हो रहे कार्य

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्री को देश व विदेश में विपणन हेतु सरकार लगातार प्रयत्नशील है और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं। स्वयं सहायता समूह महिला सशक्तिकरण के शक्ति केंद्र के साबित हो रहे हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किए जा रहे कार्यों से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में क्रांति आई है। सरकार सबका साथ- सबका विकास - सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ आगे बढ़ रही है। सरकार व समाज की सहभागिता से समूह स्वावलंबी तो होंगे ही और विकास की नई ऊंचाइयों को छूएंगे। महिलाएं जो काम करती हैं ,उसमें सफलता अवश्य मिलती है । सरकार उनके सहयोग के लिए हमेशा तैयार है।महिला स्वयं सहायता समूह वर्तमान में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में क्रांति का एक केंद्र बन चुका है।

# विकसित यूपी 2047 की तैयारी : अमेठी में प्रबुद्धजनों की टीम ने किसानों–महिलाओं से की चर्चा, रोडमैप तैयार

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के तहत सोमवार को जनपद में प्रबुद्ध जनों की पांच सदस्यीय टीम पहुंची। टीम का नेतृत्व युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल की महानिदेशक आईएएस चैत्रा वी. कर रही थीं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में टीम ने विकसित उत्तर प्रदेश 2047 से जुड़ी तीन थीम और 12 सेक्टरों पर अधिकारियों के साथ गहन विचार-विमर्श किया। इसके बाद महिला समूहों और श्रमिक संगठनों से संवाद स्थापित किया गया। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों और प्रगतिशील किसानों के साथ भी चर्चा की गई। बैठक में स्थानीय लोगों से प्रदेश के विकास को लेकर उनकी उम्मीदें और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली गई। प्रबुद्धजनों ने उपस्थित लोगों को महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। आईएएस चैत्रा वी. ने कहा कि संगोष्ठी से प्राप्त सभी सुझावों को संकलित कर शासन को भेजा जाएगा। टीम के सदस्य रिटायर्ड आईएएस संतोष कुमार राय ने स्थानीय स्तर पर रोजगार के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि लोगों को अपने ही क्षेत्र में कार्य के अवसर उपलब्ध होने चाहिए, क्योंकि बाहर जाकर काम करने पर अक्सर उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बैठक में तीन थीम अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति, जीवन शक्ति तथा कृषि एवं संबंध सेक्टर, पशुधन संरक्षण सेक्टर, औद्योगिक विकास सेक्टर, आईटी एवं इमेजिंग टेक्नोलॉजी सेक्टर, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना सेक्टर, संतुलित विकास समाज कल्याण, स्वास्थ्य,शिक्षा सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर पर विस्तृत चर्चा की गई। नोडल अधिकारी ने कहा कि अभी हाल ही में जनगणना शुरू होने वाली है, तो उसी को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने विभाग की प्लानिंग करें, कि किस प्रकार से 2047तक प्रदेश को विकसित राज्य बनाया जा सकता है।सरकार के 2047 के विजन के अनुसार जिलों की भी कार्य योजना तैयार करें। बैठक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से वार्ता के दौरान समूह की महिलाओं ने कहा कि हम लोग जो भी प्रोडक्ट बना रहे हैं उसे बेचने के लिए मार्केटिंग की आवश्यकता है। सही मार्केट ना मिल पाने से उत्पादों की बिक्री में कठिनाई होती है। इसके साथ ही समूह की जो महिलाएं अनपढ़ हैं, उन्हें शिक्षित करने की दिशा में भी कार्य किया जाए, जब महिलाएं सशक्त होंगी तभी देश विकसित होगा। इस पर सेवानिवृत आईएएस संतोष कुमार राय ने महिलाओं को लेमन ग्रास की खेती करने का सुझाव दिया।

उन्होंने डीसी एनआरएलएम को समूह की महिलाओं से बात कर उन्हें लेमनग्रास की खेती करने के लिए तैयार करने को कहा साथ ही कार्यशालाएं आयोजित कर उन्हें विभिन्न उत्पादों के निर्माण को लेकर प्रशिक्षित करने को कहा। तथा महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री हेतु बेहतर मार्केटिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही बैठक में विभिन्न श्रमिक संगठनों से भी वार्ता की गई तथा उनके क्षेत्र में सरकार द्वारा क्या-क्या कदम उठाए जा सकते हैं एवं श्रमिक संगठनों को सरकार से क्या-क्या अपेक्षाएं हैं एवं श्रमिक संगठनों को किस प्रकार कार्य करना चाहिए? इस पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों, जनपद के प्रगतिशील कृषकों, एफपीओ के सदस्यों के साथ बैठक कर कृषि, पशुपालन के क्षेत्र में कार्य कर किसानों की आय कैसे बढ़ा सकते हैं इस बारे में चर्चा की गई साथ ही जनपद में औद्यानिक खेती, बागवानी को बढ़ावा देने के बारे में चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को किसानों से वार्ता कर औद्यानिक खेती, पशुपालन, बागवानी आदि का क्षेत्र विस्तार करने के निर्देश दिए गए। नोडल अधिकारी ने कहा कि नागरिकों की सीधी भागीदारी से न केवल योजनाएं अधिक प्रभावी बनेगी बल्कि विकास की यात्रा में सभी वर्गों का योगदान भी सुनिश्चित होगा।उन्होंने कहा कि आप लोगों के द्वारा दिए गए सुझावों से सरकार एक विजन डॉक्युमेंट तैयार करेगी। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित उत्तर प्रदेश बनाने का सपना तभी साकार होगा जब शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।हमें अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों को आमजन की जरूरतों से जोड़ना होगा। जनपद के हर नागरिक की भागीदारी इस मिशन में अनिवार्य है। जिले में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान देते हुए कार्ययोजनाएं बनाई जाएंगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ.अंगद सिंह शिक्षा संकाय आरआर पीजी कॉलेज अमेठी, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ नवनीत कुमार मिश्र, सेवानिवृत्ति अधीक्षण अभियंता रजनीश प्रकाश चौधरी, डॉ अंशुमान सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार तिवारी, डीपीआरओ मनोज त्यागी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# तिलोई में जर्जर सड़क से परेशान ग्रामीण

## बेसरवा–पाकर मार्ग पर जगह–जगह गड्ढे, बारिश में बढ़ी परेशानी

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**



तिलोई तहसील क्षेत्र में बेसरवा से पाकर गांव को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग बदहाल हालत में पहुंच चुका है। यह मार्ग 178 विधानसभा क्षेत्र में आता है। और इसकी दुर्दशा से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी ने बताया कि सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं।

बारिश का पानी इन गड्ढों में भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों की मुश्किलें और भी बढ़ गई हैं। कई बार लोग फिसलकर गिर जाते हैं और दुर्घटनाओं का भी खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई है। आवाजाही के लिए यह मार्ग बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी पर ग्रामीणों की रोजमर्रा की जरूरतें और व्यापारिक गतिविधियाँ निर्भर करती हैं। खराब सड़क की वजह से छात्रों, मरीजों और किसानों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यह हाल उस समय सामने आया है, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में गड्ढामुक्त सड़कों का दावा कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि राज्यमंत्री मयंकेशवर शरण सिंह के क्षेत्र में आने वाले इस मार्ग की स्थिति सरकार की विकास योजनाओं पर सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है ताकि उन्हें राहत मिल सके। उनका कहना है कि अगर समय रहते सड़क की सुध नहीं ली गई तो यह समस्या और भी गंभीर हो जाएगी।

# बाबा दत्तेहरेश्वर महादेव मंदिर का वाटर कूलर महीनों से बंद

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिले के विकासखंड सिंहपुर के ग्राम पंचायत रामपुर पांवरा स्थित दत्तेहरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु लगाया गया वाटर कूलर कई महीनों से बंद पड़ा हुआ है। इस कारण दर्शन करने आने वाले भक्तों को शुद्ध व ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन वाटर कूलर बंद होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। इस संबंध में जब स्थानीय ग्राम प्रधान नन्द किशोर विक्रम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सफाई के दौरान वाटर कूलर की पाइप लाइन कट गई थी। आवश्यक पाइपलाइन फिलहाल स्थानीय बाजार में उपलब्ध नहीं हो पाई है, 3लेकिन जल्द ही इसकी मरम्मत करवा दी जाएगी। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि जिम्मेदार लोग शीघ्र ही इस समस्या का समाधान कर भक्तों को शुद्ध व ठंडे पानी की सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

# गोमती नदी में डूबा युवक, पांच किलोमीटर दूर मिला शव

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के हाजीगंज गांव निवासी जगन्नाथ रैदास 45 वर्ष रोज़ की तरह रविवार दोपहर बाद गोमती नदी पर मछली पकड़ने गए थे।

परिवार को लगा कि वह हमेशा की तरह शाम तक लौट आएंगे, लेकिन देर रात तक घर न आने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई। परिवारजन और ग्रामीणों ने पहले तो अपने स्तर पर तलाश शुरू की,लेकिन रात गहराने के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। सोमवार सुबह थक-हारकर परिजनों ने घटना की सूचना मुसाफिरखाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और गोताखोरों की मदद से नदी में तलाशी अभियान शुरू कराया गया।करीब सात घंटे तक लगातार खोजबीन के बाद पुलिस और गोताखोरों की टीम को सफलता हाथ लगी।जगन्नाथ का शव घटना स्थल से लगभग 5 किलोमीटर दूर कुड़वार थाना क्षेत्र में बरामद हुआ। शव मिलने की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

परिवार की महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मुसाफिरखाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि होगी। हालांकि शुरुआती जांच में यह साफ है कि युवक नदी में डूबने से ही मौत का शिकार हुआ है। पुलिस ने कहा कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गोमती नदी के इस हिस्से में गहराई अधिक होने के कारण अक्सर खतरा बना रहता है। मछली पकड़ने या नहाने के दौरान कई बार हादसे हो चुके हैं, लेकिन उचित सुरक्षा इंतजाम न होने से लोग अपनी जान गंवा बैठते हैं। इस घटना से जहां गांव का माहौल गमगीन है, वहीं लोगों ने प्रशासन से नदी किनारे सुरक्षा प्रबंध बढ़ाने और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को टाला जा सके। अचानक हुई इस घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है। लोग जगन्नाथ रैदास को सरल और मिलनसार स्वभाव का व्यक्ति बता रहे हैं। उनकी असामयिक मौत ने परिजनों और ग्रामीणों को गहरे दुख में डाल दिया है।

# कांग्रेस कमेटी द्वारा फिरोज गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**रायबरेली।** प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं रायबरेली जनपद के प्रथम सांसद स्व० फिरोज गांधी की पुण्यतिथि पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा तिलक भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने कहा कि स्व० गांधी अपनी बेबाक छवि के लिए प्रसिद्ध थे, कई बार ऐसे मौके आये जब गांधी जी अपनी ही सरकार के विरुद्ध खड़े दिखाई दिये, स्व० फिरोज गांधी एक कुशल राजनेता के साथ ही निर्भीक पत्रकार भी थेए नेशनल हेराल्ड और द नव जीवन समाचार पत्र का अपने प्रकाशन भी किया और अपनी कलम से कई गम्भीर विषयों को उठाया। स्वतंत्रता आन्दोलन में भी आपकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। स्व० फिरोज गांधी को श्रद्धांजलि देने वालों में विजयशंकर अग्निहोत्री, महेश प्रसाद शर्मा, शिवानंद मौर्या, राजकुमार दीक्षित, संजय श्रीवास्तव, अंजली पासी, अम्बरीश बाजपेयी, सुन्दर लाल निर्मल, कल्याण चन्द्र श्रीवास्तव, शम्भूशरण पाल, मनोज तिवारी, आशीष द्विवेदी, घनश्याम शुक्ला, आलोक विक्रम यादव, मनीष सोनकर, अमित मिश्रा, रमाकांत सिंह, मुन्नर शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# सशस्त्र सीमा बल 9वीं वाहिनी ने किया कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के इंडो-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सशसशस्त्र सीमा बल नवीं वाहिनी ने सोमवार को सीमावर्ती युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु 20 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ सह ÷नशा मुक्त भारत अभियान÷ के अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 8 सितंबर को मनोरंजन कुमार पाण्डेय, कमांडेंट नौवीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के निर्देशन में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत भवन मोहकमपुर में सीमावर्ती क्षेत्र की युवतियों के लिए 20 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक पलटू राम द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मो. शकील खान ग्राम प्रधान, मोहकमपुर जरवा, मुख्य आरक्षी शशांक सिंह, कस्टम जरवा, बृज नंदन राय, एएसपी तुलसीपुर राकेश पाल, निरीक्षक, थाना जरवा एवं एटीएस के आरक्षी बिमल कुमार राणा क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि के अतिरिक्त नैंसी सिंगला उप कमांडेंट, निरीक्षक सामान्य राहुल रंजन, निरीक्षक सामान्य अनंता मेक, उप निरीक्षक सामान्य रक्षा सोनी एवं अन्य जवान उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम जरवा की 30 युवा महिलाओं को कंप्यूटर की मूलभूत शिक्षा प्रदान की जाएगी, जिससे वे डिजिटल साक्षर बनकर रोजगार के नए अवसरों की दिशा में अग्रसर हो सकें। यह पहल उन्हें आत्मनिर्भरता की राह पर ले जाने में सहायक सिद्ध होगी।

कार्यक्रम के अंतर्गत **नशा मुक्त भारत अभियान** के तहत एक जागरूकता कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और समाज में नशा मुक्त वातावरण को प्रोत्साहित करना था। विधायक पलटू राम ने कहा कि एसएसबी का यह कदम सराहनीय है। इस पहल की सराहना करते हुए विधायक ने कहा कि डिजिटल शिक्षा वर्तमान युग की आवश्यकता है, और इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ ग्रामीण समाज के समग्र विकास में भी योगदान देंगे। एस.एस.बी द्वारा समय समय पर जरुरतमंदों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, सीमावर्ती गाँव में लोंगों कों आर्थिक स्थिति सुधारने व व्यवसाय मुहैया कराने में एस.एस.बी का हमेशा योगदान रहता है। मानव चिकित्सा शिविर, पशु चिकित्सा शिविर ,जन जागरूकता कार्यक्रम व जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभ दिलाने का प्रयास किया जाता है। सशस्त्र सीमा बल की यह पहल **नागरिक कल्याण कार्यक्रम** के उद्देश्यों के अनुरूप सीमावर्ती क्षेत्रों में नारी सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक सशक्त कदम है।

# रायबरेली में प्रतिदिन आयोजित हो रहा नि :शुल्क योग ध्यान शिविर : बृजमोहन ययोगाचार्य

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** भारत माता योग सेवा संस्थानए रायबरेली द्वारा संचालित दैनिक नि :शुल्क योग ध्यान शिविर में बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हो रहे हैं। यह शिविर प्रतिदिन प्रात: 5 :30 बजे से 7 :00 बजे तक गुरु गोविंद सिंह पार्क और शहीद स्मारक परिसर में आयोजित किया जाता है। संस्थान के संस्थापक अध्यात्मिक योगाचार्य बृजमोहन के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को प्राणायामए योगासन और ध्यान की विभिन्न विधियाँ सिखाई जाती हैं। शिविर का उद्देश्य समाज को स्वस्थए तनावमुक्त और आध्यात्मिक जीवनशैली की ओर अग्रसर करना है। प्रतिभागियों का कहना है कि नियमित अभ्यास से उन्हें शारीरिक ऊर्जाए मानसिक शांति और सकारात्मक सोच का अनुभव हो रहा है। संस्थान की ओर से यह पहल पूरी तरह नि :शुल्क है, ताकि समाज का हर वर्ग इससे लाभान्वित हो सके।

# ताइक्कांडो प्रतियोगिता का रोटरी क्लब अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में रविवार को स्वर्गीय प्रेमचंद श्रीवास्तव स्मारक 26 वे जनपद स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जानकारी के अनुसार 7 सितंबर को बलरामपुर ताइक्कांडो संघब द्वारा पहले स्थित ताइक्कांडो अकैडमी इंडोर हाल में प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉक्टर सतीश सिंह अध्यक्ष रोटरी क्लब बलरामपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर बलरामपुर ताइक्कांडो संघ के अध्यक्ष डॉ प्रांजल त्रिपाठी, आलोक श्रीवास्तव, डॉ अब्दुल कयूम तथा भारी संख्या में अभिभावक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्वर्गीय प्रेमचंद श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रारंभ हुआ। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा पहले मैच का उद्घाटन अतिथियों द्वारा संपन्न कराया गया।

पहले दिन खेले गए मैच में सब जूनियर बालिका वर्ग में प्रिशा ने स्वर्ण पदक, श्री श्रीवास्तव ने रजत पदक, आराध्या सिंह स्वर्ण पदक शगुन जोशी रजत पदक, काजल यादव ने कांस्य पदक अर्जित किया। आराध्या पांडे उतरौला ने स्वर्ण पदक व सानिया खान बलरामपुर ने रजत पदक अर्जित किया। सब जूनियर बालक वर्ग में वैभव सिंह बलरामपुर स्वर्ण पदक, वेदांत सिंह बलरामपुर रजत पदक, आरव सिंह स्टेडियम रजत पदक, आर ए राणा बलरामपुर कांस्य पदक, आरव यादव बलरामपुर स्वर्ण पदक, शिवाय समर्थ मिश्रा रजत पदक, आयुर्वेद गौरव कांस्य पदक, अलेक्स उतरौला कांस्य पदक अर्जित किया। पदक विजेताओं को डॉक्टर देवेश सिंह श्रीवास्तव ने पदक देकर सम्मानित किया।

# रोटरी क्लब ग्रेटर द्वारा शिक्षक रत्न सम्मान समारोह का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में सोमवार को बीएचकेएस बाल भारती इंटर कालेज के प्रांगण मे रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर द्वारा विश्व साक्षरता दिवस पर **शिक्षक रत्न सम्मान** समारोह का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 8 सितंबर को बाबू हरिकांत स्मारक बाल भारती इंटर कॉलेज में आयोजित शिक्षक रत्न सम्मान समारोह में कृष्ण गोपाल शुक्ल अवकाश प्राप्त प्राचार्य सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, मो0 मुस्तकीम अहमद अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य बालिका इंटर कालेज बलरामपुर, रेखा ठाकुर आदर्श शिक्षिका सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बलरामपुर, रमेश चंद्र त्रिपाठी प्रधानाचार्य बाबू हरिकांत स्मारक बाल भारती इंटर कालेज बलरामपुर, अनीता चौहान जी, आदर्श शिक्षिका बाबू हरिकांत स्मारक बाल भारती इंटर कालेज बलरामपुर एवं श्री दिलीप श्रीवास्तव अवकाश प्राप्त प्रवक्ता डी ए वी इंटर कालेज बलरामपुर को स्मृति चिन्ह, शाल व सर्टिफिकेट देकर मुख्य अतिथि डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह चेयरमैन आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर के कर कमलों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन रोटेरियन संजय शर्मा द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर के संस्थापक अध्यक्ष रोटेरियन डॉ देवेश चंद्र श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर के सदस्य रोटेरियन सुभाष चन्द्र मिश्रा, रोटेरियन इंदु भूषण जायसवाल, रोटेरियन डॉ जुबैर अहमद, रोटेरियन डॉ अफजाल अहमद,, रोटेरियन डॉ सतीश सिंह, रोटेरियन डॉ सौरभ सिंह, रोटेरियन डॉ मोहम्मद सालिम, रोटेरियन रविंद्र जायसवाल, रोटेरियन मिहिर मेहरोत्रा, डॉ के के राना, डॉ विमल चन्द्र त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार विश्व मोहन श्रीवास्तव, आदित्य प्रसाद श्रीवास्तव तथा विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं और शिक्षक शिक्षिकाएं सम्मिलित रहे। डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने शिक्षकों की समाज में अग्रणी भूमिका पर प्रकाश डाला तथा रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर की शिक्षकों के सम्मान के लिए प्रशंसा की।

कॉलेज के प्रबंधक डा0 देवेश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा कालेज के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को मुख्य अतिथि के माध्यम से पुरस्कृत कराया गया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन आलोक श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मे वंदना सिंह, मोनिका श्रीवास्तव, कुसुम शुक्ल, प्रमोद श्रीवास्तव, नूतन श्रीवास्तव, मनीष कुमार, उमा पांडेय, बृजेश त्रिपाठी, सौरभ श्रीवास्तव, अफसर हुसैन, राकेश कुमार द्विवेदी, डाल मणि पाठक, अंशुल, शमा श्रीवास्तव, राजेन्द्र कुमार सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकायें व शिक्षणेत्तर कर्मी उपस्थित हुए।

# जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता एवं चयन ट्रायल कार्यक्रम का समापन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में सोमवार को स्वर्गीय प्रेमचंद श्रीवास्तव मेमोरियल 26 वीं जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता टॉम चयन ट्रायल का आयोजन ताइक्कांडो संघ द्वारा पहलवारा श्याम विहार कॉलोनी स्थित इंडोर ताइक्कांडो हाल में संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार 8 सितंबर को प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शाबान अली, मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बाल भारती विद्यालय के प्रबंधक एवं रोटरी क्लब ग्रेटर के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर देवेश चंद्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

बलरामपुर ताइक्कांडो संघ के अध्यक्ष डॉ प्रांजल त्रिपाठी, उपाध्यक्ष डॉक्टर अब्दुल कयूम ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। अतिथियों ने प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान किया तथा प्रतियोगिता की विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। प्रतियोगिता में, जिले की कुल चार टीमों के 150 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें बलरामपुर ताइक्कांडो अकैडमी बलरामपुर, स्पोर्ट्स स्टेडियम बलरामपुर, उतरौला ताइक्कांडो क्लब, तथा डुमरियागंज ताइक्कांडो क्लब की टीम रही। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बलरामपुर ताइक्कांडो अकादमी की टीम ने 240 अंकों के साथ प्रतियोगिता की चैंपियन टीम बनी, 130 अंकों के साथ उतरौला की टीम उपविजेता रही।

तीसरे स्थान पर 80 अंकों के साथ स्पोर्ट्स स्टेडियम बलरामपुर की टीम रही तथा 80 अंक अर्जित कर डुमरियागंज की टीम चौथे स्थान पर रही। समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन कर रहे बलरामपुर ताइक्कांडो संघ के उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया तथा राष्ट्रगान के पश्चात प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की।

खिलाड़ियों द्वारा अर्जित पदकों में सब जूनियर बालिका वर्ग में स्पोर्ट्स स्टेडियम की आराध्य कैराती स्वर्ण पदक, अनाया गुप्ता रजत पदक, ज्योति तथा वैष्णवी उतरौला कांस्य पदक, प्रज्वल सिंह उतरौला स्वर्ण पदक, शचि कश्यप बलरामपुर स्वर्ण पदक, आस्था मोदनवाल डुमरियागंज रजत पदक, साक्षी वर्मा डुमरियागंज स्वर्ण पदक,

महिमा रजत पदक, खुशी मौर्य कांस्य पदक बलरामपुर ने अर्जित किया। सब जूनियर बालक वर्ग में बलरामपुर के रामेष्ट श्रीवास्तव स्वर्ण पदक, हितेंद्र सिंह बलरामपुर स्वर्ण पदक, अखंड यादव रजत पदक, अमर शील राही बलरामपुर तथा उत्कर्ष सिंह कांस्य पदक, श्रेयांश पांडे उतरौला स्वर्ण पदक, मोहम्मद आरिश स्टेडियम रजत पदक, यश प्रताप सिंह कांस्य पदक, अमन पांडे बलरामपुर स्वर्ण पदक, हरिओम कश्यप बलरामपुर रजत पदक, हिमांशु अग्रवाल स्टेडियम कांस्य पदक, तथा कृष्ण मुरारी कांस्य पदक, रतन कुमार स्टेडियम स्वर्ण पदक, अली असगर बलरामपुर रजत पदक, शिवम कुमार तथा आकाश कनौजिया उतरौला कांस्य पदक, आध्यात्म पाल बलरामपुर स्वर्ण पदक, तेजस झा बलरामपुर रजत पदक तथा अनमोल कुमार मौर्या बलरामपुर कांस्य पदक, समर वर्मा डुमरियागंज स्वर्ण पदक, प्रांजल गुप्ता बलरामपुर रजत पदक, आदित्य पांडे डुमरियागंज कांस्य पदक अक्षत राणा बलरामपुर स्वर्ण पदक, अनमोल भाई पटेल बलरामपुर स्वर्ण पदक, अंश गुप्ता बलरामपुर रजत पदक, शौर्य प्रताप डुमरियागंज कांस्य पदक अर्जित किया है।

बालक कैडेट भार वर्ग में सम्यक राजकमल बलरामपुर स्वर्ण पदक, अभिराज वर्मा उतरौला रजत पदक, आयुष भाई पटेल बलरामपुर स्वर्ण पदक, आदर्श मौर्य बलरामपुर स्वर्ण पदक, युग पहला बलरामपुर स्वर्ण पदक, बाला जूनियर भार वर्ग में महताब आलम बलरामपुर स्वर्ण पदक, दिलेर मौर्य डुमरियागंज रजत पदक, आकिब अंसारी बलरामपुर स्वर्ण पदक श्रीराम यादव उतरौला रजत पदक अर्जित किया। सभी खिलाड़ियों ने सब जूनियर, कैडेट तथा जूनियर वर्ग के अलग-अलग भार वर्गों में पदक अर्जित किए हैं।



**टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों की...**

शिक्षक, जिन्हें समाज ने हमेशा ज्ञानदाता और राष्ट्र निर्माता कहा है, आज अपने ही भविष्य को बचाने की लड़ाई लड़ने पर मजबूर हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश और सरकार... ▶ शेष पेज 10 पर...







# गंगा का बढ़ा जलस्तर

## ख्योरा कटरी सहित दर्जनों गांवों में बाढ़ जैसे हालात, 50 हजार की आबादी प्रभावित

- खेत खलिहान डूबे, ग्रामीणों ने मवेशियों संग गंगा बैराज हाइवे पर ली शरण

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

### बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया भ्रमण, राहत सामग्री वितरित की

बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने बीते दिन सोमवार को ख़्योरा कटरी के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान बाढ़ से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल जाना साथ ही साथ बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की तथा उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर जल्द से जल्द राहत कार्य और जरूरत की सामग्री वितरित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर उनके साथ जिला पंचायत सदस्य पति दिलीप कुमार निषाद उर्फ मल्लू, सिंहपुर ग्राम प्रधान श्रीकांत त्रिपाठी, मौजूद रहे।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्र विद्युत सप्लाई बंद होने से ग्रामीणों को हो रही दिक्कत

गंगा के लगातार बढ़ते जल स्तर की वजह से बाढ़ प्रभावित गांव की विद्युत सप्लाई पूरी तरीके से बंद कर दी गई है। विद्युत सप्लाई बंद होने की वजह से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फंसे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में गंगा का लगातार बढ़ता जलस्तर ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबक बना हुआ है। इतना ही नहीं विद्युत सप्लाई बंद होने की वजह से ग्रामीणों को जलीय जीवों से खतरा भी बढ़ गया है।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जिला प्रशासन ने बांटें 200 लंच पैकेट

जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सोमवार को 200 लंच पैकेट बांटे गए। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ प्रभावित गांव में लोगों की संख्या अधिक है। 200 लंच पैकेट कुछ ही देर में हवा हो गए। ऐसे में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के सामने पेट भरने की समस्या गहराती जा रही है। ग्रामीण का तो यहां तक कहना है कि इतने दिनों से लगातार गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी होने के बावजूद जिला प्रशासन कुंभकरण की नींद सो रहा है।

**बिठूर।** पहाड़ी क्षेत्रों पर लगातार हो रही मूसलाधार बारिश व बादल फटने की वजह से गंगा सहित सहायक नदियां उफान पर हैं। गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी की वजह से गंगा के तटवर्ती गांव को पहले ही अलर्ट मोड पर कर दिया गया था। गंगा की घटना के चलते जिन गांवों के ग्रामीणों ने घर वापसी करना शुरू कर दिया था अब वह दोबारा घर छोड़कर पलायन करने की स्थिति में है। कानपुर में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने से बिठूर क्षेत्र के दर्जनभर गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। गांव की गलियों से लेकर खेत-खलिहान तक गंगा का पानी भर गया है। हालात ऐसे हो गए हैं कि ग्रामीण अपने मवेशियों और जरूरी सामान के साथ गांव छोड़कर बैराज हाइवे पर शरण लेने को मजबूर हो गए हैं। इस आपदा ने हजारों लोगों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। कटरी और आसपास के गांवों में गंगा का पानी घुसने से स्थिति गंभीर बनती जा रही है। ख्योरा कटरी के बनिया पुरवा, भगवानदीन पुरवा, भोपाल पुरवा ,दुर्गा पुरवा, गिल्ली पुरवा, लक्ष्मण पुरवा, मक्का पुरवा, इसके अलावा ग्राम पंचायत हिंदूपुर के शिवदीन पुरवा पुराना, डल्लापुरवा, नया डल्लापुरवा, पूरी तरीके से जल मग्न हो गए हैं। वही ग्राम पंचायत प्रतापपुर के प्रतापपुर हरि, पपरियां, छोटी पपरिया, डल्ला पुरवा, ईश्वरीगंज, सहित कई गांवों में पानी भरने से हजारों ग्रामीण प्रभावित हुए हैं। ख़्योरा कटरी के पूर्व प्रधान अशोक कुमार निषाद ने बताया कि बाढ़ की वजह से करीब दो हजार बीघे से अधिक फसलें जलमग्न हो गई हैं। सब्जियों की फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। किसानों का कहना है कि मवेशियों के लिए चारा और पीने के पानी का संकट गहराता जा रहा है। पशुपालक अपने जानवरों को बचाने के लिए बैराज किनारे सड़क पर खुले में बांधकर रख रहे हैं। पानी बढ़ने से गांवों में रहना मुश्किल हो गया है। ग्रामीण अपने परिवार, बच्चों और बुजुर्गों के साथ बैराज हाइवे पर डेरा जमाए हुए हैं। कई परिवार तिरपाल और प्लास्टिक की चादरों के सहारे अस्थायी झोपड़ियां डालकर खुले आसमान के नीचे जिंदगी काटने को मजबूर हैं। महिलाएं और छोटे बच्चे सबसे अधिक परेशानी झेल रहे हैं। बीमार और बुजुर्ग ग्रामीण दवा और इलाज के अभाव में बेहाल हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन की तैयारियां सिर्फ कागजों पर हैं। अब तक न तो पर्याप्त नावें उपलब्ध कराई गई हैं और न ही राहत शिविर लगाए गए हैं। खाने-पीने की सामग्री और चिकित्सीय सहायता भी प्रभावित क्षेत्रों तक नहीं पहुंचती नजर आ रही है। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हर साल बाढ़ आती है लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के कारण लोगों को खुद ही अपने हाल पर छोड़ दिया जाता है।

बाढ़ की खबर फैलते ही क्षेत्रीय विधायक अभिजीत सिंह सांगा और जनप्रतिनिधियों ने प्रभावित गांवों का दौरा किया। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि तुरंत राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए और बचाव कार्य तेज किया जाए। विधायक ने लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद मिलेगी। उधर जिला प्रशासन का कहना है कि राहत कार्य के लिए टीमें तैनात कर दी गई हैं और जल्द ही सभी प्रभावित गांवों तक मदद पहुंचाई जाएगी।

गंगा का जलस्तर अभी भी बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जलस्तर इसी गति से ऊपर जाता रहा तो कटरी क्षेत्र के कई और गांव पूरी तरह से टापू में बदल जाएंगे। लगातार पलायन का दौर जारी है और ग्रामीण हर पल खतरे के साए में जी रहे हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द पर्याप्त राहत सामग्री दवाइयां और सुरक्षित आश्रय स्थल उपलब्ध कराए जाएं वरना स्थिति और भी भयावह हो सकती है।






## मगरमच्छ के डर से हारा खुदकुशी का इरादा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

जाको राखे साइयां मार सके न कोय... कुछ ऐसा ही हुआ चकेरी के अहिरवां मोहल्ले की मालती देवी के साथ। पति की नशेबाजी से परेशान होकर शुक्रवार रात उसने जाजमऊ गंगापुल से नदी में छलांग लगा दी। दम घुटने पर वह किसी तरह हाथ-पैर मारकर 500 मीटर दूर गंगा के किनारे बाबा की बगिया पहुंची। यहां उसने मगरमच्छ देखा तो खुदकुशी का इरादा छोड़ जान बचाकर अमरूद के पेड़ पर चढ़ गई। रात भर पेड़ की डाल पर बैठी रही। सुबह लोग उधर से निकले तो उसे देख पुलिस को सूचना दी। बाद में परिजनों को बुलाकर मालती को उनके सुपुर्द किया।

चकेरी थाना क्षेत्र के अहिरवां मोहल्ला निवासी सुरेश गौड़ की पत्नी मालती देवी (32) ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि पति शराब के लती हैं जिससे वह परेशान परेशान रहती है। शुक्रवार को नशेबाजी को लेकर पति से झगड़ा हुआ। इससे नाराज होकर वह आत्महत्या करने के लिए जाजमऊ गंगापुल पहुंची। पुल से गंगा नदी में छलांग लगा दी। उसे थोड़ा बहुत तैरना आता है। अकुलाहट होने पर वह तैरने लगी और चंदन घाट के पास बाबा की बगिया में नदी के किनारे पहुंची।

तभी उसे पानी में मगरमच्छ जैसा जीव दिखा उसकी ओर आता दिखा। यह देखकर वह पास ही स्थित अमरूद के पेड़ पर चढ़ कर पूरी रात बैठी रही।

सुबह शोर मचाने पर उधर से निकल रहे ग्रामीण आए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस चौकी प्रभारी विनय यादव ने बताया कि महिला काफी डरी सहमी थी। उसने गंगा नदी में मगरमच्छ जैसा बड़ा जीव होने की बात कही। वहां देखा गया तो कोई तो कोई जीव नहीं मिला। महिला को गंगाघाट कोतवाली लाया गया। उसके परिजनों को भी कोतवाली बुलाकर के सुपुर्द कर दिया गया है।

## नवजात की मौत पर अस्पताल प्रबंधन पर ओवर बिलिंग का आरोप



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कल्याणपुर क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में गर्भवती महिला की डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर ओवर बिलिंग का गंभीर आरोप लगाया है। घटना इटावा के बकेवर थानाक्षेत्र के नौधना निवासी जनवेश उर्फ पुष्पेंद्र से जुड़ी है, जिनकी शादी 22 नवंबर 2024 को सिकंदरा की रहने वाली खुशबू से हुई थी। जनवेश ने बताया कि 2 सितंबर को गर्भवती पत्नी खुशबू की सिकंदरा के सरकारी अस्पताल में सात माह में डिलीवरी हुई। फेफड़े विकसित न होने की वजह से नवजात को एलएलआर अस्पताल रेफर किया गया था, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें कल्याणपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कर लिया। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने नवजात को वेंटिलेटर पर रखा और तीन बजे रात में उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद सोमवार को नवजात का शव देने के लिए अस्पताल ने 90 हजार रुपये का बिल थमा दिया। परिजनों द्वारा पैसों की कमी जताए जाने पर प्रबंधन ने शव देने से मना कर दिया। परिजनों सहित अन्य लोगों के बीच में पड़ने पर अस्पताल ने पंद्रह हजार रुपए लेकर शव परिजनों को सौंप दिया।

अस्पताल के मैनेजर ने बताया कि नवजात की हालत अत्यंत नाजुक थी, इसलिए छह दिन में 90 हजार रुपये का बिल बन गया। बाकी के आरोप निराधार हैं। पुलिस ने कहा कि मामले की जानकारी नहीं थी, जांच की जा रही है और परिजन तहरीर देने पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### वेटिनरी एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बिल्हौर वेटरिनरी फार्मासिस्ट एसोसिएशन, कानपुर नगर के वार्षिक चुनाव में अखिलेश सिंह को अध्यक्ष और राजीव कुमार को महामंत्री चुना गया है। इन दोनों पदों के लिए हुए चुनाव में भारी मतों से जीत हासिल करने के बाद, चुनाव अधिकारी और उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कमलेश कुमार ने आधिकारिक तौर पर उनके विजयी होने की घोषणा की। यह चुनाव जनपद के वेटरिनरी फार्मासिस्टों के बीच संगठन को और मजबूत करने तथा उनके हितों की रक्षा के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। नए पदाधिकारियों के नेतृत्व में, एसोसिएशन भविष्य में कई महत्वपूर्ण कार्य योजनाओं को लागू करने की उम्मीद कर रहा है। इस मौके पर राघवेंद्र कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद में निर्वाचित किया गया जबकि बलराम साहनी को उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किया गया है संयुक्त मंत्री के रूप में सुरेंद्र कुमार सिंह, संगठन मंत्री के रूप में उमाशंकर को निर्वाचित किया गया है जबकि कोषाध्यक्ष के लिए राजेंद्र कुमार को चुना गया है। श्रीमती अर्चना यादव को लेखकार के रूप में निर्वाचित किया गया है संरक्षक के रूप में राकेश सोनकर भी निर्वाचित हुए हैं।

### सागर पांडे का फूल मालाओं से स्वागत किया

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बिल्हौर रविवार को चुनाव जीतने के बाद सागर पाण्डेय के कानपुर स्थित टीबी हॉस्पिटल सिविल लाइंस में पहुंचने पर वहां के अधिकारियों कर्मचारियों ने जोरदार उनका स्वागत किया। उनको यूपी टीबी मेल हेल्थ विजीटर्स संगठन संघ के अध्यक्ष बनने पर हजारों लोगों ने बधाई दी है।, सागर पांडे फूल मामला लेकर बधाई के लिए सैकड़ों लोग लगे रहे।, सागर पाण्डेय ने संगठन के हित में दिन-



रात काम करने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता संगठन को मजबूत करना और उसके सदस्यों के हितों की रक्षा करना होगा। सागर पाण्डेय सीएचसी शिवराजपुर कानपुर में कार्यरत फार्मासिस्ट नरेंद्र पाण्डेय के छोटे भाई हैं। उनकी नियुक्ति से संगठन को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद है।उनके नियुक्ति बाद सागर पाण्डेय संगठन को मजबूत करने और उसके सदस्यों के हितों की रक्षा करने में मदद मिलेगी।

### रोड पर पड़ी मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को कराया भर्ती

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बीते दिन सोमवार को हरदत्त पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या प्रीति पांडेय मैडम की काल पर अक्षर फाउंडेशन के संस्थापक सौरभ तिवारी और आलोक तिवारी ने एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को तत्काल रूप से डा.उत्कर्ष वाजपेई के साथ पुलिस प्रशासन उपनिरीक्षक राजदेव पांडेय, महिला उप निरीक्षक रीना सिंह, पीआरवी 7059 अखिलेश



यादव, अरुण और मो नौशाद के साथ मिलकर एंबुलेंस को बुलवाकर काशीराम अस्पताल में एडमिट करवाया और इंसानियत की मिसाल पेश की गई। उपाध्यक्ष अनिका डायग्नोस्टिक के प्रबंधक आलोक तिवारी जी ने कहा अक्षर फाउंडेशन आम जनमानस के साथ हर परिस्थिति में सदैव तत्पर हैं।

## 10वीं के छात्र ने हॉस्टल में दी जान, कमरे से सुसाइड नोट बरामद

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

मम्मी, भइया... पापा का ध्यान रखना सुसाइड नोट में लिखकर 10वीं के छात्र ने फंदा लगाकर जान दे दी। शनिवार की रात छात्र की मां से फोन पर बात हुई थी। रविवार दोपहर कमरे का दरवाजा न खुलने पर अन्य छात्रों ने संचालक को जानकारी दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम को जांच के दौरान उसके कमरे से सुसाइड नोट मिला है। छात्र ने जान देने से पहले इंस्टाग्राम आईडी में स्टेटस भी लगाया था। घटना रावतपुर थानाक्षेत्र के हितकारीनगर हॉस्टल की है। कानपुर देहात के पुखरायां के इंदिरानगर मोहल्ला निवासी व्यापारी करण सिंह का बेटा सृजन पाल (19) हाईस्कूल का छात्र था। परिजनों के अनुसार छात्र चार महीने से हितकारीनगर स्थित अतिन कटियार के हॉस्टल में किराये पर रह रहा था। बताया कि शनिवार की देर शाम मां ऊषा से फोन पर बातचीत हुई थी। तब उसने किसी प्रकार की कोई बात नहीं बताई। रविवार दोपहर तक जब सृजन कमरे से बाहर नहीं आया तो अन्य छात्रों ने सृजन को कॉल की और कमरे का दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इस पर छात्रों ने हॉस्टल संचालक को सूचना दी गई। उनकी जानकारी पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने दरवाजा तुड़वाया तो सृजन का शव चादर क सहारे पंखे से लटका मिला। जांच के दौरान पुलिस को कमरे से सुसाइड नोट मिला है जिसमें लिखा है कि मैं अपने मन से आत्महत्या कर रहा हूं...। मम्मी, भइया...पापा का ध्यान रखना। घटना के बाद बड़े भाई हर्षित, शादीशुदा बहन प्रिंसी व मां ऊषा बेहाल हैं। परिजनों का कहना है कि उसे शायरी का काफी शौक था।

## कार में शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



रावतपुर थाना क्षेत्र के केशव नगर स्थित एक निजी अस्पताल के बाहर सनसनीखेज घटना घटित हुई। सूर्य प्रकाश अपनी पत्नी सुप्रिया के साथ छोटे भाई अजीत सिंह की गाड़ी से अस्पताल पहुंचे थे। कार को अस्पताल के बाहर पार्क करके अंदर चले गए। तभी अचानक कार के इंजन में शार्ट सर्किट के कारण जोरदार आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

सूचना मिलते ही मौके पर रावतपुर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत और लंबी कोशिश के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया। घटना के समय गनीमत रही कि कार में कोई सवार नहीं था, नहीं तो बड़ा जनहानि हो सकती थी। हालांकि, पूरी कार जलकर खाक हो गई। रावतपुर थाना प्रभारी केके मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शार्ट सर्किट के कारण आग लगने की बात सामने आई है। किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

## ककवन थाना क्षेत्र में बादलों की कड़कडाहट से खेत पर काम करते किसान का निकला दम

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में सकरवा गांव में शाम 5 बजे घनघोर बादलों के साए में धान की फसल में कामकाज करते किसान आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। इससे उसकी दर्दनाक मौत हो गईं। खबर फैलते ही गांव में हाहाकार मच गई। प्राकृतिक कहर सेबचनेके लिए ग्रामीण घरों में दुबक गए। ककवन थाना क्षेत्र के सकरवां निवासी किसान महेश यादव 45 वर्षीय पुत्र रामाधीन धान की फसल देखने के लिए सोमवार शाम खेत पर गए थे। घनघोर बादलों के साए में वह खेत पर कामकाज कर रहे थे। इस दौरान अचानक आकाशीय बिजली उन पर गिर गई। इससे महेश की दर्दनाक मौत हो गई। पास के खेतों में मौजूद किसान माजरा देख हक्का बक्का रह गए। हाहाकार के आलम में महेश के घर पहुंची मौत की खबर से कोहराम मच गया। आकाशीय बिजली को लेकर लोगों में दहशत पनप गई। एहतियात के लिए बच्चे और बुजुर्ग घरों में दुबक गए। नदिया चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार ने बताया शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया। वहीं मामले की जानकारी पर तहसीलदार अनुभव चंद्रा ने मौके पर पहुंचकर संभव मदद का आश्वासन दिया। थानाध्यक्ष जितेन्द्र राजपूत ने बताया कि आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अधिवक्ता दीनू उपाध्याय पर लगा गैंगस्टर, गैंग में 21 सदस्य, पुलिस ने की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बसपा नेता पिंटू सेंगर की हत्या के आरोप में सोनभद्र जेल में बंद अधिवक्ता धीरज उर्फ दीनू उपाध्याय पर सोमवार को कमिश्नरी पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। उसके इंटर रेंज 09 गैंग में 21 सदस्य पंजीकृत किए गए हैं। 10 सदस्य जेल में बंद हैं जबकि 11 बाहर हैं। इनके खिलाफ नवाबगंज, ग्वालटोली, कोतवाली, नौबस्ता, बिधनू, चकेरी, सीसामऊ, नजीराबाद समेत अन्य थानों में रंगदारी मांगने, मारपीट, धमकी देने, अपहरण, कूटरचित दस्तावेज बनाने, संपत्ति पर कब्जा करने जैसी गंभीर धाराओं में



एफआईआर हुई हैं। पुलिस कुछ में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

कमिश्नरी पुलिस के स्टाफ ऑफिसर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि इंटर रेंज 09 गैंग का मास्टरमाइंड दीनू उपाध्याय है। यह गिरोह कूटरचित दस्तावेज बनाकर फर्जी रजिस्ट्रियां तैयार कराता रहा है जिसकी वजह से कई लोग ठगी का शिकार हुए। उनकी शिकायतों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। गैंग संगठित तरीके से अपराध करता है। पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कई फरार हैं।

नवाबगंज निवासी धीरज उर्फ दीनू उपाध्याय (गैंग लीडर), अनूप शुक्ला, मनु उपाध्याय, संजय उपाध्याय, परमियापुरवा का रामखिलावन, यशोदानगर निवासी दीपक सिंह जादौन, रावतपुर का सैय्यदनगर निवासी गोपाल सिंह, किदवईनगर का नारायण भदौरिया, बैकुंठपुर निवासी सत्येंद्र त्रिवेदी, परमट निवासी विकास ठाकुर उर्फ विक्की ठाकुर उन्नाव के शुक्लागंज गंगाघाट निवासी विमला देवी, शुभम कुमार, रेलबाजार का अजय कुमार शर्मा उर्फ जडेजा, नजीराबाद के नेहरूनगर का उपेंद्र सिंह भदौरिया, बिठूर के बैरी अकबरपुर का उदय नारायण शर्मा, विकासनगर निवासी आलोक मिश्रा, श्यामनगर का अरिदमन सिंह, धर्मेंद्र यादव उर्फ धर्मू, बादशाहीनाका निवासी श्रोत गुप्ता।

### फरार चल रहे

ग्वालटोली का परमट निवासी धीरज दुबे, सिविल लाइंस का नीरज दुबे उर्फ सोनू पंडित।

## करंट की चपेट में आकर किसान की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिधनू थानाक्षेत्र के कुशलपुर गांव में सोमवार दोपहर फर्राटा पंखा लगाते समय करंट की चपेट में आने से किसान दिनेश कुमार (45) की मौत हो गई।

बिना प्लग के पंखे का तार सॉकेट में लगाते समय तार निकलकर उनके हाथों में छू गया।

लोगों डंडा से उन्हें हटाया और सीएचसी ले गए वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

पति का शव देख पत्नी पूनम व बेटे निखिल व आशीष का रो-रोकर बुरा हाल है। बिधनू इंस्पेक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर कार्रवाई की जा रही है।

पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## पितृपक्ष : पितरों के प्रति श्रद्धा और संस्कृति की अनन्त परंपरा

**यह समझना आवश्यक है कि पितृपक्ष अंधविश्वास नहीं है, बल्कि आत्म-जागरूकता और स्मृति की परंपरा है। इसके माध्यम से हम अपने पूर्वजों से प्रेरणा लेने के साथ-साथ यह सीखते हैं कि परंपरा केवल अतीत की धरोहर नहीं बल्कि भविष्य का मार्गदर्शन भी है। वर्तमान समय में जब सामाजिक जीवन में तेजी से बदलाव हो रहा है। लोगों का अपने बुजुर्गों से संवाद घट रहा है और अकेलेपन की समस्या गहराती जा रही है। तब पितृपक्ष हमें सामूहिकता, पारिवारिकता और सांस्कृतिक आत्मीयता का महत्व याद दिलाता है।**

*भारत की सांस्कृतिक धारा इतनी विशाल और गहन है कि इसमें जीवन और मृत्यु दोनों के रहस्यों की गहन व्याख्या मिलती है। यहाँ केवल वर्तमान या भविष्य ही नहीं, बल्कि अतीत और स्मृति भी उतनी ही पवित्र स्थान रखती है। इन्हीं परंपराओं में से एक है पितृपक्ष, जिसे श्राद्ध पक्ष भी कहा जाता है। भाद्रपद पूर्णिमा से लेकर आश्विन अमावस्या तक चलने वाला यह कालखंड भारतीय समाज में विशेष महत्व रखता है। यह सिर्फ धार्मिक अनुष्ठानों का समय नहीं, बल्कि अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने, अपनी जड़ों को याद करने और पारिवारिक-सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने का अवसर है। पितृपक्ष अर्थात् पितरों को समर्पित पक्ष। हिंदू परंपरा में यह विश्वास है कि इस पखवाड़े में हमारे पूर्वज धरती पर अपने वंशजों से मिलने और आशीर्वाद देने आते हैं। यह कालमान केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत संवेदनशील है। जिस तरह एक वृक्ष अपनी जड़ों से रस पाकर हरा-भरा रहता है, उसी प्रकार मनुष्य भी अपने पितरों की स्मृति और आशीष से शक्ति पाता है। इस दृष्टि से पितृपक्ष को भूतकाल और वर्तमान का सेतु कहा जा सकता है। पितृपक्ष में श्राद्ध करना अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। श्राद्ध का शाब्दिक अर्थ है-श्रद्धा से किया गया कार्य। इसका उद्देश्य है-पूर्वजों को जल, अन्न और तिल अर्पित कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना। गरुड़ पुराण और महाभारत जैसे ग्रंथों में श्राद्ध और तर्पण का विस्तृत विवरण मिलता है। लोकविश्वास है कि इस दौरान किए गए तर्पण और दान से पितरों की आत्मा तृप्त होती है और वे वंशजों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। हिंदू दर्शन में जीवन और मृत्यु को एक निरंतर चक्र के रूप में देखा गया है। शरीर नश्वर है किंतु आत्मा अमर। पितृपक्ष इस सत्य की गहरी याद दिलाता है। जिस प्रकार देवताओं को यज्ञ में आह्वान किया जाता है, उसी प्रकार पितरों के लिए भी विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं। गीता में भी कहा गया है कि पितृ यज्ञ मनुष्य के पाँच महायज्ञों में से एक है। अर्थात् पूर्वजों का संमार्ग स्मरण, केवल व्यक्तिगत आस्था का विषय नहीं बल्कि सामाजिक कर्तव्य भी है। यदि केवल धार्मिक रीति-रिवाज के परे देखा जाए, तो पितृपक्ष एक सांस्कृतिक अनुशासन है। यह वह काल है जब परिवार के सभी लोग एकत्र होकर अपने पूर्वजों की स्मृति में अनुष्ठान करते हैं। यह सामूहिकता, पारिवारिक एकता और पीढ़ियों के बीच जुड़े रहने की भावना को मजबूत करती है। आज के समय में जब परिवार बिखरते जा रहे हैं, बुजुर्गों के अनुभव को पर्याप्त महत्त्व नहीं मिल रहा और नई पीढ़ी तेजी से वैश्वीकरण की चकाचौंध में अपनी जड़ों से दूर हो रही है, तब पितृपक्ष हमें यह स्मरण कराता है कि हम केवल वर्तमान नहीं हैं, बल्कि पीढ़ियों की वह कड़ी हैं जिन्हें मिलाकर हमारी अस्मिता बनती है। भारत की परंपराएं कभी भी केवल आध्यात्मिकता तक सीमित नहीं रही हैं। इन अनुष्ठानों के माध्यम से पर्यावरणीय संतुलन और सामूहिक कल्याण का संदेश भी मिलता है। श्राद्ध के समय ब्राह्मण, गौ, कुत्ते, कौवे और अन्य प्राणियों को अन्न अर्पित करने की प्रथा है। यह केवल धार्मिक विधान नहीं, बल्कि प्रकृति और समाज के विभिन्न घटकों को परिवार मानने की भावना है। कौए को पितरों का प्रतीक मानकर अन्न डालना दरअसल जैव विविधता और साझा जीवन के प्रति सम्मान का द्योतक है। आज का समाज तेजी से आधुनिकता और उपभोक्तावादी दृष्टिकोण की ओर अग्रसर है।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

**प्रत्येक वृक्ष का अधिवासन करें। वृक्ष के अधिवासन के समय ऋग्वेद, यजुर्वेद या सामवेद के मंत्रों से हवन करें। वृक्ष तथा उद्यान की प्रतिष्ठा से परम सिद्धि की प्राप्ति होती है। पद्म पुराण में वृक्षारोपण का फल बताया गया है। पीपल का पेड़ लगाने से रोग नाश होता है और धन मिलता है। पाकड़ का पेड़ लगाने से यज्ञ का फल मिलता है। नीम का पेड़ लगाने से सूर्य देवता की कृपा हम पर बरसती है। इसी तरह बेल का पेड़ लगाने से शिव प्रसन्न होते हैं। कोई भी पेड़ लगाने से वातायन में सकारात्मक परिवर्तन होता है। पीपल, बरगद तो पूजनीय हैं ही। यजुर्वेद के शांति मंत्र में औषधियों वनस्पतियों के शांत रहने की प्रार्थना है-पृथ्वी शांत हों, अंतरिक्ष शांत हों, वनस्पतियां औषधियां शांत हों।**

# पेड़ों के अवैध कटान से बड़े खतरे की तरफ बढ़ते हम



हृदयनारायण दीक्षित

**मोदी सरकार ने 'मिशन लाइफ', स्वच्छ भारत अभियान, नमामि गंगे परियोजना और राष्ट्रीय वन महोत्सव जैसी योजनाओं से पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया है। पर्यावरणीय नीति 'कैमपा' के माध्यम से राज्यों को हजारों करोड़ रुपये पेड़ लगाने के लिए दिए गए। योगी आदित्यनाथ ने 2017 से रिकॉर्ड वृक्षारोपण महाअभियान चलाया। 2022 में एक ही दिन में लगभग 35 करोड़ पौधे लगाए गए।**

सर्वोच्च न्यायालय ने पेड़ों की अवैध कटान पर तीखी टिप्पणी की है। मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने कहा कि, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि पेड़ों की अवैध कटान हुई है। कोर्ट ने केन्द्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब राज्यों से तीन हफ्तों में जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा है कि, पहाड़ी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध कटाई दिखाई पड़ती है। कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि, वह इसकी जांच करें। इसके लिए जो कुछ भी जरूरी हो, किया जाना चाहिए। पेड़ कटानों का परिणाम देश के लिए घातक होता है। वृक्षों से वर्षा होती है। कटान से ऋतु चक्र गड़बड़ाता है। विश्व बैंक की 'दक्षिण एशियाई हॉटस्पॉट-तापमान के प्रभाव और जीवन स्तर का परिवर्तन' शीर्षक से रिपोर्ट आई थी। रिपोर्ट में अनुमान किया गया था कि सन् 2050 तक भारत की जीडीपी 28 प्रतिशत तक घट सकती है। अन्य तमाम संस्थाओं ने भी जलवायु परिवर्तन से भारत को खतरा बताया है। भारतीय ज्ञान परंपरा में वृक्ष और वनस्पतियां पृथ्वी परिवार के अंग हैं। हम उन पर आश्रित हैं। पेड़ पौधों में भी जीवन होता है। हमारे और वृक्ष वनस्पतियों के बीच परस्परावलंबन है। वे सभी ऋतु चक्र को प्रभावित करते हैं। पृथ्वी के प्राकृतिक घटक अव्यवस्थित हो गए हैं। इसी अव्यवस्था के चलते उत्तराखण्ड सहित देश के अन्य राज्यों में भूस्खलन, बादल फटने की घटनाएं भी चिन्ता का विषय हैं। तूफान और बाढ़ आती है। भारत की अधिकांश नदियां जलहीन हो रही हैं। ऋतु परिवर्तन का चक्र गड़बड़ा गया है। इसका असर पशु पक्षियों पर भी पड़ा है। सन् 2000 में पेरिस में 'अर्थ कमीशन' ने पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण के 22 सूत्र निकाले थे। ऐसी बैठकें लगातार होती रहीं। 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने टिकाऊ विकास के 17 लक्ष्य निर्धारित किए थे। पर्यावरण इन लक्ष्यों में खासा महत्व रखता है। भारत ने टिकाऊ विकास के लक्ष्यों पर बढ़-चढ़कर काम किया है। पेट्रोल डीजल का उपयोग घटाने के प्रयास हुए हैं। विद्युत चलित वाहन बढ़ रहे हैं। लेकिन अभी ठोस परिणाम नहीं आए हैं। सभ्यता के विकास में शुरुआत में पेड़-पौधे ही हमारे संरक्षक और विधाता थे। हम उनको प्रणाम करते थे। पानी देते थे। वैदिक काल से ही पेड़ पौधों को प्रेम करने वाली संस्कृति प्रवाहमान है। वैदिक काल के बाद का चरण हड़प्पा सभ्यता है। यह खूबसूरत नगरीय सभ्यता थी। आजादी के बाद में नगरों महानगरों का अराजक विकास हुआ। नगर क्षेत्र विस्तार की नीति पेड़ पौधों को आत्मीय समझने वाली होनी चाहिए। हम भारत के लोग वनस्पतियों में देवता देखते रहे हैं। लोक मान्यता में प्रत्येक पेड़ का एक देवता होता है। विष्णु पीपल के देवता हैं। बरगद के देवता शिव हैं। सोम के देवता चन्द्रमा हैं। अशोक के देवता इन्द्र और आदित्य हैं। आंवला के देवता विष्णु हैं। महाभारत में कथा है। कृष्ण ने एक बार पृथ्वी की पूजा की थी। वे समाधिष्ट हो गए। पृथ्वी स्त्री वेश में कृष्ण के सामने पहुंचीं। कृष्ण ने पृथ्वी से अभिलाषा की, मां आप कैसे प्रसन्न होती हैं? पृथ्वी ने कहा, सभी जीवों को प्यार करो। पेड़ पौधों को संरक्षण दो। प्रतिदिन अपने भोजन का एक हिस्सा अलग रख लिया करो। जीव आएंगे और प्रसन्न होंगे। वृक्षों और वनस्पतियों को भी प्रेम की प्यास रहती है। पृथ्वी पर पेड़ पौधों की उपस्थिति एक असाधारण संरचना है। लाखों जीव और वनस्पतियां पृथ्वी में हैं। मैकडनल ने वैदिक माइथॉलजी में खूबसूरत टिप्पणी की है। ऋग्वेद के अनुसार वह वन वृक्षों का आधार हैं। वही वर्षा कराती हैं। अथर्ववेद में पृथ्वी सूक्त है। इस सूक्त में कहा गया है कि, ÷यह वनस्पतियों का आधार है। पृथ्वी का गुण गंध है। यह गंध वनस्पतियों में है।÷ पृथ्वी संसार की धारक है। पेड़ों की कटान के विरुद्ध अधिनियम हैं। लेकिन इस कटान में स्थानीय पुलिस की भागीदारी रहती है। पूर्वजों का ध्यान वनस्पतियों पर था। ऋग्वेद में वनस्पतियों को देवता कहा गया है। अथर्ववेद के एक सूक्त (1.34) में ऋषियों के वनस्पति प्रेम की झांकी है। अथर्वा के सामने एक लता है। लता से कहते हैं, आप मधुरता के साथ पैदा हुई हैं। फिर कहते हैं, हे लता आप मधुर हैं। हमें भी मधुर बनाएं। समूचे वैदिक वांग्मय में वनस्पतियां छाई हुई हैं। ऋषियों ने सोम को देवता बताया है। सोम को वनस्पतियों का राजा भी कहा गया है। (ऋग्वेद 9.114.2) सोम एक वनस्पति थी। इससे रस निकाला जाता था। ऋग्वेद के अनुसार सोम देवताओं को प्रिय थी। उनकी मान्यता थी कि सोम का रस पीने से अमृत्व मिल जाता है। वनस्पतियां कई तरह की हैं। पेड़ों की कटान की तरफ सर्वोच्च न्यायालय ने देश का ध्यानाकर्षण किया है। यह बहुत उचित है। यह भारतीय जन गण मन का ध्यान खींचने वाला है। विकास की अंधी दौड़ में हमारी अस्मिता समाप्तप्राय हो रही है। प्राचीन संस्कृति के अनेक अवशेष आज भी हम सब का ध्यान परंपरा की ओर आकर्षित करते हैं। कोई व्यक्ति अपने फार्म हाउस में एक छोटा-सा बगीचा बनाता है। उसका नाम पंचवटी रखता है। पंचवटी श्रीराम का विश्राम स्थल थी। वाल्मीकि ने रामायण में बताया है कि, ÷श्रीराम अयोध्या से पैदल चलकर प्रयागराज पहुंचे थे। प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर ऋषि भारद्वाज का आश्रम था। उन्होंने श्रीराम को आते देखा। वंदना की। उस समय आश्रम के सारे पेड़ पौधे नाच रहे थे। अथर्ववेद के ऋषि ने देवताओं से अपने लिए घर मांगा। लगे हाथ संभावित घर का नक्शा भी बना दिया। ऋषि कहते हैं कि हमें ऐसा घर दो जिसमें गाएं अपने बछड़े के साथ घूम भी सकें और वनस्पतियों औषधियों के पौधे भी घर की शोभा बढ़ाएं। बीते 30-35 वर्ष में वृक्षारोपण का काम सरकारों द्वारा किया गया है। पेड़ लगाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल प्रशंसनीय रही है। मोदी सरकार ने 'मिशन लाइफ', स्वच्छ भारत अभियान, नमामि गंगे परियोजना और राष्ट्रीय वन महोत्सव जैसी योजनाओं से पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया है। पर्यावरणीय नीति 'कैमपा' के माध्यम से राज्यों को हजारों करोड़ रुपये पेड़ लगाने के लिए दिए गए। योगी आदित्यनाथ ने 2017 से रिकॉर्ड वृक्षारोपण महाअभियान चलाया। 2022 में एक ही दिन में लगभग 35 करोड़ पौधे लगाए गए। अब तक उत्तर प्रदेश में लगभग 200 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। गंगा हरितिमा अभियान के अंतर्गत गंगा किनारे पेड़ लगाने का विशेष कार्यक्रम चलाया गया। अग्नि पुराण में श्रीभगवान कहते हैं, अब मैं वृक्ष प्रतिष्ठा का वर्णन करता हूं। जो भोग और मोक्ष प्रदान करने वाली है। वृक्षों को सर्वो औषधि जल से लिप्त, सुगंधित चूर्ण से विभूषित तथा माला से अलंकृत करें।



**अभियान के अंतर्गत गंगा किनारे पेड़ लगाने का विशेष कार्यक्रम चलाया गया। अग्नि पुराण में श्रीभगवान कहते हैं, अब मैं वृक्ष प्रतिष्ठा का वर्णन करता हूं। जो भोग और मोक्ष प्रदान करने वाली है। वृक्षों को सर्वो औषधि जल से लिप्त, सुगंधित चूर्ण से विभूषित तथा माला से अलंकृत करें।**

---

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितिया 18:27 तक |
| नक्षत्रः | उत्तरभाद्रपदा 17:57 |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | गांदा, 23:54 तक |
| सूर्योदयः | 06:03 |
| सूर्यास्तः | 18:25 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 15:20-16:53 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:50 -12:39 |

## जन एक्सप्रेस

### जोर है लगाया !

*उलटफेर करने को ।*
*जोर है लगाया ।।*
*है पूरा प्रयास ।*
*करें जो फरमाया ।।*
*है हम ही अब बेहतर ।*
*पुनः याद दिलाया ।।*
*कसी कमर है जनता ।*
*उनका तय सफाया ।।*
*चिंतन मनन जारी है ।*
*लेने को कमान ।।*
*ठान लिया है जनता ने ।*
*देना ही सम्मान ।।*
*देखते पर ए दावे ।*
*लेते कैसा रुप ?*
*जनता ने है तय किया ।*
*इनके कुछ अनुरुप ?*



- कृष्णेन्द्र राय

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## हर्निया की अनदेखी से हो सकता है सेहत को नुकसान!



**कई** लोग हर्निया की समस्या से परेशान रहते हैं। हर्निया तब होता है, जब कोई आंतरिक अंग या टिश्यूज पेट की मांसपेशियों के किसी कमजोर स्थान या गैप से बाहर की ओर निकल जाता है। यह समस्या आमतौर पर पेट या कमर के आसपास होती है लेकिन कई बार लोग हर्निया के सूजन या दर्द को मामूली समस्या समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन इसको नजरअंदाज करना गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। डॉ. राजेंद्र सोनवणे के अनुसार, हर्निया की अनदेखी करना एक बड़ा खतरा और इसके ठीक होने में रुकावट आने का खतरा हो सकता है। ऐसे में हर्निया की समस्या को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

**अवरोध का खतरा होना:** हर्निया की अनदेखी करने से आंतें हर्निया के गैप में फंस जाती हैं, इसको अवरोध कहा जाता है। इस स्थिति में व्यक्ति को पेट में तेज दर्द होने, पेट फूलने, गैस होने और उल्टी होने की समस्या हो सकती है। इस स्थिति में इलाज न किया जाए, तो यह स्थिति गंभीर हो सकती है।

**स्ट्रैंगुलेशन की समस्या:** स्ट्रैंगुलेशन की समस्या तब होती है, जब फंसे हुए ऊतक (आमतौर पर हर्निया के मामले में आंतों) में ब्लड की आपूर्ति बंद हो जाती है, जिससे सेल्स मर जाते हैं और गंभीर संक्रमण होता है, जो एक गंभीर या जानलेवा स्थिति हो सकती है। इस स्थिति में आपातकालीन सर्जरी की जरूरत होती है और इसमें जटिलताएं होती हैं और दोबारा होने की संभावना बढ़ जाती हैं।

**टाइम के साथ हर्निया का साइज बढ़ना:** हर्निया का इलाज न किया जाए तो समय के साथ इसका आकार बढ़ता जाता है। इससे न केवल व्यक्ति को दर्द होने या परेशानी होती है। बल्कि सर्जरी करना भी ज्यादा मुश्किल भी हो सकती है।

**डेली एक्टिविटीज होती हैं प्रभावित:** हर्निया की समस्या को नजरअंदाज करने से व्यक्ति को लगातार बेचैनी, नियमित कार्य करने और खेल से जुड़ी एक्टिविटीज करने में परेशानी हो सकती है। हर्निया के इन लक्षणों को नजरअंदाज करने से स्वास्थ्य पर बुरा असर होता है, लंबे समय तक दर्द होने और सीमित गतिशीलता के रूप में असर पड़ सकता है।

**मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है असर:** जब व्यक्ति में लगातार हर्निया के दर्द, असुविधा और किसी भी समय गंभीर स्थिति बनने के डर रहता है, तो इसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। इसके कारण व्यक्ति अधिक स्ट्रेस और चिंता में रहता है।

**अन्य बीमारियों का खतरा:** हर्निया को नजरअंदाज करने और इसका इलाज न कराने के कारण व्यक्ति को कई परेशानियां होती है, जिसके कारण उसकी शारीरिक गतिविधियां सीमित हो जाती हैं। इनके कारण ब्लड शुगर, मोटापा, हार्ट से जुड़ी बीमारी, हड्डियों या रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एक्सरसाइज और फिजिकल एक्टिविटिज की जरूरत होती है।

**सावधानियां:** डॉ. राजेंद्र सोनवणे के अनुसार, इस हर्निया की कंप्लीकेशन्स को रोकने के लिए डॉक्टर से तुरंत सलाह लेना जरूरी है। प्लांड हर्निया सर्जरी सर्जनों को आज उपलब्ध सर्वोत्तम विकल्पों का उपयोग करने की अनुमति देती है। न्यूनतम इनवेसिव लेप्रोस्कोपिक या रोबोटिक तकनीक अब तेज़ी से ठीक होने और कंप्लीकेशन्स को कम करने की अनुमति देते हैं। ध्यान रहे, हर्निया सिर्फ एक छोटी सी सूजन नहीं है, जिसको नजरअंदाज किया जा सके। समय से इसका इलाज कराने से कंप्लीकेशन्स को रोकने और एक स्वस्थ और एक्टिव एक्टिविटीज को बढ़ावा मिल सकता है।

---

### एक्सप्रेस विशेष

# अंकल जज सिंड्रोम में फंसी न्यायपालिका



डॉ. अजय खेमरिया

**2024 में कोलेजियम ने रिश्तेदार जजों की नियुक्ति पर प्रतिबंध का निर्णय लिया था लेकिन पिछले डेढ़ महीने में कोलेजियम की सिफारिशें बता रही हैं कि अंकल जज सिंड्रोम से हमारी न्यायपालिका मुक्त होने के लिए तैयार नहीं है। इसलिए अब वक्त आ गया है।**

**हाल ही में कोलेजियम द्वारा मप्र हाईकोर्ट के लिए पदोन्नत किये गए एक जज के विरुद्ध अधीनस्थ महिला सिविल जज ने गंभीर आरोप लगाए थे। कोलेजियम द्वारा महिला जज के आरोपों को अनसुना करने पर सिविल जज ने सेवा से इस्तीफा दे दिया था। वकील कोटे से नियुक्त एक अन्य जज के विरुद्ध भी अधीनस्थ जजों ने लम्बा पत्राचार किया था लेकिन कोलेजियम ने कोई ध्यान नहीं दिया।**

**ऐसी** चर्चा है कि सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने बांबे हाईकोर्ट के लिए पिछले सप्ताह 14 वकीलों के नाम को हरी झंडी दी है, इसमें मौजूदा मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के भतीजे राज दामोदर वाकोडे भी शामिल हैं। यही नहीं रंजीत सिंह भौंसले और मेहरोज अशरफ खान पठान भी जज के रुप में नियुक्ति की सिफारिश पाने वाले वकीलों में शामिल हैं। भौंसले के पिता बैरिस्टर राजा भौंसले महाराष्ट्र में एडवोकेट जनरल और बॉम्बे हाईकोर्ट में जज रह चुके हैं। खास बात यह है कि मौजूदा मुख्य न्यायाधीश इन्हीं राजा भौंसले के साथ जूनियर के रूप में काम कर चुके हैं। अशरफ पठान मुंबई में मुख्य न्यायाधीश श्री गवई के जूनियर के रूप में नामंकित रहे हैं। इन सिफारिश का विस्तृत ब्यौरा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। सवाल मुख्य न्यायाधीश के रिश्तेदार और जूनियर, सीनियर का नहीं है बल्कि भारतीय न्यायपालिका के शीर्ष पर नैतिकता से जुड़ा है।जस्टिस गवई अकेले जज नहीं हैं, जिनके सगे-सबन्धियों को हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति मिल रही हो। स?वाधीनता के बाद से ही हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्तियों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। संविधान से इतर मौजूदा कोलेजियम व्यवस्था की तो सर्वाधिक तीखी आलोचना भी होती है। मौजूदा सरकार ने जज चयन के लिए नया कानून भी बनाया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे नहीं माना। कोलेजियम का एक दूसरा निर्णय भी इन दिनों चर्चा में हैं। पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विपुल एम पंचोली को सुप्रीम कोर्ट के लिए पदोन्नति दी गई है। कोलेजियम समिति में सदस्य जस्टिस बीवी नागरत्ना इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने जस्टिस पंचोली की वरिष्ठता पर सवाल उठाए हैं।जस्टिस नागरत्ना के अनुसार जस्टिस पांचोली देश के अलग-अलग हाईकोर्ट की समेकित वरिष्ठता सूची में 57 वे नंबर पर हैं, उनसे वरिष्ठ जज सुप्रीम कोर्ट की पदोन्नति के लिए उपलब्ध हैं। इसके अलावा जस्टिस नागरत्ना गुजरात मूल का मुद्दा भी उठा रही हैं, उनकी आपत्ति है कि विपुल पांचोली के सुप्रीम कोर्ट आने से गुजरात के तीन जज हो जायेंगे। जस्टिस नागरत्ना ने अपने असहमति पत्र में लिखा है कि जस्टिस पांचोली की पदोन्नति प्रशासन के प्रतिकूल है बल्कि कॉलेजियम प्रणाली की विश्वसनीयता को भी खतरे में डालेगी। कोलेजियम ने 25 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के लिए जस्टिस आलोक आराधे और विपुल पांचोली को सुप्रीम कोर्ट के लिए पदोन्नत किया है। इस निर्णय को करने वाली समिति में बीवी नागरत्ना के अलावा मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई, जस्टिस सूर्यकान्त, जस्टिस विक्रम नाथ एवं जस्टिस जेके माहेश्वरी शामिल रहे हैं। जाहिर है आलोचनाओं के इस प्रहसन ने कोलेजियम के अंतर्विरोध और आपसी मतभेदों को भी उजागर कर दिया है। जस्टिस नागरत्ना जिस मुद्दे को उठा रही हैं, वह तकनीकी और नैतिक रूप से उचित नहीं है क्योंकि 17 अगस्त 2021 को कोलेजियम ने जिन 09 हाईकोर्ट जजों को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति दी थी उनमें स्वयं नागरत्ना भी हैं। जस्टिस नागरत्ना उस समय किसी भी हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश नहीं थीं और उन्हें यह सोचकर सुप्रीम कोर्ट लाया गया था कि वे देश की पहली मुख्य न्यायाधीश बनेंगी। जस्टिस नागरत्ना के पिता ईएस वेंकटरमैया भी सुप्रीम कोर्ट के जज रह चुके हैं। गुजरात को लेकर उनकी यह आपत?ति? भी ठीक नहीं है क्योंकि मप्र के भी वर्तमान में तीन जज सुप्रीम कोर्ट में कार्यरत हैं। सुप्रीम कोर्ट वरिष्ठता के हिसाब से जस्टिस नागरत्ना 2027 में कुछ दिन के लिए मुख्य न्यायाधीश बनेगी ही। अगर विपुल पांचोली पदोन्नति पाते हैं तो वे भी देश के 60वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। मुख्य न्यायाधीश गवई के 45 वर्षीय भतीजे राज वाकोडे का भी मुख्य न्यायधीश बनना तय है। इसके साथ ही जस्टिस गवई भी उन 17 न्यायिक खानदानों में शामिल हो जायेंगे जिनके दो सदस्य सुप्रीम कोर्ट में पदस्थ रहे हैं। सच्चाई यह है कि सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम नैतिक और तकनीकी रूप से भयंकर अंतर्द्वंद का शिकार भी है। बॉम्बे हाईकोर्ट के लिए नामांकित 14 वकीलों का मामला हो या जस्टिस विपुल पांचोली की पदोन्नति दोनों ही मामलों में कोलेजियम की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल तो खड़े हो ही रहे हैं। जस्टिस पांचोली विवाद से ऐसा भी लगता है कि जजों में तीखे मतभेद भी हैं, जिसके चलते न्यायिक प्रशासन में उपयुक्त चयन प्रभावित हो रहे हैं। चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और अवसर की समानता अभी भी न्यायपालिका की चौखट पर दम तोड़ रही है।

# करोड़ों रुपये खर्च के बाद भी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित है ट्रांस शारदा क्षेत्र

## राणा प्रताप नगर उप स्वास्थ्य केन्द्र खंडहर में तब्दील, जिम्मेदार हैं मौन

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



**हजारा।** उत्तर प्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार के द्वारा ग्रामीणों के उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं के लिए करोड़ों रुपये खर्च किया जा रहा है मगर वहीं पीलीभीत जनपद के हजारा क्षेत्र में ग्रामीणों को सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। खंडहर में तब्दील हो चुके उप स्वास्थ्य केन्द्र को बनवाने के लिए ग्रामीणों के द्वारा कई बार मांग किया गया मगर जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए हैं ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केन्द्र को पुनः बनवाने की मांग किया है। राज्य एवं केन्द्र सरकार के द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाएं रखने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर जगह-जगह अस्पताल उप स्वास्थ्य केंद्र बनाकर उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है मगर जनपद पीलीभीत के पूरनपुर तहसील के ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में सरकार की स्वास्थ्य सेवाएं परवान नहीं चढ़ पा रही हैं। ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में लगभग पौने दो लाख की आबादी निवास करती है और इतनी बड़ी जनसंख्या के स्वास्थ्य के देखभाल करने के लिए एकमात्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर हजारा है जहां अक्सर संसाधनों की कमियां बनीं रहती हैं और उक्त अस्पताल के अंतर्गत छः उप स्वास्थ्य केंद्र भिन्न-भिन्न गांवों में है और वहां स्वास्थ्य कर्मी तैनात हैं मगर उप स्वास्थ्य केंद्र खंडहर में तब्दील हो जाने के चलते ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव राणा प्रताप नगर में संचालित उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन टूट फूट कर खंडहर में तब्दील हो गया है उक्त उप स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात स्वास्थ्य कर्मी नियमित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं जबकि सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि उप स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी नियमित उप स्वास्थ्य केंद्र पर ही निवास करते हुए ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएंगे मगर सालों से राणा प्रताप नगर का उप स्वास्थ्य केन्द्र विरान पड़ा हुआ है। उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित न होने के कारण प्रसव के लिए महिलाओं को भटकना पड़ता है तो वहीं टीकाकरण के लिए भी अन्यत्र स्थानों पर जाना पड़ता है। राणा प्रताप नगर के ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग पीलीभीत को कई बार अवगत कराते हुए उप स्वास्थ्य केंद्र को बनाने की मांग किया मगर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अफसर चुप्पी साधे बैठे हैं।

गांव राणा प्रताप नगर की ग्राम प्रधान रमावती देवी पूर्व बीडीसी शशीकला शर्मा, पूर्व प्रधान सुमन गुप्ता, कमरुद्दीन अंसारी, पूर्व प्रधान हरीश खंडूजा, मोहम्मद फारुक, कासिम खां, जीतन लाल, ताज मोहम्मद अंसारी, रोहित गौतम, सुरेश, सहदेव, राजकुमार सैनी, राजाराम मौर्या सहित अन्य दर्जनों ग्रामीणों ने उक्त उप स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र बनवाने की मांग किया है।

> राणा प्रताप नगर के उप स्वास्थ्य केंद्र को बनवाने के लिए नये भवन हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है और विभागीय लिखा-पढ़ी निरंतर की जा रही है मंजूरी मिलते ही भवन निर्माण कराया जाएगा। वर्तमान में राणा प्रताप नगर उप स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य कर्मी तैनात हैं जहां स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं।
>
> **डा.आलोक कुमार शर्मा**
> **मुख्य चिकित्साधिकारी पीलीभीत।**

# राज्यमंत्री ने नदी कटान प्रभावित ग्रामों का किया दौरा, अफसरों को दिये कटान रोकने के निर्देश

- बाढ़ पीड़ितो को वितरित की खाद्यान किट, क्षतिग्रस्त हुए मकानों का सर्वे करने के दिये निर्देश

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**





गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज सोमवार को बाढ़ प्रभावित एवं नदी कटान वाले गांवो का दौरा किया जहा उन्होनें बाढ़ पीड़ितो को खाद्यान किट का वितरण किया। इस दौरान उन्होनें बाढ पीड़ितो की समस्याये सुनी और उनके समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिये। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने भ्रमण के दौरान उनके साथ मौजूद ए0डी0एम0 वित्त रितू पुनिया एंव अन्य अधिकारियों को सहा की नदी कटान रोकने के समुचित प्रबन्ध किये जाये और बाढ़ बारिश के दौरान जिन ग्रामीणों के मकान क्षतिग्रस्त/ध्वस्त हो गये है उनका तत्काल सर्वे करा कर उनकों शासन की नीति के अनुसार मुआवजा प्रदान किया जाये। ग्रामीण क्षेत्रों में जन सभाओं को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा की भाजपा सरकार बाढ़ पीड़ितों की हर सम्भव मदद करने को तैयार है और किसी को भी परेशानी नही होने दी जायेगी।राज्यमंत्री श्री गंगवार ने आज नदी कटान वाले क्षेत्रों में मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण मोटर साईकल से कटान की स्थिति को मौके पर जाकर देखा। उन्होनें सिचाई विभाग के अधिकारियों को भी कहा है कि नदी कटान वाले क्षेत्रों में तत्काल कटान रोके जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। क्षेत्र भ्रमण के दौरान राज्यमंत्री श्री गंगवार ने मरौरी ब्लाक क्षेत्र के ग्राम नाकूड़, बेहरी खेड़ा, बक्शपुर, दियुनीकेसरपुर आदि कई गांवो का दौरा कर बाढ बारिश से हुई जनहानि का जायजा लिया। इस दौरान मरौरी ब्लाक प्रमुख सभ्यता वर्मा, मण्डल अध्यक्ष अनीता कश्यप, प्रतिनिधि ओमप्रकाश वर्मा, जसपाल सिंह, हरीशंकर, ग्राम प्रधान सोवरन सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर: हालत गंभीर-पहुंची पुलिस

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



**हजारा।** अज्ञात डीसीएम चालक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है दुर्घटना की सूचना पर पुलिस पहुंचकर घायल की बाइक थाने लाई तो वहीं ग्रामीणों ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया है।सोमवार को ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव कबीरगंज निवासी भगवानदीन(47) अपनी प्लेटिना बाइक से संपूर्णानगर की ओर से कबीरगंज अपने घर की ओर जा रहे थे कि हजारा थाना के निकट मुरैना गांधीनगर सड़क पर तेज गति से एक डीसीएम चालक बाइक सवार युवक भगवानदीन को जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर मौके से गाड़ी सहित फरार हो गया उधर सड़क पर पड़े घायल युवक को ग्रामीणों ने उठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर हजारा में पहुंचाया जहां कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं था फार्मासिस्ट ने लहुलुहान घायल युवक का प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर बताते हुए रेफर कर दिया है। घटना की सूचना पर घायल युवक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और घायल को उपचार हेतु ले गये हैं।उधर हजारा थानाध्यक्ष शरद यादव ने घटना की सूचना पर उपनिरीक्षक अशोक कुमार व आरक्षी रोहित चौधरी को मौके पर भेजकर घायल युवक की बाइक थाने में खड़ा कराया और बताया है कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ध्रुव कॉलोनी के हालात जानने पहुंचे एसडीएम



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

एसडीएम ने गांव खरकिया बरगदिया ध्रुव कॉलोनी पहुंचकर कटान की स्थिति देखी। गांव के मार्ग पर पानी भरने से ग्रामीण परेशान थे। सोमवार को एसडीएम टीम के साथ और बाढ़ के अधिकारियों को लेकर गांव पहुंच गए। अधिकारियों ने पूरे गांव का भ्रमण कर कटान और नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान ड्रोन से भी सर्वे कराया गया। जायजा लेने के बाद एसडीएम ने खुली बैठक में ग्रामीणों से वार्ता की।इस दौरान ग्रामीणों ने आबदी को बचाने की मांग रखी। ग्रामीणों को बचाव कार्य का आश्वासन दिया गया। बाढ का पानी गांव से उतरने के बाद शारदा नदी ने कटान शुरू कर दिया। नदी का पानी नाले में आने से कई कच्चे मकान कट गए थे। इसके बाद नदी ने पुल के पास खेतों का कटान शुरु कर दिया था। गांव से नदी भी महज 10 मीटर के दायरें में रह गई थी। इसके बाद भी ग्रामीणों की समस्या देखने न तो कोई जनप्रतिनिधि ही पहुंचा था और न ही कोई अधिकारी। खानापूर्ति के लिए राजस्व कर्मियों को भेजा गया था। सोमवार को एसडीएम ने अपनी टीम के साथ गांव पहुंचकर हालात देखे। अधिकारियों ने पूरे गांव का भ्रमण कर कटान और वहां की स्थित का जायजा लिया। इसके बाद पुल पर चल रहे पानी और हो रहे कटान को देखा। अधिकारियों के पहुंचने के बाद ग्रामीणों को मदद की उम्मीद जगी है।

# कछुए पकड़ने वाले दोनों आरोपियों को भेजा गया जेल



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

दो दिन पहले वन विभाग ने तालाब से कछुआ पकड़ने वाले दो आरोपियों को हिरासत में लिया था। उनके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों से बरामद कछुओं को उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा।थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव जगतपुर के रहने वाले रमेश पुत्र राम भरोसे और वीरू गौतम पुत्र राजकुमार को खुटार रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने तालाब के से कछुआ पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उनके पास से कछुए भी बरामद हुए थे। गांव के रहने वाले प्रेम कुमार ने मामले की शिकायत पुलिस से भी की थी। दोनों आरोपियों के पास से तालाब से पकड़े गए दो कछु भी बरामद हुए। खुटार रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बरामद कछुओं को सुरक्षित रखा गया है। शीघ्र उन्हें उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा।

# खीरी के लाल ने जिले का नाम किया रोशन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**




शहर के मोहल्ला हाथीपुर सेठघाट निवासी डाक्टर आशीष कुमार अवस्थी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। डाक्टर अवस्थी को ओमान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम का हेड फिजियोथेरेपिस्ट नियुक्त किया गया है। वे अब आगामी एशिया कप व आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप क्वालीफायर में टीम के साथ जिम्मेदारी निभाएंगे।ओमान की टीम आगामी एशिया कप (12 सितंबर से श्रीलंका में) और आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप क्वालीफायर (15 सितंबर से स्कॉटलैंड में) खेलेगी। डॉ.अवस्थी टीम के खिलाड़ियों की फिटनेस पर काम करेंगे। इस समय वे दुबई में टीम के साथ हैं। डाक्टर आशीष कुमार अवस्थी का पूरा परिवार इस उपलब्धि से बेहद खुश है। उन्होंने बताया कि ओमान की टीम वर्ल्ड कप तक भारत, उत्तर प्रदेश और विशेषकर खीरी का गौरव बढ़ाएगी। लंदन क्लब में अनुभव लेने के बाद अब वे ओमान क्रिकेट टीम के साथ जुड़े हैं। फिजियो फिटनेस का पूरा ध्यान रख रहे हैं। ओमान टीम आगामी मुकाबलों में भारत और पाकिस्तान जैसी मजबूत टीमों से भिड़ेगी। डाक्टर आशीष का मानना है कि उनकी सेवाएं टीम को मजबूती देंगी। व्यापारी के बेटे ने इस तरह तक किया अंतरराष्ट्रीय मंच तक सफर 35 वर्षीय आशीष व्यापारी अमरनाथ अवस्थी और गृहणी गूंजना देवी के इकलौते बेटे हैं। उनकी शादी बहराइच निवासी शालिनी से हुई थी। आशीष ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज से कक्षा 10 तक प्राप्त की। इसके बाद 12वीं की पढ़ाई लखीमपुर राजकीय इंटर कॉलेज से पूरी की। इंटर पास करने के बाद उन्होंने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से फिजियोथेरेपी की पढ़ाई की। इसके बाद मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी की डिग्री हासिल की। शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने दिल्ली में प्रैक्टिस करना शुरू किया। इसी दौरान उन्हें दिल्ली के विभिन्न स्पोर्ट्स क्लबों से जुड़ने का मौका मिला। धीरे-धीरे उन्होंने ख्याति प्राप्त की और कई बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व भी किया। कई बार मिल चुका है अंतरराष्ट्रीय सम्मान डॉ.अवस्थी को अंतरराष्ट्रीय प्रमाणपत्र से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने सिंगापुर, दिल्ली और कई अन्य शहरों में आयोजित मैराथन एवं स्पोर्ट्स इवेंट्स में खिलाड़ियों को फिटनेस ट्रेनिंग दी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### ई-रिक्शा की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** सड़क पार कर रहे एक ग्रामीण को ई रिक्शा ने टक्कर मार दी। सीएचसी में उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने जांच पड़ताल की। कोतवाली क्षेत्र के गांव जेठापुर कलां के रहने वाले राजेंद्र पुत्र जगन्नाथ किसी काम से सबलपुर गए थे। वहां से वह मोहनपुर जा रहे थे। पूरनपुर खुटार हाईवे को पार करते समय राजेंद्र को एक ई रिक्शा ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर उनके परिजन मौके पर पहुंच गए। वह घायल राजेंद्र को सीएचसी लेकर पहुंचे। जीएसटी में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहरामम मच गया। सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई। शिकायत के बाद पुलिस ने ई-रिक्शा की तलाश शुरू कर दी है।

### गाली-गलौज के बाद छात्र को स्कूल के बाहर पीटा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** हाई स्कूल के दो छात्रों में सोशल मीडिया पर विवाद के बाद गाली गलौज हुआ। उसके बाद दोनों स्कूल के बाहर एक छात्र ने दूसरे की पिटाई कर दी जिससे वह घायल हो गया। उसके पिता ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तैयार दिया है। नगर के मोहनलाल साहूकारा के रहने वाले डा.मोहम्मद नदीम स्वामी डिग्री कॉलेज में प्रवक्ता है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा जिया उल हक कस्बे के एक स्कूल में दसवीं का छात्र है। कुछ दिन पहले जिया उल हक का कक्षा में ही पढ़ने वाले गैर समुदाय के दूसरे छात्र से सोशल मीडिया पर गाली गलौज हो गया था। सोमवार को छुट्टी के बाद गैर समुदाय के दूसरे छात्र ने स्कूल के बाहर जिया उल हक के साथ मारपीट की। आरोप है उसने सरिया और कड़ा मारकर जिया उल हक को घायल कर दिया। उसका सिर फटने से खून बहने लगा। मारपीट के बाद अफरा तफरी मच गई। प्रवक्ता मोहम्मद नदीम ने बताया कि उनके बेटे को गैर समुदाय के छात्र से जान माल का खतरा बना हुआ है। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### तालाब में डूबने से एक युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव में तालाब में डूबने से एक युवक की हुई मौत। घटना की सूचना पर नीमगांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा। बताते हैं कि थाना क्षेत्र के बरुई गांव का निवासी कल्लू का 25 वर्षीय पुत्र हज़रत अपने घर से बिना बताए दो दिन पहले गया था और वापस घर नहीं लौटा जिसकी सूचना कल्लू खान ने नीमगांव थाने पर दी थी। सोमवार सुबह गांव वालों की सूचना मिलने पर गांव के बाहर तालाब में मृतक हज़रत का शव दिखाई दिया जिसकी सूचना पर नीमगांव थाना के दरोगा जीतेन्द्र पाल यादव अपने हमराही सिपाही मनीष और अक्षय कुमार के साथ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा है। गांव वाले बताते हैं मृतक हज़रत का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और शौच करने तालाब के नजदीक गया था जहां उसकी डूब कर मौत हो गई है मृतक के परिजन किसी पर भी कोई आरोप नहीं लगाया है।

### रपटापुल से डूबे युवक की दूसरे दिन भी तलाश जारी

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** फरधान थाना रविवार की दोपहर उल्ल नदी पर कोल्हौरी गांव के पास बने रपटापुल के पास से साइकिल सवार साइकिल समेत डूब गया था। जिसकी दूसरे दिन भी तलाश जारी रही है फरधान थाना क्षेत्र के कोरिया जंगल गांव का रहने वाला विक्रम लगभग 30 वर्ष अपने रिश्तेदारी को गया था वापसी के समय रपटापुल पर उसके साथ यह घटना घटी थी । घटना के समय मौके पर पहुंची पुलिस ने साइकिल को पानी से निकाल लिया था और युवक की खोज खबर नहीं लगी थी जबकि खबर लिखे जाने तक डूबे युवक का कोई पता नहीं चल सका है इस संबंध में बात करने पर थाना प्रभारी निरीक्षक दया शंकर द्विवेदी ने बताया कि अभी डूबने वाले का कुछ पता नहीं चल सका है। गोताखोर और एनडीआरएफ की टीमों द्वारा तलाश करने का प्रयास किया जा रहा है।

# मेला कमेटी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव पिपरा मुजस्सा में कमेटी द्वारा जन्माष्टमी मेले का आयोजन बड़े ही धूम धाम से किया जा रहा था। कंस वध के साथ मेले का समापन किया गया। सात दिनों तक चले इस मेले में रासलीला का मंचन किया गया। मेले के समापन पर परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले गाँव के छात्र-छात्राओं को पुरुष्कार देकर मेला कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया।

हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट 2024-25 परीक्षा में अच्छे अंकों से पास होने वाले विवेक शर्मा, कृतिका कुशवाहा आकाश, वाल्मीकि, अंजली दीक्षित, पुष्पेंद्र शर्मा आदि छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस बार भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले में छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसकी शुरुआत ग्राम पिपरा मुंजसा के ग्राम प्रधान विनोद कुमार प्रजापति, अमन कीर्तन शुक्ला, रामसिंह राठौर, सत्यदेव कुशवाहा, अभिषेक शर्मा (गोलू शर्मा), मंजीत शर्मा, धर्मवीर वाल्मीक आदि कई लोगों के द्वारा की गई थी। आए हुए अतिथियों ने छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और मेहनत से पढ़ाई करके कामयाबी हासिल करके अपने माता पिता,गाँव व जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। पुष्पेंद्र शर्मा ने एमबीबीएस डॉक्टर बनकर अपने गांव एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### युवती से छेड़छाड़: पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** थाना भीरा क्षेत्र में एक युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। 23 वर्षीय युवती बकरी चराने गई थी। इस दौरान आरोपी इरशाद और उसका एक साथी वहां पहुंच गए। पुलिस ने सोमवार को इरशाद और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ धारा 74/351(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।इरशाद ने युवती का हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। युवती के विरोध करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी।

# लखीमपुर खीरी में समृद्धि के शताब्दी संकल्प पर मंथन, प्रबुद्धजनों ने रखे सुझाव

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



> त्त्क्र कोड स्कैन कर बताइए अपना सुझाव, सीधे पहुँचेगा सरकार तक- नोडल अधिकारी
> कृषि से उद्योग तक... विचारों का संगम, प्रबुद्ध समिति की हुई कार्यशाला

विकसित उत्तर प्रदेश और आत्मनिर्भर भारत का सपना अब केवल सरकार की योजनाओं तक सीमित नहीं, बल्कि हर घर की भागीदारी से जुड़ रहा है।कलेक्ट्रेट के अटल सभागार में आयोजित शताब्दी संकल्प ञ्च2047 कार्यशाला में प्रबुद्धजनों से लेकर किसानों, उद्यमियों, शिक्षकों और श्रमिकों तक सबने अपने विचार साझा किए। किसानों ने आधुनिक, प्राकृतिक खेती की दिशा दिखाई, उद्योग जगत ने निवेश व कनेक्टिविटी की जरूरत बताई, वहीं शिक्षा व श्रमिक संगठनों ने जनहित से जुड़े सुझाव दिए।

इस कार्यशाला की अध्यक्षता नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने की। समिति में शासन से नामित विशेषज्ञों में सेवानिवृत्त आईएएस कुमदलता श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त आईएफएस अजय कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक यूपीसी कॉरपोरेशन डॉ. रामशब्द जैसवारा, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी सलिल यादव तथा वाईडी कॉलेज से हेमंत पाल शामिल हुए। कार्यशाला में अर्थशक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। कार्यशाला की शुरुआत में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार ने नोडल अधिकारी एवं विशेषज्ञों को पुष्पगुच्छ देखकर स्वागत किया।कार्यशाला की शुरुआत में सीडीओ अभिषेक कुमार ने कार्यशाला की आवश्यकता और प्रासंगिकता बताई। सीडीओ ने कहा कि इस कार्यशाला में वितरित फोल्डर में अंकित क्यूआर कोड को स्कैन करके अपने विचार और संकल्प साझा किया जा सकते हैं।

कार्यशाला में क्रमशः उद्योग, श्रमिक संगठन, माध्यमिक शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा के विभिन्न संगठन के पदाधिकारियो ने मा. प्रधानमंत्री की संकल्पना को साकार किए जाने के उद्देश्य से अपने महत्वपूर्ण सारगर्भित सुझाव दिए।आईएमए अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने राजापुर व छाउछ के अलावा एक नए इंडस्ट्रियल एरिया की जरूरत बताई। उन्होंने ओडीओपी में प्लाईवुड उद्योग शामिल करने और मंडी टैक्स में राहत की मांग की। उद्यमी रमेश अग्रवाल ने तकनीकी ग्रेड यूरिया केंद्र की स्थापना पर जोर दिया। व्यापारियों ने दिल्ली से बेहतर ट्रेन कनेक्टिविटी की आवश्यकता जताई।खांडसारी उद्योग के प्रतिनिधियों ने नियमों में शिथिलता की मांग उठाई। श्रमिक संगठन के पदाधिकारी अरविंद मिश्रा और यूसुफ ने मूलभूत सुविधाओं से लैस लेबर अड्डों की स्थापना का मुद्दा रखा। माध्यमिक शिक्षा संगठन के पदाधिकारी राजेंद्र कुमार आर्य, विशाल वर्मा,मीनाक्षी तिवारी ने अपने विचार रखे। बेसिक शिक्षा संगठन से संजय मिश्रा, राकेश मिश्रा, आभा शुक्ला, डॉ. नमिता श्रीवास्तव ने भी सारगर्भित सुझाव दिए।

### किसानों ने आधुनिक तकनीक और प्राकृतिक खेती पर दिया जोर

प्रगतिशील किसान मुरलीधर, अशोक शुक्ला और रामनरेश सहित बड़ी संख्या में किसानों ने कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के सुझाव दिए। किसानों ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को हासिल करने के लिए खेती-किसानी को आधुनिक तकनीक से जोड़ना बेहद जरूरी है। वही प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही युवाओं को कृषि से जोड़ने और उन्हें उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करने की आवश्यकता बताई।

### नोडल अधिकारी ने की हर परिवार से जुड़ने की अपील, त्त्क्र कोड और विशेष पोर्टल से सुझाव देना बेहद आसान

नोडल अधिकारी गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस ने जिले के प्रत्येक परिवार से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है। अब हर परिवार सीधे सरकार तक अपने सुझाव पहुँचा सकता है।नोडल ने बताया कि त्त्क्र कोड और विशेष पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन सुझाव देना बेहद सरल है। उन्होंने कहा कि वितरित किया गया फोल्डर केवल जानकारी नहीं, बल्कि एक आमंत्रण है। अपने विचार और संकल्प साझा करने के लिए अभी त्त्क्र कोड स्कैन करें या विज़िट करें

### भारत की उन्नति के लिए अर्थ, सृजन और जीवन शक्ति जरूरी - कुमदलता श्रीवास्तव

सेवानिवृत्त आईएएस कुमदलता श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से यह पैनल प्रबुद्धजनों से सुझाव प्राप्त करने आया है। भारत की उन्नति के लिए अर्थशक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति को विस्तार देना आवश्यक है। प्रतिभागियों से अपील की कि वे अपने मन में उठ रहे प्रश्न और सुझाव अवश्य साझा करें, ताकि उन्हें शासन तक पहुँचाकर मूर्त रूप दिया जा सके।

### जनभागीदारी से ही सफल होगा शताब्दी संकल्प- सलिल यादव

शताब्दी संकल्प ञ्च2047 कार्यशाला में सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी सलिल यादव ने कहा कि इस संकल्प का उद्देश्य आमजन के सुझाव और सहभागिता को जानना है। जनता की भागीदारी और सारगर्भित विचार ही प्रदेश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने में मदद करेंगे। कार्यशाला के सफल आयोजन पर जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

### शताब्दी संकल्प को पूरा करने में कृषकों की महती भूमिका- डॉ.जैसवारा

सेनि कृषि अधिकारी यूपीसी कॉरपोरेशन डॉ. रामशब्द जैसवारा ने कहा कि समर्थ और समृद्ध उत्तर प्रदेश बनाने के लिए इस तरह के आयोजन महत्वपूर्ण हैं। शताब्दी संकल्प को पूरा करने में कृषकों की महती भूमिका है, क्योंकि कृषि क्षेत्र ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भरता की रीढ़ है। किसानों के विचार और सुझाव बेहद अहम हैं, जिन पर अमल कर हम प्रदेश को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं।

# संदिग्ध अवस्था में मिला महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस | पनवाड़ी (महोबा)



कस्बा पनवाड़ी के मुहल्ला साहिद कलौनी में रविवार की देर रात एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतका की पहचान 50 वर्षीय अनीता पत्नी हरनारायण के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार, हरिनारायण की पहली पत्नी की मृत्यु लगभग पाँच वर्ष पूर्व एक सड़क हादसे में हो गई थी। उसके बाद से हरिनारायण अपनी दूसरी पत्नी अनीता के साथ रह रहा था। रविवार की रात अचानक अनीता का शव घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटकता मिला। परिवार के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या प्रतीत हो रहा है। हालांकि, सच्चाई का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के पति हरिनारायण की ओर से इस संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया है।

मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने पूरे मकान का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। टीम ने घटनास्थल से मिली वस्तुओं का परीक्षण भी किया। जांच के बाद रिपोर्ट पुलिस को सौंपी जाएगी।

इस दौरान कुलपहाड़ क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह और नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा भी मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम का जायजा लिया। अधिकारियों ने पुलिस टीम को निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए।

पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही यह तय किया जा सकेगा कि यह आत्महत्या है या फिर किसी ने महिला की हत्या कर इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की है। फिलहाल पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। कस्बे में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। पड़ोसियों का कहना है कि अनीता अनीता का स्वभाव शांत था और उसने आत्महत्या क्यों की यह समझ से परे है। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि घटना के पीछे की वास्तविक वजह का पता लगाने के लिए जांच पड़ताल जारी है और दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क पार करते समय ट्रक की टक्कर से वृद्ध की मौत

जन एक्सप्रेस | उरई

एट थाना क्षेत्र के हाईवे पर ट्रक ने एक वृद्ध को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने खड़े ट्रक को कब्जे में ले लिया और चालक की तलाश शुरू कर दी।

एट थाना क्षेत्र के ग्राम धमसैनी निवासी सुबराती 80 वर्ष पुत्र अमीरे रविवार देर शाम सड़क पार कर रहा था। तभी तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गई और राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को हाईवे एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां पर उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। वही घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी पंकज कुमार पांडे का कहना खबर मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। ट्रक चालक की तलाश की जा रही है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## मौरम, गिट्टी ट्रक-डम्फर एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन



जन एक्सप्रेस | उरई/जालौन

मौरम, गिट्टी ट्रक-डम्फर एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिलाधिकारी को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें शामिल मांगों पर गंभीरता पूर्वक ध्यान देकर उनका समाधान किया जाये, ताकि वह अपना व्यापार सुविधाजनक तरीके से पूर्व की तरह कर सकें। मौरम गिट्टी ट्रक, डम्फर एसोसियेशन अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, राहुल पिरौरा, सतीश, दिलीप, गजराज सिंह, सलमान खान, सुशील कुमार, अस्तयाक खान, धर्मेन्द्र शर्मा, अरुण सेंगर, सतीश यादव, सुनील विश्वकर्मा, कल्याण यादव, विनोद यादव, महेंद्र प्रताप सिंह, दीपू तिवारी, हसीब खान, शैलेंद्र आदि ने जिलाधिकारी को संबोधित दिये गये ज्ञापन में मांग की मौरम, गिट्टी की अंडरलोडिंग की व्यवस्था खदान व क्रेसर से ही यानी लोडिंग प्वाइंट से सुनिश्चित की जाये। यदि कोई ट्रक, डम्फर ओवरलोड पाया जयो तो संबंधित पट्टाधारण पर कार्यवाही अमल में लायी जाये। ट्रक, डम्फर ऑपरेटरों पर जो फर्जी मुकदमे दर्ज किये गये उन्हें खत्म कराया जाये। साथ ही भविष्य में मुकदमा दर्ज न किये जाये। ओवरलोडिंग की वजह से प्रताड़ित कई ट्रक, डम्फर ऑपरेटर आत्महत्या कर चुके है तो कई कर्ज के मकड़जाल में फंसकर आत्महत्या करने की कतार में खड़े हैं। खनिज विभाग द्वारा गलत चालान किये गये थे उन्हें खत्म कराया जाये आदि मांगे शामिल थी।

## मवई प्रधान ने पूर्व में डली सीसी के ऊपर सीसी डलवा कर निकाला पैसा

जन एक्सप्रेस | कदौरा

केंद्र व प्रदेश सरकार की मंशा के बाद भी गांव का विकास बुरी तरह से प्रभावित नजर आ रहा है। गांव में हो रहे विकास कार्यों में धांधली इस कदर हावी है कि जहां जरूरत है वहां पर कोई निर्माण नहीं हो रहे जबकि बनी हुई सीसी रोड़ पर पर फिर से सीसी डाल दिया गया है। हम बात कर रहे हैं एक ऐसे गांव की जहां पर एक सीसी रोड का निर्माण लगभग चार साल पहले ही हुआ था उस पर प्रधान के द्वारा फिर से सीसी डलवाई गई है। जिससे ग्रामीणों में खासा रोष व्याप्त है। जालौन के कदौरा ब्लॉक के ग्राम मवई अहीर में ये धांधली देखने को मिली है। ग्रामीणों की माने तो गांव में अन्य ऐसे कई रास्ते हैं, जहां पर आज तक सीसी नहीं डली है, कच्ची रोड हैं, लेकिन प्रधान द्वारा उस कच्ची रोड पर सीसी नहीं डलवाई गई और लगभग चार साल पहले ही डली हुई सीसी पर पुनः सीसी रोड़ डलवा दिया गया है। इससे साफ नजर आता है की ग्राम प्रधान सरकारी धन का दुरुपयोग कर अधिकारियों के साथ बंदरबांट करने में लगे हुए है। जहाँ पर महज लगभग चार साल पहले ही एक सीसी रोड का निर्माण कार्य सभापत के मकान से लेकर संतोष के घर तक कराया गया था। सीसी रोड पूरी तरह से ठीक थी। किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त भी नहीं हुई थी। उसी सीसी रोड पर प्रधान द्वारा दोबारा सीसी डलवाई गई है। जिससे ग्रामीणों में रोष पनप रहा है कि किस तरह से सरकारी रुपयों को ग्राम प्रधान द्वारा ठिकाने लगाया जा रहा है।

# सहपाठियों से मिले अखिलेश यादव, बहुत खुश नजर आए

- सरकार को दी नसीहत, अमेरिका से अच्छे संबंध रखें, चीन से सावधान रहें

जन एक्सप्रेस | आगरा

समाजवादी पार्टी के मुखिया और सूबे के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने यहां पुराने सहपाठियों से मुलाकात की। उन्होंने यहां उस स्कूल के कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें उन्होंने बचपन गुजारा था। पुराने दोस्तों से मुलाकात करके वे बेहद खुश नजर आए। उन्होंने केंद्र सरकार पर तीखे वार किए।

धौलपुर स्थित राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल की ओर से मुगल होटल में आयोजित शताब्दी समारोह आयोजित किया गया था। अखिलेश यादव यहां के छात्र रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम में आकर पुराने दोस्तों से मुलाकात की। यहां उन्होंने मीडिया से बातचीत में भाजपा पर करारा हमला बोला। कहा- अमेरिका ने जो टैरिफ लगाया है, वह भाजपा के मुंह पर लगा है। हमसे तो आप टैरिफ को लेकर सवाल पूछ रहे हो, लेकिन भाजपाइयों से पूछोगे तो उनका मुंह बंद हो जाएगा। भारत-चीन की नजदीकी की चर्चाओं के बीच अखिलेश ने कहा- चीन से सावधान रहना पड़ेगा। चीन से चौकन्ना रहना पड़ेगा। अमेरिका से हमें व्यापारिक संबंध मजबूत बनाने चाहिए। आज भी सबसे ज्यादा हमारे बच्चे पढ़ने कहीं जाते हैं, तो वे अमेरिका जा रहे हैं। बड़े पैमाने पर भारत के लोग अमेरिका में रह रहे हैं। अमेरिका जैसे बड़े देश से आपको संबंध अच्छे बनाकर चीन से सावधान रहना पड़ेगा।

हाल ही में केंद्र सरकार के जीएसटी में किए संशोधन पर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- इस सरकार को इतने सालों के बाद यह संशोधन करना पड़ रहा है। इसका यही मैसेज है कि इस सरकार ने जानबूझ कर जनता से टैक्स वसूला। ये जो टैक्स वसूला गया, वह आखिरकार किसके मुनाफे में जुड़ा? जनहित में इस धनराशि से क्या कार्य हुए?



### शहर के जाम को लेकर सरकार को घेरा

सपा मुखिया ने आगरा जैसे स्मार्ट सिटी में लोग घंटों ट्रैफिक में फंसे रहने को लेकर प्रदेश सरकार को घेरा। कहा कि जो मेट्रो सपा सरकार ने स्वीकृत की थी, उसको अभी तक भाजपा सरकार आगे नहीं बढ़ा पाई। तेजी से काम किया होता तो आज आगरा में मेट्रो का एक नेटवर्क दिखाई देता। ये वर्ल्ड क्लास सिटी है। 'वोट चोरी' पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि आपको अपना वोट खुद बचना होगा। वोट बचाएंगे तो लोकतंत्र बचेगा। वोट बचेगा तो उनके सर्टिफिकेट बचेंगे, राशन कार्ड बचेगा, नौकरी बचेगी। बाबा भीमराव अंबेडकर का दिया हुआ संविधान बचेगा।


## जनकपुरी में प्रवेश के लिए सज रहे आकर्षक द्वार

जन एक्सप्रेस | आगरा

श्री जनकपुरी महोत्सव को सफल और सार्थक बनाने के लिए कमला नगर के हर ब्लॉक से सक्रिय और प्रतिष्ठित लोग निरंतर जोड़े जा रहे हैं।

इस क्रम में रविवार को बी- ब्लॉक स्थित जनकपुरी महोत्सव के कार्यालय पर समिति के अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने नये पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए उनका माला पहनाकर स्वागत किया। चंद्र ग्रहण के कारण प्रभु राम की प्रतिदिन शाम को होने वाली आरती का कार्यक्रम भी दोपहर में ही इसी स्वागत समारोह के दौरान किया गया। सबने मिलकर जय सियाराम के जयकारे लगाए और जनकपुरी को ऐतिहासिक, भव्य, अकल्पनीय और बेहतरीन बनाने के लिए संकल्प व्यक्त किया। इस दौरान संरक्षक राकेश मंगल, संयोजक पार्षद पंकज अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल बैंक, विधि प्रकोष्ठ संयोजक दीपक माहेश्वरी एडवोकेट, प्रशासनिक व्यवस्था प्रभारी अनिल अग्रवाल एडवोकेट, पत्रिका प्रकाशन प्रभारी विजय गोयल, कार्यालय प्रभारी हरीश शर्मा गुड्डू, मनीष बंसल, मीडिया प्रभारी केके अग्रवाल, पवन अग्रवाल, बीपी शाक्य, संजीव शर्मा, दिनेश, पवन अग्रवाल भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। नये पदाधिकारियों में मंत्री के पद पर सौरभ पाठक, मंजीत सिंह यादव, राहुल तिवारी और कार्तिक सेठ चुने गए, वहीं उप मंत्री के पद पर राहुल शाक्य और आकाश गौतम चुने गए।

# खन्ना में विश्वकर्मा जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक हुई संपन्न



जन एक्सप्रेस | खन्ना (महोबा)

विगत वर्षों कि भाति इस वर्ष भी 17 सितम्बर 2025 को मनाए जाने वाले विश्वकर्मा जयंती समारोह के सम्बन्ध में एक बैठक का आयोजन किया गया।

प्राप्त सूत्रों के अनुसार जनपद के कबरई विकासखंड के अंतर्गत खन्ना में लाला उर्फ प्रेमनारायण विश्वकर्मा के आवास में विश्वकर्मा समाज के लोगों ने एक बैठक का आयोजन किया गया, बैठक कि अध्यक्षता प्रेमनारायण उर्फ लाला विश्वकर्मा ने कि जिसके 17 सितम्बर 2025 को भगवान विश्वकर्मा की जयंती समारोह आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों कि रूपरेखा तैयार कि गई, जिसमें रात्रि जागरण कार्यक्रम में जबाबी कीर्तन व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। बैठक में प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने कहा कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के समाज के सभी लोगों कि सहभागिता कि आवश्यकता है। जिससे आने वाले समय में निरन्तर इस तरह के कार्यक्रम होते रहे। बैठक में उपस्थित बालकिशन विश्वकर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए अपनी अपनी जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने कि अपील कि इस मौके में चिचारा, बरभौली, मवई खुर्द, कहरा, गुढ़ा, खन्ना सहित अनेकों गांव के विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल हुए।

जिसमें बाबू विश्वकर्मा, अवनीश विश्वकर्मा, राम किशुन विश्वकर्मा, रामनरायन विश्वकर्मा,मेघेनदर विश्वकर्मा, रामविशाल विश्वकर्मा नंदकिशोर विश्वकर्मा, गौरीशंकर विश्वकर्मा, सत्यनारायण विश्वकर्मा सहित अनेकों विश्वकर्मा समाज के लोग बैठक में शामिल रहे।

## ट्रक में लदे 14 गौवंश बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार, दो फरार

जन एक्सप्रेस | जालौन

कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गौ-तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से एक ट्रक में लदे गौवंश बरामद किए। नगर कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा एक ट्रक में लादकर ले जाए जा रहे गौवंशो की खबर मिली। खबर मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस टीम ने मुखबिर के बताए ठिकाने पर दविश डाल दी। इसके बाद पुलिस ने लोना रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास ट्रक की घेराबंदी कर दी। इस दौरान मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि दो अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने ट्रक की तलाशी के दौरान 14 गौवंश को बरामद किया, जिन्हें तस्करी कर दूसरे जनपद में ले जाया जा रहा था। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से दो देशी तमंचे और छह जिंदा कारतूस भी बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों की पहचान इब्राहिम और सलमान के रूप में की है। वहीं फरार होने वालों में छविराम और ट्रक चालक शामिल हैं, जिनकी तलाश के लिए पुलिस दबिश दे रही है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, इब्राहिम और सलमान का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।शुरुआती जांच में सामने आया है कि ये आरोपी पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर दी गई है, जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बरामद गौवंशों को सुरक्षित गौशाला भेजा गया है।

## जिलाधिकारी-एसपी के समक्ष 47 शिकायतें प्रस्तुत, 14 का निस्तारण



जन एक्सप्रेस | उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील सभागार कोंच में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम व एसपी ने सबसे पहले पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। इसके बाद फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर प्राथमिकता से समाधान करें। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 14 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, शेष शिकायतों को निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया। इस मौके पर एसडीएम कोंच ज्योति सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग में नवनियुक्त 10 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र का किया गया वितरण



जन एक्सप्रेस | महोबा

उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा वर्ष 2025 में घोषित अंतिम परिणामों में चयनित 1112 कनिष्ठ सहायक एवं 22 ऐक्सरे टेक्नीशियन के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा सोमवार को लोक भवन स्थित आडिटोरियम में किये गये कार्यक्रम का लाइव प्रसारण के कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसके उपरान्त जनपद में स्वास्थ्य विभाग में नवनियुक्त 10 कनिष्ठ सहायकों को मुख्य अतिथि विधायक राकेश गोस्वामी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम के द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद के स्वास्थ्य विभाग के 10 नवनियुक्त कनिष्ठ सहायक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वी.के. चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीजे को लेकर विवाद में मारपीट, चार लोग घायल

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

थाना बन्नादेवी क्षेत्र की कांशीराम आवास कॉलोनी में शनिवार देर रात डीजे को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने मारपीट और पथराव किया, जिसमें पति-पत्नी सहित चार लोग घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने एक हमलावर को पकड़कर डायल 112 की पीआरवी पुलिस को सौंपाएलेकिन पुलिस ने उसे छोड़ दिया। घायलों ने थाने में शिकायत कीएलेकिन वहां भी सुनवाई नहीं हुई और उन्हें एक घंटे तक इंतजार कराया गया। देर रात घायल जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया।

कांशीराम आवास कॉलोनी में रहने वाले गजराज मजदूरी करते हैं। शनिवार रात गणेश विसर्जन के बाद परिवार घर लौटा था। उनकी बेटी के कहने पर डीजे बजाया गया। जिस पर परिवार की महिलाएं नाच रही थीं। गजराज ने बताया कि रात में एक नशे में धुत युवक डीजे मशीन पर गिर पड़ा। उसे उठाकर जाने को कहा लेकिन वह 4.5 साथियों के साथ वापस आया और ईंट-पत्थर फेंकने लगा। इस हमले में गजराज उनकी पत्नी रवि देवी, भाभी स्नेह देवी और बेटी संध्या घायल हो गए। संध्या के सीने पर ईंट लगने से वह बेहोश हो गई।स्थानीय लोगों ने एक हमलावर को पकड़कर डायल 112 की पीआरवी को सौंपाए लेकिन पुलिस ने उसे छोड़ दिया। घायल थाने पहुंचे और तहरीर दीए लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# कारोबारी के घर नौकर ने ही कराई थी लूट

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़




थाना क्वार्सी क्षेत्र के महावीर पार्क इलाके में कारोबारी के घर पर उसके नौकर ने ही लूट कराई थी। आरोपी नौकर ने दोस्तों के साथ शराब पीकर लूट की सारी साजिश रची थी।

जिस समय घर पर कारोबारी की मां अकेली थी, आरोपी ने अपने साथियों को भेज दिया था। इसके बाद आरोपियों ने महिला को बंधक बनाकर घर की सारी अलमारियां और लॉकर खंगाले और लाखों के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी थी और एक सप्ताह बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान टीटू सैनी पुत्र होतीलाल निवासी चन्दनियां चौक थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़, अनिकेत शर्मा उर्फ राधे पुत्र रामगोपाल शर्मा निवासी बेगमबाग गली नं0 02 थाना क्वार्सी अलीगढ़, विजय गहलौत पुत्र तिलक सिंह निवासी चन्दनियां नियर पीडी पब्लिक स्कूल थाना क्वार्सी अलीगढ़ के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से पुलिस ने लूट का माल भी बरामद किया है। महावीर पार्क निवासी कुलदीप वार्ष्णेय की तालानगरी में हार्डवेयर की फैक्ट्री है।

बीते 30 अगस्त को वह अपनी तालानगरी स्थित फैक्ट्री में थे। घर के अन्य सदस्य भी बाहर गए हुए थे और घर पर बुजुर्ग मां अकेली थी। वह घर के ग्राउंड फ्लोर पर अपने कमरे में सो रही थी।तभी आरोपी घर के अंदर आए थे और महिला को हथियार के दम पर बंधक बना लिया था। इसके बाद आरोपियों ने उनके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया था और हाथ.पैर बांधकर घर में लूट की थी। किराएदार के आने की आहट सुनकर आरोपी फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी और मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी।

## शक्ति एनर्जी सॉल्यूशन्स ने लखनऊ में लॉन्च किए एआई-पॉवर्ड इन्वर्टर और भारत-रेडी सोलर रूफटॉप

जन एक्सप्रेस | आगरा

आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस कदम बढ़ाते हुए शक्ति एनर्जी सॉल्यूशन्स ने अपने चैनल पार्टनर्स और डीलर्स के लिए एक न्यू प्रॉडक्ट लॉन्च मीट का आयोजन किया। शिक्षक दिवस के विशेष अवसर पर लखनऊ स्थित हिल्टन गार्डन में हुए इस कार्यक्रम में प्रमुख पार्टनर्स और स्टेकहोल्डर्स ने भाग लिया तथा कंपनी के मिशन, भारत को स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा की ओर तेजी से अग्रसर करना को एक बार फिर दोहराया।

कार्यक्रम में कंपनी ने अपनी नेक्स्ट जनरेशन के सोलर रूफटॉप सिस्टम पेश किए, जो मेड इन भारत, मेड फॉर भारत की सोच के साथ विकसित किए गए हैं।

शक्ति एनर्जी सॉल्यूशन्स के सीईओ रामकृष्ण सतलुरी ने कहा कि शक्ति सोलर रूफटॉप हाई क्वालिटी सोल्यूशन है, जिसे मेड इन भारत, मेड फॉर भारत की फिलॉसफी के अंतर्गत डिज़ाइन किया गया है। ये प्रणालियाँ खासतौर पर भारतीय मौसम के अनुसार बनाई गई हैं, जो बेहतर उत्पादन, ज्यादा टिकाऊपन और विषम जलवायु परिस्थितियों में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन देने की क्षमता रखती हैं। अपडेटेड मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से ग्राहक अब रियल-टाइम में ऊर्जा उत्पादन को ट्रैक कर सकेंगे, जिससे पारदर्शिता, कार्यक्षमता और स्मार्ट एनर्जी मैनेजमेंट संभव होगा।÷

शक्ति पंप्स की विश्वसनीय विरासत पर आधारित, शक्ति एनर्जी सॉल्यूशन्स तेजी से उद्योग में भरोसेमंद ब्रांड के रूप में उभर रही है, जो सोलर पैनल, इन्वर्टर और मॉड्यूल माउंटिंग स्ट्रक्चर, सब कुछ एक ही छत के नीचे उपलब्ध करा रही है।

# पुलिस मुठभेड़ में गो-तस्कर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

- बिहार से बंगाल तक सक्रिय गो-तस्कर गिरोह का सदस्य था सलीम
- अभियुक्त के विरुद्ध गोवध और आर्म्स एक्ट सहित कई आपराधिक मामले में मुकदमे दर्ज

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



### अभियुक्त के विरुद्ध कई अपराधिक मुकदमे दर्ज

अभियुक्त सलीम पुत्र रहमतुल्ला, निवासी पकड़ी खुर्द, थाना कोतवाली महराजगंज (हालपता छपिया थाना भिटौली, जनपद महराजगंज) के विरुद्ध मु.अ.सं. 287/2019 धारा 3/8 गोहत्या निवारण अधिनियम, थाना छपिया, जनपद गोण्डा, मु.अ.सं. 289/2019 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट, थाना छपिया जनपद गोण्डा, व महराजगंज जनपद के थाना भिटौली में मु.अ.सं. 20/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना श्यामदेउरवा में मु.अ.सं. 213/25 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम सहित मु.अ.सं. 265/25 धारा 109(1), 317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज है।

### गिरफ्तारी करने वाल पुलिस टीम में शामिल

एसओजी प्रभारी योगेश कुमार सिंह, स्वाट प्रभारी अखिलेश प्रताप सिंह, श्यामदेउरवा थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह, भिटौली थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा, चौकी प्रभारी परतावल अमित कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी भी टीम में शामिल रहे।

जनपद पुलिस ने अंतर्जनपदीय गो-तस्कर गिरोह के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। बिहार और बंगाल तक सक्रिय और शातिर गो-तस्कर सलीम को पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ के बाद सेमरा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रशासन की कार्रवाई में आरोपी के पास से चोरी की अपाची मोटरसाइकिल, एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बीते दिनों में एक सफेद रंग की पिकअप (यूपी 57 बीटी 5842) पर क्रूरतापूर्वक बांधे गए पांच गोवंशीय पशुओं को सक्रिय गो-तस्कर द्वारा बिहार राज्य ले जाया जा रहा था। इस दौरान वाहन खराब हो जाने और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मौके से पांच गोवंशीय पशुओं को बरामद किया था, जिनमें से एक की मौत हो गई थी। इस मामले में थाना श्यामदेउरवा में मुकदमा दर्ज कर वाहन चालक और गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए तलाश शुरू कर दिया था। इसी क्रम में इसी सिलसिले में बीती रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी सलीम ने अवैध तमंचे से पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे सेमरा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक चोरी की अपाची मोटरसाइकिल, अवैध देशी तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में पता चला कि यह गिरोह संगठित होकर विभिन्न जनपदों व भिन्न भिन्न स्थानो से गोवंशीय पशुओं को पकड़कर तेज रफ्तार पिकअप वाहनों में लादकर बिहार और बंगाल तक तस्करी करता था। पशुओं को क्रूरतापूर्वक बांध दिया जाता और रास्ते में पुलिस या आम नागरिकों द्वारा रोकने पर यह गिरोह जानलेवा हमला करने से भी नहीं चूकता था।

## खड़े ऑटो से भिड़ी जीप पीईटी अभ्यर्थी घायल

जन एक्सप्रेस। देवरिया

प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) के अभ्यर्थियों से भरी जीप स्टेरिंग लॉक होने की वजह से खड़ी टेंपो से भिड़ गई। हादसे में आधा दर्जन अभ्यर्थी घायल हो गए। उनकी चीख पुकार सुनकर लोगों ने दौड़कर उन्हें निकाला और इलाज के लिए देवरिया भेजा। जानकारी के अनुसार, कंचनपुर चौराहे पर रविवार की सुबह पीईटी अभ्यर्थियों से भरी एक जीप अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़ी आरओ का पानी देने वाले टेंपो से टकरा गई। जीप में सवार कुशीनगर के कसया निवासी इरशाद अंसारी (25), रामकोला निवासी साक्षी, फाजिलनगर निवासी गीता सहित करीब आधा दर्जन अभ्यर्थी घायल हो गए। टेंपो क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों की चीख-पुकार सुनकर चौराहे के लोग दौड़कर वहां पहुंच गए और सभी को निकाला। लोगों ने प्राइवेट वाहन से घायलों को इलाज के लिए देवरिया भेजा। सूचना पाकर पहुंची पुलिस क्षतिग्रस्त वाहनों को थाने ले आई। थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी, सभी घायल जिला अस्पताल चले गए थे। तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

# टूठीबारी में अतिक्रमण हटाने को लेकर हुई मुनादी, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। टूठीबारी/महराजगंज



महाराजगंज से भारत नेपाल सीमा टूठीबारी तक एनएच 730एस के तहत सड़क चौड़ीकरण के लिए निर्माण कार्य प्रगति पर है। पीडब्ल्यूडी के जमीन पर काबिज स्थाई व अस्थाई रूप से दोनो तरफ के अवैध अतिक्रमण को लेकर सोमवार को लाउडस्पीकर से सूचना प्रसारित कराते हुए कहा कि सड़क भूमि से दो दी के अन्दर अतिक्रमण स्वयं हटा ले अन्यथा बिना किसी सूचना के अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। मिली जानकारी के मुताबिक सड़क निर्माण और चौड़ीकरण को लेकर सड़क विभाग द्वारा टूठीबारी कस्बे में मुनादी कराते हुए कहा कि सड़क निर्माण विभाग के जद में आने वाले भूमि को खाली कर दे। सड़क के ज़मीन पर किए गए अतिक्रमण में सीढ़ी, टीन शेड, ठेले, दुकान को स्वयं हटा लें अन्यथा उनके ऊपर कठोर विभागीय कार्यवाई की जाएगी। ऐसी स्थिति में अतिक्रमण हटाने की आवाज सुनते ही लोगो में हड़कंप मंच गया है, बीते वर्ष सड़क निर्माण के लिए अतिक्रमण के खिलाफ हुई तोड़फोड़ की कार्यवाही भी याद आने लगी है। बताया जा रहा कि सड़क शासन के निर्देश पर सड़क चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाने के लिए मुनादी कर भवन स्वामियों व दुकानदारों को चेतावनी दे दी गई है। यदि वे अतिक्रमण नहीं हटाएंगे तो विभाग द्वारा अतिक्रमण हटवा दिया जाएगा और जुर्माना भी वसूला जाएगा।

# बिना दवा कमर दर्द, गठिया और माइग्रेन में मददगार है फिजियोथेरेपी

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

भागदौड़ भरी दिनचर्या में कमर दर्द, गर्दन, घुटने, कंधे व अन्य जोड़ों की दर्द के रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। ये समस्याएं कम उम्र के लोगों को भी कम समय में अपनी चपेट में ग्रसित कर रही हैं। इसकी मुख्य वजह लोगों का बिगड़ा लाइफस्टाइल है। इन बीमारियों में फिजियोथेरेपी बड़ी कारगर है। फिजियोथेरेपी कई बीमारियों को जड़ से खत्म कर सकती है। सोमवार को विश्व फिजियोथेरेपी दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष की थीम स्वस्थ जीवन की नई दिशा है। विशेषज्ञों की मानें तो फिजियोथेरेपी दवाओं पर निर्भरता कम करने वाली एकमात्र चिकित्सा विधि है। चोट या सर्जरी के बाद रिकवरी में इसकी अहम भूमिका रहती है। कार्डियोवैस्कुलर कार्यप्रणाली और फेफड़ों की क्षमता को बढ़ावा देने में भी यह लाभदायक है। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. बरखा गुप्ता ने बताया कि रोजाना औसतन 30 से मरीज फिजियोथेरेपी करवाने पहुंच रहे हैं। मांसपेशियों की कमजोरी, लचीलेपन में कमी, टांगों और पैरों में दर्द व सुनापन, झुनझुनाहट या खिंचाव, हल्के से लेकर गंभीर दर्द जैसी समस्याएं मरीज यहां लेकर पहुंच रहे हैं। इस दर्द के कारण चलना फिरना, सोना, काम करना या रोजमर्रा की गतिविधियों में परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि सरवाइकल, माईग्रेन, लकवा, गठिया, फेफ्रर व आपरेशन के बाद जोड़ों का जाम होना, खेल के दौरान चोट, जिम में होने वाली चोटें, मांसपेशियों का खिंचाव व दर्द, छाती के रोग व अन्य समस्याओं को इस चिकित्सा विधि के माध्यम से ठीक करने में मदद मिलती है। फिजियोथेरेपी जीवनशैली संबंधी रोगों (जैसे मधुमेह, मोटापा, हृदय रोग, गठिया आदि) के प्रबंधन में अहम भूमिका निभाती है। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. बरखा गुप्ता ने बताया कि रोजाना औसतन 30 से मरीज फिजियोथेरेपी करवाने पहुंच रहे हैं। मांसपेशियों की कमजोरी, लचीलेपन में कमी, टांगों और पैरों में दर्द व सुनापन, झुनझुनाहट या खिंचाव, हल्के से लेकर गंभीर दर्द जैसी समस्याएं मरीज यहां लेकर पहुंच रहे हैं। इस दर्द के कारण चलना फिरना, सोना, काम करना या रोजमर्रा की गतिविधियों में परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि सरवाइकल, माईग्रेन, लकवा, गठिया, फेफ्रर व आपरेशन के बाद जोड़ों का जाम होना, खेल के दौरान चोट, जिम में होने वाली चोटें, मांसपेशियों का खिंचाव व दर्द, छाती के रोग व अन्य समस्याओं को इस चिकित्सा विधि के माध्यम से ठीक करने में मदद मिलती है। फिजियोथेरेपी जीवनशैली संबंधी रोगों (जैसे मधुमेह, मोटापा, हृदय रोग, गठिया आदि) के प्रबंधन में अहम भूमिका निभाती है।

## फुटबॉल टीम में देवरिया की पांच बेटियों का चयन

जन एक्सप्रेस। देवरिया

देवरिया के कुर्मी पट्टी खेल मैदान पर फुटबॉल की बारीकियां सीखने वालीं खिलाड़ियों का लगातार किसी न किसी वर्ग में चयन हो रहा। ग्रामीण क्षेत्र में लगातार प्रतिभा का प्रदर्शन दिखा रहीं बेटियां जिले का नाम रोशन कर रही हैं। इसी क्रम में यूपी की सीनियर महिला फुटबॉल टीम में कुर्मी पट्टी खेल मैदान से चार और देवरिया स्टेडियम से एक खिलाड़ी का चयन हुआ है। आगरा में चल रहे कैंप के बाद यूपी टीम की घोषणा शनिवार को हुई। यह खिलाड़ी अमृतसर में 9 सितंबर से मैच खेलेंगी। यूपी का पहला मुकाबला बिहार से होगा। कुर्मी पट्टी खेल मैदान की हिना खातून, सुष्मिता विश्वकर्मा, सोनाक्षी, मुस्कान और स्टेडियम की पुष्पा का चयन एकलव्य फुटबॉल मैदान आगरा में यूपी सीनियर महिला फुटबॉल टीम के ट्रायल के दौरान हुआ। इसमें 50 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

# महराजगंज के चयनित आठ अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

- कनिष्ठ सहायक व एक्सरे टेक्नीशियन पदों पर महराजगंज के आठ अभ्यर्थियों को मिली सफलता
- लखनऊ से लाइव प्रसारण के बीच जिलाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने सौंपे नियुक्ति पत्र, चमके युवाओं के चेहरे

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा घोषित अंतिम परिणाम के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से राज्यभर के 1,112 कनिष्ठ सहायक एवं 22 एक्सरे टेक्नीशियन पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। राजधानी लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण महराजगंज जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर जनपद के कुल 08 अभ्यर्थियों को मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी एवं जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थियों में सच्चिदानंद पांडेय, संतोष कुमार मौर्या, आशिक मोदनवाल, माधव प्रसाद गुप्ता, मिथिलेश यादव, विनय कुमार, गरिमा सिंह और उपेंद्र गौण शामिल हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत से किया। इसके बाद अतिथियों ने चयनित अभ्यर्थियों से परिचय प्राप्त किया और उनकी सफलता पर बधाई दी। जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल ने अभ्यर्थियों को निष्ठा और लगन से कार्य करने की सलाह देते हुए कहा कि सरकारी सेवा केवल नौकरी नहीं बल्कि जनसेवा का अवसर है। फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी ने इसे जीवन का अहम पड़ाव बताते हुए कहा कि परिश्रम का फल आज इन अभ्यर्थियों को मिला है और अब उनसे अपेक्षा है कि विभाग की छवि को और बेहतर बनाएंगे। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग में यह नियुक्तियां नई ऊर्जा का संचार करेंगी। उन्होंने भरोसा जताया कि सभी अभ्यर्थी अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाकर विभाग को नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगे। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ राकेश कुमार द्विवेदी, डीपीएम नीरज सिंह सहित अन्य अधिकारी व परिजन मौजूद रहे।

# नेपाल में बवाल: रूपनदेही जिले के भैरहवा और बुटवल में कर्फ्यू, भंसार कार्यालय हुआ बन्द, कई भारतीय फंसे

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



नेपाल में सोशल मीडिया पर रोक के बाद युवाओं द्वारा विरोध प्रदर्शन के कारण काठमांडो पोखरा के बाद रूपनदेही जिले के बुटवल और भैरहवा में भी स्थानीय प्रशासन ने कर्फ्यू लगा दिया है। नेपाल में प्रदर्शन को देखते हुए बेलहिया भंसार कार्यलय को बन्द कर वाहनों की आवागमन पर रोक लगा दी गई है। मुख्य जिला अधिकारी टोकराज पांडेय ने बताया कि भैरहवा क्षेत्र पूर्व में पेट्रोल पंप, धागा फैक्ट्री पुल पश्चिम में, बेलवास चौक तक उत्तर में चिड़िया नदी तक मंगलपुर के दक्षिण में भैरहवा क्षेत्र पूर्व में, रोहिणी नदी पुल तक पश्चिम में, बेथरी ब्रिज तक बुद्ध चौक के उत्तर में दक्षिण में, मेथादिहवा तक बुटवल बेलहिया सड़क खंड के दाएं और बाएं 100 मीटर तक कर्फ्यू जारी रहेगा। रूपनदेही जिले के भैरहवा और बुटवल में कर्फ्यू नेपाल में शोशल मीडिया पर रोक के बाद युवाओं द्वारा विरोध प्रदर्शन के कारण काठमांडो पोखरा के बाद रूपनदेही जिले के बुटवल और भैरहवा में भी स्थानीय प्रशासन ने कर्फ्यू लगा दिया है। मुख्य जिला अधिकारी टोकराज पांडेय के बताया कि सोमवार शाम 4:00 बजे से रात 10:00 बजे तक धारा 6 ए 2028 के अनुसार रूपनदेही जिले के बुटवल से भैरहवा क्षेत्र तक चार किलों के भीतर कर्फ्यू आदेश जारी किया गया है, जिससे किसी को भी उन सीमाओं के भीतर आने-जाने, किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, प्रदर्शन, बैठक, समागम या घेराव करने पर रोक लगा दी गई है। बुटवल क्षेत्र पूर्व में पेट्रोल पंप, धागा फैक्ट्री पुल पश्चिम में, बेलवास चौक तक उत्तर में चिड़िया नदी तक मंगलपुर के दक्षिण में भैरहवा क्षेत्र पूर्व में, रोहिणी नदी पुल तक पश्चिम में, बेथरी ब्रिज तक बुद्ध चौक के उत्तर में दक्षिण में, मेथादिहवा तक बुटवल बेलहिया सड़क खंड के दाएं और बाएं 100 मीटर तक जारी रहेगा।

## सीएचसी पर मरीजों को मिलेंगी और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिले में सीएचसी पर इलाज के लिए आने वाले मरीजों को अब आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। हाटा और फाजिलनगर में बीपीएचयू का निर्माण पूर्ण हो चुका है। यहां तो मरीजों को सुविधाएं भी मिलनी शुरू हो गई हैं। वहीं कप्तानगंज सीएचसी पर भवन बनकर तैयार हो गया है। यहां अब केवल हैंडओवर का इंतजार है। इसी के तर्ज पर अन्य सीएचसी पर भी बीपीएचयू (ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट) भवन का निर्माण कराया जाएगा। प्रत्येक भवन निर्माण में करीब 48 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें मरीजों को बैठने के लिए वेटिंग एरिया, कलेक्शन सेंटर के अलावा आफिस और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अब तक केवल कुछ मशीनों के माध्यम से मरीजों को ब्लड जांच की सुविधा मिल रही थी।

# डायरिया तो कहीं बुखार के पहुंचे मरीज

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



मुख्यमंत्री आरोग्य मेला रविवार को शहर के दो स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित हुआ। पुरुष नेत्र चिकित्सालय में डायरिया, बुखार के अधिक मरीज आए तो नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तेज बुखार व चर्म रोग के मरीजों ने इलाज कराया। डॉक्टर द्वारा इलाज के साथ ही स्वस्थ रहने के लिए जरूरी सलाह भी दी गई। डॉक्टरों ने बताया कि बुखार की जांच में टायफाइड के भी मरीज आ रहे हैं। शहर के पुरुष एवं नेत्र चिकित्सालय में इलाज कराने पहुंची मुस्कान को डायरिया की परेशानी थी। डॉक्टर बलराम दत्त शर्मा ने जरुरी दवाओं के साथ ही सफाई बनाए रखने सलाह दी। नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर उमर जमा आलिया (14) की जांच कर रहे थे। परिजन ने बताया कि तेज बुखार आ रहा है। डॉक्टर ने कहा कि मौसम के बदलाव के कारण बुखार, चर्म रोग और सर्दी खासी के मरीज आ रहे हैं।

120 मरीजों का हुआ इलाज

मंसाछापर। विशुनपुरा ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरपतही में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया। मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराई। कुल 120 मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। उजारनाथ प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करमैनी पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में डॉ संजय कुमार ने चर्म रोग, खासी, वायरल बुखार व पेटदर्द सहित विभिन्न रोगों का इलाज व परीक्षण किया। वहीं विशुनपुरा ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरपतही में कुल 120 मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया।

# चोरी के मामलों पर अंकुश लगाने में पुलिस विफल

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिले में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। सबसे अधिक चोरी की घटना लार, भाटपाररानी व भटनी में हुई है। अधिकतर मामलों का पर्दाफाश पुलिस नहीं कर पाई है। भटनी थाना क्षेत्र के बेलवा बाबू गांव में आठ अक्तूबर 2024 की रात हुई बड़ी चोरी का पर्दाफाश अब तक नहीं हो सका है। छत के रास्ते घर में घुसे चोर एक लाख तीस हजार रुपये नगद और करीब छह लाख रुपये के आभूषण ले उड़े थे। घटना के करीब 11 महीने बाद भी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। पीड़ित अर्जुन शाही का कहना है कि घटना के बाद पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया, मगर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बनकटा क्षेत्र के छैरिहां गांव निवासी मोतीलाल शर्मा दिल्ली रहते हैं। इनकी पत्नी और पुत्रवधु घर पर रहती हैं। 26 अगस्त को चोरों ने सामान चुरा कर उनकी पत्नी को घर के अंदर बंद कर दिया। इस घटना में पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया, मगर पर्दाफाश नहीं कर पाई। उसी दिन हठीचक गांव में भी चोरी की वारदात हुई, जिसे घर वालों ने डर वश पुलिस को कुछ नहीं बताया। लार नगर के शर्मा टोली में 13 सितंबर की रात उमेश शर्मा के घर में चोर दाखिल हो गए। तीन साल के मासूम के गर्दन पर चाकू रखकर पांच लाख से अधिक का सामान लूट लिया। पुलिस ने घटना की जांच कर केस तो दर्ज किया, मगर खुलासा नहीं कर पाई। बासोपट्टी गांव निवासी रिंकी देवी पत्नी अजीत शर्मा मैरवा से 85 हजार रुपये निकाल कर अपने पर्स में रखकर ई-रिक्शा से घर आ रही थी। जगदीशपुर पुलिया के पास बदमाशों ने उनका पर्स और मोबाइल छीन लिया। उधर, लार नगर के नारियल तर स्थित एक सोने-चांदी की दुकान में घुसे बाइक सवार बदमाश चेन छीन कर भाग गए। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद वारदात को संदिग्ध करार दे दिया। वहीं घारी वार्ड में घर में घुस दिनदहाड़े चोर जेवरात लेकर भाग गए। जांच के लिए पहुंची पुलिस ने घटना को संदिग्ध मान लिया। लार नगर के गयागिर वार्ड निवासी अधिवक्ता प्रियेशनाथ त्रिपाठी के घर फरवरी में पहुंचे दो बाइक सवार बदमाशों ने मां शैल त्रिपाठी, पत्नी वंदना त्रिपाठी के गले पर दिनदहाड़े चाकू रखकर दो जोड़ी कान का टॉप्स लूट लिया। अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। घटना का खुलासा अब तक नहीं हो सका है।

## नवोदय में प्रवेश के लिए बनाए जाएंगे 14 परीक्षा केंद्र

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिले में नवोदय प्रवेश परीक्षा आगामी 13 दिसंबर को प्रस्तावित है। इस परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जवाहर नवोदय परीक्षा समिति और जिला प्रशासन की तरफ से तैयारी तेज कर दी गई है। प्रवेश परीक्षा के लिए जिले के 14 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाने के लिए प्रस्तावित किया गया है। समिति की तरफ से अंतिम मोहर लगते ही प्रस्तावित विद्यालयों को परीक्षा केंद्र घोषित कर दिया जाएगा। पीएम-श्री जवाहर नवोदय विद्यालय मिल्की रसूलपुर में कक्षा छठवीं की 80 सीट के लिए जिले के 5442 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया गया है। आगामी 13 दिसंबर को कक्षा छह में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा की तिथि निर्धारित की गई है।

# विशुनपुर देवार के कई मजरों में घुसा बाढ़ का पानी

जन एक्सप्रेस। देवरिया



सरयू नदी खतरे के निशान 66.50 से 95 सेमी ऊपर 67.45 मीटर पर बह रही है। बाढ़ का पानी विशुनपुर देवार के करीब आधा दर्जन मजरों में घुस गया है। परसिया देवार के दो मोहल्ले, जबकि भदिला प्रथम गांव चारों तरफ से पानी से घिरा है। हालांकि, पिछले 24 घंटे में जलस्तर में पांच सेमी की कमी आई है। फिर भी दुश्वारियां बरकरार है। सरयू का जलस्तर बढ़ने पर रात्री भी उफान पर है। सरयू नदी में आई बाढ़ के कारण विशुनपुर देवार के कतलहिया, लोहार टोला, अनुसूचित जाति बस्ती, स्कूलहिया सहित करीब आधा दर्जन मोहल्ले में पानी घुस गया है। इससे लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि छप्परों में बाढ़ का पानी भर जाने के कारण मुश्किलें बढ़ गई हैं। दिन तो जैसे-तैसे कट जा रहा है, मगर रात भयावह हो जा रही है। विषैले जीव-जंतुओं का भय सताने लगा है। वहीं सरयू का पानी पीडब्ल्यूडी बांध के अलावा कटइलवा-कपरवार संगम तट और विनोबापुरी नवीन बंधे पर दबाव बना रहा है। परसिया देवार के दसरसरिया और भरटोला तक सरयू का पानी पहुंच गया है। जलस्तर में हो रही कमी से लोगों ने राहत महसूस की है।

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों की गर्जना, 16 को जिला मुख्यालय पर जुटेंगे




जन एक्सप्रेस। बस्ती

शिक्षक, जिन्हें समाज ने हमेशा ज्ञानदाता और राष्ट्र निर्माता कहा है, आज अपने ही भविष्य को बचाने की लड़ाई लड़ने पर मजबूर हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश और सरकार द्वारा बनाए गए नए नियमों ने वर्षों से सेवा कर रहे लाखों शिक्षकों की नौकरी पर संकट खड़ा कर दिया है। जिन शिक्षकों ने समाज की नींव मजबूत की, वही आज अपने अस्तित्व और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

इसी मुद्दे पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक सोमवार को डिलिया बीआरसी परिसर में हुई। बैठक में भारी संख्या में जुटे शिक्षकों का आक्रोश देखते ही बन रहा था। सभी का एक ही स्वर था–अब अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा। शिक्षकों ने एलान किया कि 16 सितम्बर को जिला मुख्यालय पर विराट धरना-प्रदर्शन होगा और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष रवीश मिश्र, सुधीर तिवारी, शिव प्रकाश सिंह, उमाकांत शुक्ल, जिला संगठन मंत्री विवेक कान्त पाण्डेय, राजेश गिरी, सुरेश गौड़, समीउल्लाह अंसारी, रवि सिंह, गिरजेश सिंह, प्रवीन श्रीवास्तव समेत अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं शशि सिंह, रीना कन्नौजिया, शिल्पी पाण्डेय, आशीष दुबे, राजीव सिंह, प्रमोद सिंह, अनीश अहमद, असद जमाल, संतोष मिश्र, दिवाकर मिश्र, अमित सिंह, हरेंद्र यादव, अशोक यादव, बृजेश त्रिपाठी, मनीष मिश्र, रामसागर वर्मा, अमरेंद्र सिंह, संजय यादव समेत बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल रहे।

### टेट अनिवार्यता को लेकर शिक्षक संगठन के पदाधिकारी की प्रतिक्रिया

सरकार द्वारा टीईटी को अनिवार्य बनाने का फैसला वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के साथ सरासर अन्याय है। यह लड़ाई केवल उत्तर प्रदेश की नहीं, बल्कि पूरे देश के 20 लाख शिक्षकों की सामूहिक लड़ाई है।

**चन्द्रिका सिंह, जिलाध्यक्ष**

संगठन हर स्तर पर संघर्ष करेगा और आत्मसम्मान से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। अगर आरटीई लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को छूट नहीं मिली, तो आंदोलन और तेज़ होगा।

**बालकृष्ण ओझा, जिलामंत्री**

16 सितम्बर को जनपदभर से हजारों शिक्षक जिला मुख्यालय पर जुटेंगे। इस आदेश से न सिर्फ प्रदेश बल्कि पूरे देश का शिक्षा तंत्र प्रभावित हो रहा है। सरकार को तत्काल कानून में संशोधन करना होगा।

**दुर्गेश यादव, जिला कोषाध्यक्ष**

धरना को लेकर शिक्षकों का स्पष्ट कहना है कि जब तक कानून में संशोधन कर उनकी सेवा सुरक्षित नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। 16 सितम्बर का यह धरना अब शिक्षक समाज की ताक़त और आक्रोश की पहली बड़ी तस्वीर बनने जा रहा है।

## भाद्रपद पूर्णिमा तिथि पर विंध्यधाम में दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

**विंध्याचल।** भाद्रपद पूर्णिमा तिथि पर चंद्रग्रहण से पहले हजारों की संख्या में देवी भक्तों ने रविवार को मां विंध्यवासिनी दरबार पहुंचकर दर्शन पूजन किया। सूतक लगने से पहले माता का दरबार भक्तों से पटा रहा। मंदिर प्रबंधन के अनुसार दोपहर बाद तक एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने माता दरबार हाजिरी लगाई। दर्शन-पूजन करने के बाद घर-परिवार के कुशल-मंगल की कामना की। रविवार की भोर से ही विंध्य धाम तक जाने वाली गलियां भक्तों से गुलजार रहीं। मंदिर की छत पर पूजन-अनुष्ठान के साथ गुंबद की परिक्रमा का दौर अनवरत चलता रहा। पूर्णिमा तिथि के एक दिन पहले से ही विंध्याचल धाम में दर्शन- पूजन करने के लिए दर्शनार्थियों का आने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। भोर में गंगा स्नान करने के बाद मंदिर पहुंचे श्रद्धालु मंगला आरती से पहले गर्भगृह की ओर जाने वाले कतार में खड़े हो गए। जैसे ही मंदिर का कपाट खुला माता के जयकारे से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। इस दौरान मंदिर परिसर घंटा, शंख, नगाड़ा के साथ ही मां विंध्यवासिनी के जयकारे से गूंजायमान हो उठा। मां विंध्यवासिनी की एक झलक पाने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु काली खोह पहाड़ पर स्थित माता काली व मां अष्टभुजा देवी के मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किए।

# डीएम के आने पर उमड़ी फरियादियों की भीड़

## विकलांग वृद्ध को तत्काल व्हीलचेयर और अन्य सुविधाओं का प्रदान करने का दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



विद्युत विभाग के एक्सईएन पर भड़के डीएम, वेतन काटने का दिया आदेश

जौनपुर शाहगंज स्थानीय तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने कई अधिकारियों और कर्मचारियों को जमकर फटकार भी लगाई। सोमवार को तहसील परिसर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर लगभग 12 बजकर 40 मिनट पर फरियाद सुनने पहुंचे।तब तक जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चन्द ने लोगों की फरियाद बहुत ध्यान से सुना और निस्तारण का निर्देश दिया।डीएम जैसे ही सभागार में पहुंचे वैसे ही एक 65 वर्षीय दिव्यांग बुजुर्ग अमरू पुत्र स्व. बुधई निवासी छताईकला ने डीएम के पैर पकड़ते हुए अपनी व्यथा सुनाई।डीएम ने तत्काल दिव्यांग कल्याण अधिकारी दिव्या शुक्ला को दिया। वहीं विद्युत विभाग की अधिक शिकायतें आने पर जब डीएम ने विभाग के एक्सईएन को तलब किया तो वह नदारत दिखे।जिससे डीएम ने नाराजगी और फोन पर फटकार लगाते हुए वेतन काटने का आदेश दिया।समाधान दिवस पर कुल 106 प्रार्थना पत्र पड़े। जिसमें से मौके पर 16 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। और अन्य प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित विभाग को सौंपते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया।

उक्त मौके पर एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव, सीएमओ डॉक्टर लक्ष्मी सिंह, सीडीओ ध्रुव खाड़िया, डीपीआरडी मनीष सिंह, डीडीओ मीनाक्षी देवी, जितेंद्र प्रसाद सिंह राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, सीओ अजीत सिंह चौहान, प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह, खुटहन थानाध्यक्ष चन्दन राय, थानाध्यक्ष खेतासराय रामाश्रय राय, एसडीओ विद्युत विभाग, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर रफीक फारूकी, तहसीलदार आशीष सिंह, कानून गो संजय सिंह, ईओ प्रदीप गिरी, लेखपाल विवेक सिंह, ऋतुराज चौधरी सहित समस्त विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# नकाबपोश बदमाशों ने युवक पर की फायरिंग, हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

मल्हनी सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के उडली गांव में रविवार की रात सनसनीखेज वारदात सामने आई, जब मोटरसाइकिल सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने 40 वर्षीय युवक पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोलियों से घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, उडली गांव निवासी लालता यादव का 40 वर्षीय पुत्र योगेंद्र यादव उर्फ हसनु रविवार रात करीब 8 बजे घर से कुछ दूरी पर सड़क किनारे खड़ा होकर गांव के ही एक व्यक्ति से बातचीत कर रहा था। उसी समय एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन नकाबपोश बदमाश वहां पहुंचे और अचानक योगेंद्र पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली चलने की आवाज से गांव में अफरातफरी मच गई और लोग सहमकर अपने घरों से बाहर निकल आए। गोलियों की बौछार से योगेंद्र मौके पर लहूलुहान होकर गिर पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बदमाश वारदात को अंजाम देने के बाद जंगीपुर खुर्द की दिशा में मोटरसाइकिल से भाग निकले। इसी बीच परिजनों और ग्रामीणों ने योगेंद्र को देखा तो उसके कंधे और पेट में गोली लगने के निशान मिले। आनन-फानन में लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी।

सूचना पाकर थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव मय पुलिस बल मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल योगेंद्र को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान मौके से एक खोखा बरामद किया गया है। थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव ने बताया कि घायल को इलाज के लिए रेफर किया गया है और बदमाशों की तलाश में टीम लगाई गई है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। गांव में हुई इस घटना से लोग दहशत में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नकाबपोश बदमाशों ने बेहद नजदीक से गोलियां चलाईं, जिससे योगेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के बाद से क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

### मइया झूलै चनन झुलनवा, पवनवा चरव डोलावै ना...

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। सिविल लाइन स्थित सिटी क्लब आडिटोरियम में लोक संस्कृति संरक्षण केंद्र के तत्वावधान में शनिवार की देर रात कजली मल्हार उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी और उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लोक गायिका उषा गुप्ता द्वारा भगवान शिव की स्तुति से की गई। कजली मइया ढूलै चनन झुलनवा, पवनवा चरव डोलावै ना... को लोगों ने खूब पसंद किया। पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव के झूला धीरे से झुलावा गिरधारी... पर लोग खूब झूमे। छात्राओं के कजली समूह गीत को काफी सराहा गया। छात्रा अनुस्का, सिद्धिका व वैभवी ने कजली गीत पर समूह नृत्य कर लोग का मन मोह लिया। शिवलाल गुप्ता, बद्री कवि, रमापति पाल, अमरनाथ शुक्ला, पन्नालाल यादव, विद्या सागर प्रेमी, रणधीर सिंह पटेल, उजाला प्रसाद यादव, राम ललित यादव, जटाशंकर शर्मा का चैलर, राम लखन, रागिनी चंद्रा, शैला श्रीवास्तव, रेखा गौड़ ने कजली की प्रस्तुति दी तो वहीं इंद्रजीत शुक्ला द्वारा संस्कृत में कजली सुनाया। वरिष्ठ साहित्यकार बृजदेव पांडेय सहित अन्य कलाकारों को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया ने भी कजली की प्रस्तुति दी।

# शराब ठेका हटाने की माँग को लेकर दर्जनों महिलाओ ने डीएम से लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर शाहगंज नगर के सटे ग्राम सभा हेनवन्तर भादी पल्थी रोड निवासी दर्जनों महिलाओं ने सोमवार को तहसील के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम डॉक्टर दिनेश चन्द को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया की एक फर्जी ढंग से शराब ठीका चल रहा है जिसका टेंडर सटे ग्राम खरौना में हुआ है।

लेकिन ठेकेदार भादी हेनवन्तर बीच आबादी के बीच चला रहा है। जिसके कारण शराब के नशे में धुत होकर काफी अभद्रता मचाते हैं और रोड पर चल रही महिलाओं व बच्चियों एवं घर के अंदर ताक झांक एवं गन्दे इशारे करते रहते हैं जिसके कारण कई बार मारपीट हो चुकी है तथा प्रार्थीगण कई बार थाने व उच्च अधिकारियों को सूचित कर चुके हैं किंतु दबंग व मनबड़ ठेकेदार के सामने किसी की नहीं चलती है।

चार माह पूर्व लोगों के समझाने बुझाने पर शराब ठेकेदार ने अपना ठेका अन्यत्र ले जाने के लिए 15 दिन का लिखित समय दिया था परंतु 3 माह का समय बीत जाने के बाद भी उपरोक्त दबंग व मनबड़ शराब ठेकेदार शराब की दुकान नहीं हटा रहा है।

उक्त मौके पर विजय लक्ष्मी, रूपा, रूबी, शीला, मुन्नी देवी, गीता, आशा, प्रेमशीला, सविता, कुमारी, पद्मावती, प्रीता, चन्द्रकला, मीरा, दीपक कुमार, साधना सोनी, बैजनाथ, प्रह्लाद राजभर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मुसहर परिवारों के लोगों ने ज़मीन पट्टा कराने हेतू डीएम से लगाई गुहार



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**शाहगंज।** सोमवार को स्थानीय तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर क्षेत्र के चभवां ग्राम निवासी दर्जनों मुसहर परिवार की महिलाओं ने डीएम डॉक्टर दिनेश चन्द को प्रार्थना पत्र देते हुए गुहार लगाई की प्रार्थनीगण चभवां ग्राम की निवासी है और कई वर्षों से अपनी ज़मीन पर निवास करते हैं। लेकिन वह ज़मीन सुनने में आरही है की भीटे की ज़मीन है। और लेखपाल भी हम मुसहर परिवारों के ज़मीन को भीटा बताकर घरौनी में दर्ज नही किया जा रहा है।जिससे हम सब परिवार दहशत में है।और डर सता रहा है की अगर ज़मीन घरौनी में नही दर्ज किया गया तो दर्जनों परिवार कहाँ जाएंगे। मुसहर परिवार की महिलाओं ने डीएम से गुहार लगाते हुए कहा की ज़मीन को आबादी पट्टा किया जाय। उक्त मौके नौरंगी, नेहा, कंचन देवी, उर्मिला, सरिता, अंजू, पंचम, रूपा, मोनी सहित आदि महिलाएं प्रमुख रूप से मौजूद रहीं

# उपजिलाधिकारी मडियाहूं सुनील कुमार भारती 100 मीटर दौड़ में किया कमाल




### जीता प्रथम स्थान, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तरीय पर हुआ चयन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर के मड़ियाहूं तहसील के तेज तर्रार उपजिलाधिकारी सुनील कुमार भारती ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मानवते हुए वाराणसी के संपूर्णानंद स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज की 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश और जनपद गौरव बढ़ा है इस दौड़ में उत्तर प्रदेश के लगभग सबसे अधिक सिविल सर्विस के अधिकारी ने भाग लिया था इसमें एसडीएम सुनील कुमार भारती ने अपनी शानदार गति और तकनीकी का प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया एसडीएम सुनील कुमार भारती की इस उपलब्धि पर जौनपुर के जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र ने बधाई दी और उनके उपलब्धि पर गर्व जताते हैं डीएम ने कहा कि एसडीएम सुनील कुमार भारती की यह उपलब्धि केवल जौनपुर जनपद के लिए बल्कि पूरे प्रदेश में गर्व की बात है कि एसडीएम सुनील कुमार भारती की उपलब्धि से जौनपुर जनपद का नाम रोशन हुआ है और उनकी खेल प्रतिभा मे पूरे प्रदेश में पहचान मिली है और उनकी इस उपलब्धि पर अधिकारियों कर्मचारियों को प्रेरणा मिलेगी और अपने कार्य के लिए उत्कृष्ट हासिल करने के लिए प्रेरित होंगे उपजिलाधिकारी सुनील कुमार भारती ने बताया कि ये स्टेट ट्रायल था.नेशनल में सिलेक्शन हो गया है.. *दिसम्बर में होगा नेशनल*

## जौनपुर थाना सिकरारा पुलिस टीम द्वारा 10,000/- रुपये के पुरुस्कार घोषित गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर पुलिस अधीक्षक डॉ कुस्तुभ निर्देश पर चलाया जा रहा है अपराधियों के खिलाफ अभियान को सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सचिन यादव उर्फ देवा पुत्र महेन्द्र यादव निवासी ग्राम देवापार थाना मड़ियाहूँ जो 10,000/- रुपये का पुरष्कार घोषित अपराधी है, को मुखबिर खास की सूचना पर चौकी झिमलगंज के पास से गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त के पास से बरामद स्कार्पियो को अन्तर्गत धारा 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया, अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। नाम पता अभियुक्त सचिन यादव उर्फ देव पुत्र महेन्द्र यादव निवासी ग्राम देवापार निवासी हैं

# बसपा भाईचारा कमेटी की बैठक संपन्न, संगठन के मजबूती पर जोर

जन एक्सप्रेस। बस्ती



बहुजन समाज पार्टी भाईचारा कमेटी की बैठक सोमवार को बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र के अमानाबाद गांव में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी लवकुश पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार पर विचार विमर्श के साथ ही पार्टी से लोगों को जोड़ने की रणनीति पर विचार किा गया। बैठक में अनेक लोग सपा छोड़ बसपा में शामिल हुये। जिला संयोजक के.सी. मौर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने सम्बोधन में कहा कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती ने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिये कार्य किया। विशेषकर मुस्लिम समाज को विकास के समान अवसर प्राप्त हुये। गांव- गांव सड़कों का जाल बिछाने के साथ ही कांशीराम आवास बनवाकर गरीबों को छत देने के साथ ही पठन पाठन की समुचित व्यवस्था करायी गई। कहा कि बसपा की सरकार बनने पर ही सर्व समाज का उत्थान होगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व मण्डल प्रभारी के.पी. राठौर और पूर्व जिला कोषाध्यक्ष अरशद खान ने बसपा सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा करते हुये कहा कि जनता बदलाव का मन बना चुकी है। संचालन करते हुये एडवोकेट अनूप कुमार ने बसपा के नीति, कार्यक्रम, उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में शहाबुद्दीन शाह के अगुवाई में सत्य प्रकाश चौधरी, संजय चौधरी, रवि चौधरी, विवेक चौधरी, गौरव यादव, नुरुलएन, दयाशंकर चौधरी, भारत, शेर मोहम्मद, मजीबुल्लाह, अल्ताफ अली, राममिलन, अली हुसैन, इज्जत अली, बैतुल्लह, हाजी जायस मोहम्मद, नूर उल हक, नुरुल हुदा, अशरफ अली,मुमताज, शेर मोहम्मद, सद्दाम हुसैन, हुसैन, मोहम्मद अजमल, फिरोज अहमद, अल्ताफ हुसैन, महमूद अहमद, अजीबुल्लह, मकसूद अहमद, कयूम अहमद, सिकंदर, अनस, मोहम्मद शमीम, ओवैस, अकरम, अफजल अली, मोहम्मद फैज, अजहरुद्दीन, शाहशाद अली, मोहम्मद कमरुद्दीन के साथ ही बड़ी संख्या में पिछड़े वर्ग व मुस्लिम वर्ग के लोगों ने बसपा के नीतियों से प्रभावित होकर 30 से अधिक लोग सपा छोड़ बसपा में शामिल हुये। जिला संयोजक के.सी. मौर्य ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाया। बैठक में एडवोकेट अनूप कुमार, अरशद खान, गोंड महेश चंद्रवंशी, सुरेन्द्र चौधरी, रिंकू बंसल सहित बड़ी संख्या में बसपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पत्रकारों और क्षेत्रीय लोगों ने व्यक्त की शोक संवेदना

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



**सुइथाकला।** खुटहन थाना क्षेत्र के इमामपुर गांव निवासी पत्रकार मुलायम सोनी की मां व पत्रकार ग्राम प्रधान संतलाल सोनी की पचपन वर्षीया भाभी इन्द्रावती देवी के निधन हो जाने की सूचना मिलते ही पत्रकारिता जगत के साथ ही क्षेत्रीय लोग शोकाकुल हो उठे। लोगों ने मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए शोक संवेदना व्यक्त की। श्रीमती इन्द्रावती एक धर्मपरायण और मृदुभाषी प्रवृत्ति की भद्र महिला थी।वह पिछले तीन दिनों से टायफाइड बुखार से पीड़ित रही। प्राथमिक उपचार से राहत नहीं मिलता देख परिजन वाराणसी स्थित एक चिकित्सालय में भर्ती कराए थे, जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह उनका देहावसान हो गया। बहरहाल पति शिवशंकर सोनी ने रविवार शाम क्षेत्र के सुतौली स्थित घाट पर मुखाग्नि देकर उनको पंचतत्व में विलीन किया। इधर सुइथाकला में मामले की जानकारी होते ही पत्रकारिता जगत के साथ ही क्षेत्रीय लोग भी शोकाकुल हो उठे। लोग मृतक आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाने के लिए शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान पत्रकारिता क्षेत्र से डॉ.प्रदीप कुमार दूबे, राजेश चौबे, सन्तोष पाण्डेय, प्रणय तिवारी, कमलेश त्रिपाठी मुन्ना, अवनीश कुमार पाण्डेय, अजय पाण्डेय, साकिब खान, आशुतोष दूबे, कमलेश विश्वकर्मा व डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल, डॉ.रणंजय सिंह, सुधाकर समेत अन्य लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

# पोस्टमार्टम के बाद दरोगा को एसपी ने कंधा देकर दी अंतिम विदाई

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर



चील्ह थाने पर तैनात उपनिरीक्षक अनिल कुमार ओझा का शनिवार की दोपहर थाने से 200 मीटर दूर किराए के कमरे में रोशनदान के सहारे फंदे पर लटका शव मिला था। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन में अंतिम विदाई दी गई। एसएसपी सोमेन बर्मा, एएसपी सिटी नितेश सिंह व सीओ सदर अमर बहादुर ने शव को कंधा देकर विदाई दी। प्रतापगढ़ के मकरी गांव निवासी उपनिरीक्षक अनिल कुमार ओझा की तैनाती चील्ह थाने पर थी। प्रतिदिन की तरह वह शनिवार की सुबह थाने पर गए थे। मेस से खाना लेकर 200 मीटर दूर कमरे पर आए। दोपहर साढ़े 12 बजे के करीब वहां किराए पर रहने वाली नर्स ने उनको फंदे से लटका देखकर मकान मालिक को सूचना दी।

# जांच में पहचान छुपाने में कामयाब रहा : अखंड प्रताप

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

महुवरिया स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में पकड़े गए अखंड प्रताप सिंह ने पहचान छुपाने के लिए उसने बर्रे को पकड़कर अपने आंख में कटवाया था।

इससे चेहरे में सूजन आ गई और वह फौरी तौर पर पहचान छुपाने में वह कामयाब रहा।

जब इसकी बायोमेट्रिक फेल की सूचना आई तो इसको अंतिम समय में रोका गया।

जब पूछताछ शुरू हुई तो अखंड प्रताप सिंह ने कई बार अपना नाम-पता बदला।

जब जो भी नाम-पता बताता उस पर पुलिस द्वारा पूछताछ की जाती तो वह फर्जी निकलता। काफी पूछताछ के बाद अंतिम समय में इसने कबूला कि हां, वह दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने आया था।

# अज्ञात वृद्ध की सड़क हादसे में मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

### पुलिस कर रही शिनाख्त की कोशिश

सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के रजनीपुर गांव के पास सोमवार को सड़क हादसे में लगभग 65 वर्षीय एक अज्ञात वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध बुरी तरह कुचल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सिंगरामऊ थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मृतक की पहचान कराने के लिए आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की, लेकिन अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक ने नीले रंग की शर्ट और सफेद धोती पहन रखी थी। हादसे में शव क्षत-विक्षत हो जाने के कारण शिनाख्त में काफी कठिनाई आ रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया है और आसपास के क्षेत्रों में मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं।

पुलिस का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति का परिजन या परिचित पिछले कुछ समय से लापता है तो वह सिंगरामऊ थाने से संपर्क कर जानकारी दे सकता है। साथ ही, वाहन और चालक की तलाश भी की जा रही है ताकि घटना की पूरी सच्चाई सामने आ सके।

# आईजीआरएस सरकार की प्राथमिकताओं में है

## इसकी गंभीरता को समझते हुए शिकायत का निस्तारण करें, जिला अधिकारी

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



- सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील सदर में जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें, दिया गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश, बोला शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारी, करें समय बद्ध गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण, शिकायत कर्ता से लें फीडबैक
- अधिकारी विभागीय रैंक में करें सुधार, रैंक बिगड़ी तो नहीं होगी अधिकारियों की खैर, की जाएगी कठोर कार्यवाही जिलाधिकारी
- जिलाधिकारी के हाथों पट्टा आवंटन के प्रमाण पत्र पाकर खिले मत्स्य पालकों के चेहरे, जिला अधिकारी ने कहा सुधरेगी आर्थिक स्थिति

सोमवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की उपस्थिति में जनपद की तहसील सदर में में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में आने वाली फरियादियों की शिकायतों को एक-एक करके गंभीरता से सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी शिकायतें आज प्राप्त हुई हैं उनका सम्बन्धित अधिकारी प्राथमिकता के साथ गुणवत्ता पूर्ण समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व पुलिस विकास नगर पालिका व अन्य विभिन्न विभागों सहित कुल 121 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे से 07 शिकायत का निस्तारण मौके पर हुआ है शेष शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को दिये। संपूर्ण समाधान दिवस के समापन के पश्चात जिला अधिकारी ने जनपद के पांच मत्स्य पालकों को तालाब पट्टा आवंटन के प्रमाण पत्र सौंपे। जिसमे 68 पट्टे दारों को कुल 54 हेक्टेयर के 80 तालाबों का आवंटन किया गया है। जिलाधिकारी ने मत्स्य पालकों से मत्स्यपालन की जानकारी ली, मत्स्य कंहा बेचेते हैं, पहली बार आवंटन हुआ है, सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी लेकर कहा कि ईमानदारी से मेहतन करें आपकी की आर्थिक स्थिति सुदृढ हो सकेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी जी क्षेत्राधिकारी सिटी उन्नाव जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र तहसीलदार सदर सहित अन्य सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 152 में से 13 शिकायतें मौके पर निस्तारित

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में तहसील तिर्वा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 152 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 13 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शेष 139 शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा कैम्प लगाए गए। जिसमें यूनानी विभाग में 95 तथा आयुर्वेदिक विभाग में 102 लोगों का चिकित्सीय उपचार किया गया। चिकित्सा विभाग की ओपीडी में 66 मरीजों की जांच की गई। दिव्यांगजन विभाग द्वारा 05 प्रकरणों की जांच की गई, जिनके प्रमाण-पत्र डाक के माध्यम से भेजे जाएंगे। कृषि विभाग द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत 06 किसानों की खतौनी को आधार से जोड़ा गया तथा प्रधानमंत्री योजनान्तर्गत 07 लाभार्थियों के डाटा की जाँच कर समस्याओं का समाधान किया गया। पर्यटन विभाग ने सभी तहसीलों में कैम्प लगाकर बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति-2025 का प्रचार-प्रसार किया और इकाइयों को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंजीकृत किसानों अतर सिंह, यशकरन सिंह, प्रेम नारायण, सरोजनी देवी, राजरानी, सुनील और शिवशंकर को प्रति एकड़ 2 किलोग्राम का निःशुल्क मिनीकिट बीज तोरिया वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त 06 किसानों को खतौनी में नाम संशोधन कर भू-अभिलेख अधिकार प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से हो। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन, जनता दर्शन एवं जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समाधान भी प्राथमिकता से किया जाए। सोसाइटी में किसानों को उर्वरक न देने जैसी शिकायत न मिले, प्रत्येक सोसाइटी में साफ-सफाई, पेयजल और बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए तथा किसानों के प्रति अधिकारियों-कर्मचारियों का व्यवहार सौम्य और सहयोगात्मक होना चाहिए। श्रम प्रवर्तन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बाल श्रम से संबंधित शिकायतें कहीं से न आएं। जल निगम को प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में और सुधार किया जाए। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा शिकायत का गलत निस्तारण किया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। श्री अग्निहोत्री ने कहा ने कि फार्मर रजिस्ट्री के तहत जनपद का लक्ष्य 2,92,635 किसानों का है, जिसके सापेक्ष अब तक 1,46,397 किसानों का पंजीकरण पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि शेष किसान भाई अपनी खतौनी, आधार व मोबाइल लिंक कराकर निकटतम जनसेवा केंद्र पर पंजीकरण कराएं। इससे उन्हें बीज/उर्वरक प्राप्ति, फसल बीमा, केसीसी सहित अन्य योजनाओं का लाभ सहजता से मिलेगा।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रत्येक योजना को टारगेट आधारित तरीके से लागू कर समय पर लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए। सरकारी नीतियों का क्रियान्वयन पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि चकबन्दी विभाग वर्ष 1990 में जले हुए गाँवों के भू-अभिलेख तैयार करने का कार्य राजस्व विभाग के सहयोग से शीघ्र पूर्ण करे, ताकि वहां के किसान भी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, उपजिलाधिकारी तिर्वा राजेश कुमार चौरसिया, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंचायत उन्नति सूचकांक पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



नवाबगंज। नवाबगंज विकासखंड सभागार में सोमवार को पंचायत उन्नति सूचकांक पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ एडीओ आईएसबी मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रशिक्षक जनक सिंह और विदुषी गुप्ता ने पंचायत उन्नति सूचकांक की कार्यप्रणाली और इसके अंतर्गत आने वाली प्रमुख विकास थीमों के बारे में जानकारी दी। इन थीमों में गरीबी उन्मूलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ जल, लैंगिक समानता, किफायती और स्वच्छ ऊर्जा, असमानताओं में कमी, सतत समुदाय और बुनियादी ढांचा, न्याय, और सुदृढ़ संस्थान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ये सभी थीम सीधे तौर पर सतत विकास लक्ष्यों से जुड़ी हुई हैं, और इस सूचकांक से पंचायतों की वास्तविक स्थिति का सटीक विश्लेषण मिलता है। इससे क्षेत्रीय विकास को अधिक प्रभावी और लक्ष्य-आधारित बनाया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत इंपैक्ट प्रोजेक्ट डब्ल्यूएचपी के अश्वनी मिश्रा, उपचार पर्यवेक्षक अमित पाल और कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर सुधांशु मिश्रा ने सभी को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया। इस प्रशिक्षण में एडीओ रोहित राना, वीडीओ शैलेन्द्र भारतीय, आशीष पटेल, दिलीप मिश्रा, सर्वेश बाजपेई, आदित्य शुक्ला और कविता गौतम समेत प्रधान, पंचायत सहायक और अन्य लोग मौजूद रहे।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का साक्षात्कार 11 को

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों तथा पारम्परिक कारीगरों के विकास हेतु ÷विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना आरम्भ की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत जनपद हेतु दर्जी-425 ट्रेड बढ़ई-50, ट्रेड नाई-50, लोहार 50 राजमिस्त्री-50, धोबी 25 एवं हलवाई 175 में कुल 825 के लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके अन्तर्गत प्रशिक्षार्थियो को उपरोक्त ट्रेडो का 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह ने दी। उन्होंने बताया है कि उक्त योजना के अंतर्गत द्धह्लह्लश्च-//द्वह्यद्ब.द्दश्च.द्द्य1.द्बठ्ठ/ की वेबसाइट पर हलवाई ट्रेड में दिनांक 01 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक ऑनलाइन प्राप्त आवेदन-पत्रों पर आवेदकों का साक्षात्कार दिनाक 11 सितम्बर को पूर्वान्ह 11-00 बजे से जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र सभागार कन्नौज में सम्पन्न किया जायेगा।

जिन व्यक्तियों ने उक्त योजनान्तर्गत कार्यालय में आवेदन पत्र ऑनलाइन प्रस्तुत किये है वे मूल प्रमाण-पत्रो सहित साक्षात्कार हेतु उक्त तिथि स्थान एवं समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

# विद्युत विभाग मे भ्रष्टाचार का आरोप, डीएम ने भेजा कार्रवाई के लिए पत्र

- बढ़ सकती हैं टीजी टू व लाइनमैन की समस्याएँ, प्रकरण में जेई, एसडीओ की भूमिका संदिग्ध!

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**




विद्युत विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और अवैध विद्युत सप्लाई ऊपर से विभागीय नौकरशाही के संरक्षण बदले मोटी कमाई आधुनिक दौर की रवायत बन गई है। निचले स्तर के मातहत अवैध उगाही धनार्जन का माध्यम बन बैठे हैं। इस तरह की अनियमितता के प्रकरण एक नहीं हैं। भ्रष्टाचार और भ्रष्ट आचरण का शिकार हुए पीड़ितों की फेहरिस्त लम्बी है। इसी तारतम्य में शासन स्तर पर शिकायत पंहुची है। जिलाधिकारी द्वारा अधीक्षण अभियंता को जांच और कार्रवाई के निर्देश जारी किये गये हैं। अधिवक्ता ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय मे भी शिकायत पत्र रिसीव कराया है।

स्मरणीय है कि विगत 22 अगस्त को जन सूचना अधिकार जागरण संघ के विधिक सलाहकार अधिवक्ता राजकुमार पाण्डेय ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर भ्रष्टाचार, अवैध वसूली और सरकार को आर्थिक क्षति पंहुचाने वाले विद्युत उपकेन्द्र कोटवाधाम क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों की कथित कार्यशैली से अवगत कराया है। जेई के साठगांठ की भी आशंका जताई गई है। पत्र मे बताया गया है कि जेई द्वारा एक तरफ जहाँ छोटे विद्युत उपभोक्ता बकायादारो के कनेक्शन काटे जा रहे, वहीं कुछ देर बाद टीजी टू मनीष कुमार की साठगांठ से लाइनमैन विनोद वर्मा द्वारा लोगों से पैसों की डिमांड की जाती है। जिनसे पैसा मिल जाता है, शटडाउन लेकर उनके कनेक्शन जोड़ दिये जाते हैं। पत्र मे बाईपास विद्युत सप्लाई व बिना कनेक्शन कटिया सप्लाई दिये जाने की बात है, जिसके बदले मोटी रिश्वत लिए जाने का भी आरोप है। शिकायत पत्र मे आरोप है कि शीर्ष अधिकारियों के निरीक्षण की सूचना पर लाइनमैन द्वारा टीजी टू की साठगांठ से शटडाउन लेकर यह अवैध विद्युत सप्लाई हटा दी जाती है। अधिवक्ता ने शासन स्तर से जांच कराये जाने व कार्रवाई की मांग की है। माननीय उच्च न्यायालय का सहारा लेने की भी बात कही है। बकौल अधिवक्ता शिकायत प्रकरण में शीर्ष अधिकारियों द्वारा पारदर्शितापूर्ण जांच में बेलगाम नौकरशाही का पर्दाफाश होना तय है। अंततः परिणाम स्वरूप भ्रष्टाचार का अनावरण होने के साथ ही साथ मातहतो पर तलवारें लटकी भी दिखाई दे रही हैं। दूसरे शब्दो में कहें तो टीजी टू व लाइनमैन की कथित कार्यशैली पर जिम्मेदारों के संरक्षण, और संरक्षण बदले धनार्जन की बात करना भी गलत नही होगा। जांच पश्चात ही शिकायत की स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

### एसडीओ ने की पुष्टि, कार्यशैली पर सवाल?

शिकायत उपरांत विगत 24 अगस्त को एसडीओ राजवीर सिंह ने कोटवाधाम उपकेन्द्र के कर्मचारियों को कार्रवाई करने का निर्देश देने की बात स्वीकार की थी। जिसमे शिकायत प्रकरण की पुष्टि भी हुई थी। अब सवाल यह उठता है कि एसडीओ ने आखिर, किन कर्मचारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था? क्या वही, जिनके विरूद्ध शिकायत हुई है या फिर कोई और। विगत 25 अगस्त को विद्युत उपकेन्द्र क्षेत्र में कर्मचारियों की मिलीभगत से कटिया लगाकर बिजली चोरी किये जाने से सम्बंधित खबर भी समाचार पत्र में प्रकाशित हुई है।

### जांच, कार्रवाई का आश्वासन

कार्यालय मे शिकायत प्राप्त हुई है। सम्बंधित प्रकरण की विभागीय जांच कराई जायेगी। शिकायत मामले मे कर्मचारियों की संलिप्तता मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

**राजबाला, अधीक्षण अभियंता**
**विद्युत वितरण मण्डल, बाराबंकी।**

### हाईकोर्ट पंहुच सकता है प्रकरण

शिकायत की भनक लगते ही एसडीओ द्वारा कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति की गई है। विगत 27 अगस्त को जिलाधिकारी द्वारा पत्रांक संख्या 6409/26-08-2025 अधीक्षण अभियन्ता को पत्र भेजकर जांच और कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं। सम्बंधित जांच अधिकारी द्वारा दोषियों के बचाव में अगर किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बरती जायेगी, तो प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय की शरण में ले जाया जायेगा। और जांच अधिकारी की भी जवाबदेही होगी।

**राजकुमार पाण्डेय**
**अधिवक्ता/विधिक सलाहकार**
**जन सूचना अधिकार जागरण संघ**

# एंबुलेंस की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

## निजी स्कूल की चार टीचर घायल



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर के निकट गाजियाबाद-कानपुर ग्रीन हाईवे पर गलत दिशा से आ रहे ई-रिक्शा में एंबुलेंस ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसमें सवार निजी स्कूल की चार टीचर गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें 100 सैया अस्पताल छिबरामऊ में भर्ती किया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम तेराजाकेट स्थित एक प्राइवेट स्कूल से चार टीचरों को लेकर ई-रिक्शा चालक विनोद कुशवाहा उम्र करीब 30 वर्ष, निवासी ग्राम जुनेदपुर सोमवार की दोपहर गुरसहायगंज आ रहा था। उसे ग्राम इस्माइलपुर पर उतरना था, इसलिए वह गलत दिशा से गाजियाबाद-कानपुर ग्रीन हाईवे पर जा रहा था। इसी दौरान गुरसहायगंज की ओर से तेज रफ्तार एंबुलेंस ने ई-रिक्शा में सामने से जोरदार टक्कर मार दी।

दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक विनोद कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल टीचरों में मुस्कान राजपूत किदवई नगर, कशिश गुप्ता सुभाष नगर, पल्लवी रामगंज और अमित की पत्नी संजू मोहल्ला अफसरी शामिल हैं।

सूचना पर सराय प्रयाग चौकी प्रभारी अवनीश कुमार और हाईवे की टीम मौके पर पहुंचे। घायलों को उपचार के लिए छिबरामऊ भेजा गया और वहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी।

# पी.एम. पोषण योजना में बच्चों को मिल रहे मौसमी फल

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने निर्देश दिए हैं कि पी.एम. पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को निर्धारित मेनू के साथ-साथ अब मौसमी फल भी उपलब्ध कराए जाएँ। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में प्रत्येक सोमवार को 1006 परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, 259 उच्च प्राथमिक विद्यालय, 194 कम्पोजिट विद्यालय,

39 अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय, 60 इंटर कॉलेज, 13 सहायता प्राप्त मदरसे, 04 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय विद्यालय, 01 संस्कृत विद्यालय सहित जनपद के कुल 1576 विद्यालयों मौसमी फल वितरण कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि ब्लॉक प्रमुख उमर्दा अजय वर्मा द्वारा आज प्राथमिक विद्यालय तिर्वा खास में बच्चों को फल वितरण किया गया।

इसके साथ ही जनपद के समस्त विकास खंडों के विद्यालयों में भी बच्चों को मौसमी फल वितरित किए गए।

उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी महोदय की इस पहल से बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण स्तर में सुधार होगा तथा विद्यालयों में पोषणयुक्त भोजन की व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।

# इफको ने नैनो खाद उपयोग के लिए की अगौस में कृषक कार्यशाला



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

इफको द्वारा आज नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान के अंतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन उमर्दा विकास खण्ड की बी0 पैक्स अगौस समिति पर किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्र प्रबंधक इफको मानवेन्द्र सिंह द्वारा उपस्थित किसानों को नैनो डीएपी, नैनो यूरिया, नैनो जिंक, नैनो कॉपर की तकनीक, उपयोग करने की सही विधि जैसे कि बीज उपचार, जड़, कंद उपचार व पर्णीय छिड़काव व मात्रा, उपयोग करने का उचित समय, आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। नैनो उर्वरकों का प्रयोग करके कृषक कम लागत में उच्च गुणवत्तायुक्त अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। नैनो उर्वरकों के प्रयोग से मृदा, जल एवं वायु प्रदूषण में कमी आती है व नैनो उर्वरकों का प्रयोग करके हानिकारक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को भी कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों पर सरकार को अनुदान के रूप में काफी पैसा खर्च करना पड़ता है जबकि नैनो उर्वरक स्वदेशी उर्वरक हैं व इन पर सरकार को अनुदान भी नहीं देना पड़ता है। ग्राम मकरंदापुर ब्लॉक उमर्दा के प्रगतिशील किसान योगेंद्र चंद्र व हाकिम सिंह द्वारा नैनो उर्वरकों के बारे में उनके सकारात्मक अनुभव के बारे में बताया गया। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता पंकज त्रिपाठी ने किसानों से संतुलित उर्वरक उपयोग करने व नैनो उर्वरकों का अधिक उपयोग करने हेतु आह्वान किया। कार्यक्रम में बी0 पैक्स अगौस समिति के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार द्विवेदी, इफको के बृजेश यादव, अंकित कुमार, सौरभ सिंह सहित लगभग 100 किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# विकसित भारत का विजन दस्तावेज तैयार करने कन्नौज आएगा विशेष दल

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

- दो दिन भ्रमण और चर्चा के बाद लेंगे फीडबैक, दल में जिले के पूर्व सीडीओ शामिल

विकसित भारत 2047 की अवधारणा को साकार करने हेतु उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया गया हैं। इस मिशन में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुये एक समृद्ध, समान और वैश्विक स्तर पर सम्मानित राज्य का निर्माण किया जायेगा। इस मिशन को दिशा प्रदान करने एवं पथ प्रदर्शन हेतु एक विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा हैं। यह विजन डॉक्यूमेंट 3 थीम- अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति, जीवन शक्ति एवं 12 सेक्टर कृषि एवं समृद्ध पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आई0टी0 एवं इमर्जिंग प्रोद्योगिकी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, तथा सुरक्षा एवं सुशासन पर ध्यान केन्द्रित करते हुये तैयार किया जायेगा।

विजन डॉक्यूमेंट के निर्माण की दिशा में समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान प्रारंभ किया जा रहा हैं। इसका उदेश्य जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करना तथा नागरिकों की आंकाक्षाओं को संज्ञान में लेते हुये प्रदेश के नागरिकों को राज्य के विकास में सहयोगी व सहभागी बनाते हुये गर्व की भावना को विकसित करना हैं। इस संकल्प की प्राप्ति में प्रदेश के प्रबुद्धजनों का योगदान अत्यन्त महत्वपूर्ण होगा। उनके द्वारा अर्जित विभिन्न क्षेत्रों में नीतियों की व्यावहारिक समझ एवं अनुभव तथा प्रशासनिक दक्षता प्रदेश की विकास रणनीति के निर्माण में सहायक सिद्ध होगें। इसके दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों यथा प्रशासनिक सेवानिवृत्त आई0ए0एस0, आई0पी0एस0/वन सेवा/ कृषि सेवा/ सिचाई/ शिक्षा/ स्वास्थ्य/ वैज्ञानिक/ अभियंत्रण आदि शासकीय सेवाओं से सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों को लगाया गया हैं। जनपद भ्रमण में सेवानिवृत्त अवधेश बहादुर सिंह, नरेन्द्र सिंह, डाक्टर सूरज बहादुर थापा, शिवपाल सिंह, पन्नालाल सिंह चौहान को नामित किया गया हैं। इनमे से अवधेश बहादुर सिंह कन्नौज में सीडीओ रह चुके हैं।

मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने बताया है कि प्रबुद्धजनों द्वारा दिनांक 10 सितम्बर से 11 सितम्बर तक भ्रमण किया जायेगा। 10 को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में पूर्वान्ह 10 बजे व्यवसायी तथा उद्यमियों के साथ संवाद व राष्ट्रीय/राज्य पुरूस्कार प्राप्त महानुभावों एवं अपनी विधा में ख्याति प्राप्त अन्य बुद्धिजीवियों के साथ भी संवाद किया जायेगा। 10 को ही अपरान्ह 02:00 बजे हर्षवर्धन सभागार में महिला प्रधान, महिला समूह तथा श्रमिक संगठनों के साथ संवाद किया जायेगा। 11 सितम्बर को हर्षवर्धन सभागार में पूर्वान्ह 10 बजे कृषकों, एपीओ, व कृषि वैज्ञानिकों के साथ संवाद, तथा छात्र/छात्राओं, प्राध्यापकों व शिक्षाविदों के साथ संवाद किया जायेगा। उन्होनें बताया कि प्रबुद्ध जन द्वारा जनपद में विभिन्न समूहों के साथ चर्चा में आये प्रमुख सुझावों पर संक्षिप्त टिप्पणी/नोट नियोजन विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा। समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के तहत अधिक से अधिक नागरिकों का फीड बैक प्राप्त करने हेतु विकसित द्धह्लह्लश्चह्य-//ह्यड्डद्वड्डह्ल्लद्धह्लह्ल-ह्लड्डह्लश्चह्लड्डस्रद्दह्यद्ध.ह्वश्च.द्द्य1.द्बठ्ठ के क्यूआर कोड को स्कैन करके फीडबैक प्राप्त किया जायेगा।

# जिले के सात नवचयनित कनिष्ठ सहायकों को विधायक ने दिए नियुक्ति पत्र

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 1112 कनिष्ठ सहायक एवं 22 एक्सरे टेक्नीशियन की नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया, जिसका सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। इसी क्रम में विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत एवं जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री द्वारा कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में 07 नव चयनित कनिष्ठ सहायकों को नियुक्त वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक ने भी नव चयनित कनिष्ठ सहायकों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी भाव से सेवा दें। कहा कि नई प्रतिभाओं के जुड़ने से संस्था को नई ऊर्जा और दृष्टिकोण प्राप्त होगा। जिलाधिकारी ने नवचयनित कर्मियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी तथा समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह नियुक्तियाँ संस्थान की कार्यक्षमता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के 07 नवचयनित कनिष्ठ सहायकों में स्नेहलता निवासी गदानपुर बद्दू, कन्नौज, ल दुर्गेश नंदनी निवासी किशई सौरिख, नेहा कटियार निवासी देविन टोला कन्नौज, मेघा दीक्षित निवासी दीक्षतान छिबरामऊ, प्रशांत पटेल कचाटीपुर इंदरगढ़ को औपचारिक रूप से फूलमाला पहनाकर नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

# आधार मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र पर नागरिकता के लिए नहीं: सुप्रीम कोर्ट

- सिब्बल ने कहा कि चुनाव आयोग ने अपने अधिकारियों को इस बारे में निर्देश जारी नहीं किए
- सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वे आधार कार्ड को 12वां दस्तावेज मानें



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि आधार, मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र है, लेकिन इसे नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता। सोमवार को बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वे आधार कार्ड को 12वां दस्तावेज मानें ताकि मतदाता वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने के लिए आधार कार्ड को भी पेश कर सकें।

### राजद ने लगाए ये आरोप

राजद और अन्य याचिकाकर्ताओं ने मांग की थी कि आधार कार्ड दिखाने पर लोगों को मतदाता सूची में शामिल किया जाए। इन याचिकाओं पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आदेश जारी किया। राजद की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दावा किया कि पूर्व में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद बूथ लेवल अधिकारी आधार कार्ड को स्वीकार नहीं कर रहे थे। सिब्बल ने कहा कि चुनाव आयोग ने अपने अधिकारियों को इस बारे में निर्देश जारी नहीं किए।

### 'आधार कार्ड नागरिकता का सबूत नहीं'

चुनाव आयोग की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने सबमिशन दिया कि आधार कार्ड को नागरिकता के सबूत के तौर पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस पर जस्टिस बागची ने भी साफ किया कि पासपोर्ट और जन्म प्रमाण पत्र को छोड़कर, चुनाव आयोग द्वारा सूचीबद्ध किए गए 11 दस्तावेज भी नागरिकता के सबूत नहीं माने जाएंगे।

### चुनाव आयोग ने इन दस्तावेजों को दी मान्यता

1. केंद्र, राज्य सरकार एवं सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत कर्मियों के पहचान पत्र, पेंशन भुगतान आदेश
2. एक जुलाई 1987 के पूर्व सरकारी, स्थानीय प्राधिकार, बैंक, पोस्टऑफिस, एलआईसी एवं पब्लिक सेक्टर उपक्रमों से जारी आईकार्ड, दस्तावेज
3. सक्षम प्राधिकार से जारी जन्म प्रमाणपत्र
4. पासपोर्ट
5. मान्यता प्राप्त बोर्ड, विश्वविद्यालय से जारी मैट्रिक व अन्य शैक्षिक प्रमाणपत्र
6. स्थायी आवासीय प्रमाणपत्र
7. वन अधिकार प्रमाणपत्र
8. सक्षम प्राधिकार द्वारा जारी ओबीसी/एससी/एसटी जाति प्रमाणपत्र
9. राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहां उपलब्ध हो)
10. राज्य/स्थानीय प्राधिकार द्वारा तैयार पारिवारिक रजिस्टर
11. सरकार का कोई भूमि/मकान आवंटन प्रमाणपत्र

### 'चुनाव आयोग को आधार कार्ड की वैधता जानने का अधिकार'

चुनाव आयोग को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग को आधार कार्ड की वैधता जांचने का पूरा अधिकार होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केवल वास्तविक नागरिकों को ही वोट देने की अनुमति होगी, जाली दस्तावेजों के आधार पर असली होने का दावा करने वालों को मतदाता सूची से बाहर रखा जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोई भी नहीं चाहता कि चुनाव आयोग अवैध प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करे।

### सुप्रीम कोर्ट का आदेश- आधार को 12वें दस्तावेज के रूप में स्वीकार करे चुनाव आयोग

चुनाव आयोग पहले ही 11 दस्तावेजों की सूची जारी कर चुका है, जिन्हें दिखाकर मतदाता, वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल कर सकते हैं। पहले इन दस्तावेजों में आधार कार्ड शामिल नहीं था, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड को बतौर 12वां दस्तावेज मानने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से अपने सभी अधिकारियों को निर्देश जारी करने को भी कहा है ताकि आधार कार्ड को स्वीकार किया जा सके। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि आधार कार्ड को नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता।

# आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका का मानदेय बढ़ा: नीतीश कुमार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



बिहार की नीतीश कुमार सरकार राज्य विधानसभा चुनाव के पहले सौगातों की झड़ी लगा रही है। अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद आगे बढ़कर आंगनबाड़ी सेविका और आंगनबाड़ी सहायिका के मानदेय को बढ़ाने का एलान किया है। सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय 7 हजार से बढ़ाकर 9 हजार किया जा रहा है। इसी तरह, आंगनबाड़ी सहायिका का मानदेय 4 हजार से बढ़ाकर साढ़े 4 हजार किया जा रहा है। उनके निर्देश पर विभाग इसका प्रस्ताव आगे बढ़ाएगा। मंगलवार को कैबिनेट में उस प्रस्ताव पर मुहर लग जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को सोशल मीडिया पर कहा कि नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया जा रहा है। इसके लिए समेकित बाल विकास परियोजना के तहत छह तरह की सेवाएं दी जा रही हैं, जो आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लाभुकों तक पहुंचाई जाती हैं। इसमें आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहायिकाएं अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि इनके योगदान को देखते हुए मानदेय राशि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इससे सभी सेविकाओं और सहायिकाओं का उत्साह बढ़ेगा और समेकित बाल विकास सेवाएं और बेहतर तरीके से चल सकेंगी। अब आंगनबाड़ी सेविका को 7,000 रुपये की जगह 9,000 रुपये और आंगनबाड़ी सहायिका को 4,000 रुपये की जगह 4,500 रुपये मानदेय मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फैसला बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण और जीवन स्तर सुधारने में मदद करेगा।

## जम्मू बॉर्डर पर पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार, बीएसएफ ने तस्करी की बड़ी साजिश को किया नाकाम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सीमा सुरक्षा बल ने सोमवार को जम्मू के आर.एस. पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि घुसपैठ की यह कोशिश अलर्ट जवानों ने समय रहते नाकाम कर दी। इस मामले में विस्तृत जानकारी का इंतजार है। वहीं, रविवार को पंजाब बॉर्डर पर बीएसएफ ने नशा और हथियार तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया। इनके पास से पिस्टल, हेरोइन और एक ड्रोन भी जब्त किया गया। जानकारी के मुताबिक, अमृतसर के छब्बल इलाके में बीएसएफ और एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की संयुक्त कार्रवाई में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से 504 ग्राम हेरोइन, एक मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद हुई। इसके अलावा तरनतारण के सूर सिंह मार्केट में एक और बड़ी कार्रवाई में चार तस्करों को पकड़ा गया, जिनके पास से 5.032 किलोग्राम हेरोइन, दो पिस्टल, एक स्कॉर्पियो गाड़ी, चार मोबाइल फोन, दो बाइक और 1000 रुपये नकद जब्त किए गए। रविवार रात के दौरान जवानों ने रनियां इलाके में एक ड्रोन को इंटरसेप्ट किया।

## राहुल गांधी आलसी राजनेता: रविशंकर



- रविशंकर प्रसाद ने कहा, राहुल गांधी को उनकी छुट्टियों के लिए शुभकामनाएं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की विदेश यात्रा को लेकर तंज कसा और उन्हें आलसी राजनेता बताया। पार्टी ने कहा कि राहुल गांधी को बाढ़ प्रभावित कर्नाटक और पंजाब जाकर किसानों की परेशानियों को देखना चाहिए था।

### सार्वजनिक जीवन में नहीं होती कोई छुट्टी

सत्तारूढ़ पार्टी के नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा, राहुल गांधी को उनकी छुट्टियों के लिए शुभकामनाएं। जब को कोई सामान्य राजनेता होता है, तो यह बात स्वाभाविक है- अब मैंने बहुत काम कर लिया है। मुझे थोड़ा आराम करने दीजिए। लेकिन मैं राहुल गांधी को याद दिलाना चाहता हूं कि सार्वजनिक जीवन में कोई छुट्टी नहीं होती।

### भाजपा ने खरगे पर भी साधा निशाना

प्रसाद ने कहा कि यदि आप नेता हैं तो आपको जनता के लिए हमेशा उपलब्ध रहना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर भी हमला किया, जिन्होंने कथित तौर पर कांग्रेस शासित कर्नाटक के कलबुर्गी के एक किसान को खरी-खोटी सुनाई थी, जिसने बताया था कि भारी बारिश से उसकी फसल खराब हो गई। खरगे ने उस किसान को बताया कि उनके पास 40 एकड़ की खेती है और उन्हें भी नुकसान हुआ है। प्रसाद ने इसे अहंकार बताया और कहा कि किसान उनसे अपनी समस्या बताने गए थे। इससे पहले, भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने दावा किया कि राहुल गांधी छिपकर मलयेशिया के लंगकावी छुट्टी मनाने गए हैं। उन्होंने कहा, बिहार की राजनीति की गर्मी और धूल कांग्रेस के युवराज के लिए बहुत ज्यादा थी, इसलिए उन्हें जल्दी छुट्टी लेनी पड़ी या यह उन गोपनीय बैठकों में से है।

# सांसद अपने क्षेत्र में स्वदेशी मेला लगवाएं

## पीएम बोले, व्यापारियों से जीएसटी में कटौती की चर्चा भी करें



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए सांसदों से देशभर में 'स्वदेशी मेला' आयोजित करने की अपील की है, ताकि मेड-इन-इंडिया उत्पादों को प्रोत्साहन मिले और लोगों को आत्मनिर्भर भारत अभियान से जोड़ा जा सके। मोदी ने यह भी कहा कि सांसद अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापारियों से मुलाकात करें और जीएसटी दरों में कटौती को लेकर सरकार की पहल का संदेश जनता तक पहुंचाएं। पीएम मोदी ने सोमवार को उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले हुई संसदीय दल की बैठक में कहा कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' केवल नारा नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन का मजबूत आधार है। उन्होंने सांसदों को समझाया कि 'स्वदेशी मेला' से छोटे कारीगरों, हस्तशिल्पकारों और स्थानीय उद्योगों को नया मंच मिलेगा।

### जीएसटी दर कटौती को बताया बड़ी उपलब्धि

मोदी ने सांसदों से कहा कि सरकार द्वारा हाल में की गई जीएसटी दर कटौती से बाजार में एक सकारात्मक लहर बनी है। यह संदेश जनता तक पहुंचाना सांसदों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के साथ बैठकें करके इस कदम का लाभ समझाया जाए और लोगों को भरोसा दिलाया जाए कि सरकार उनके साथ है।

### आत्मनिर्भर भारत से जोड़ा संदेश

प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि 'आत्मनिर्भर भारत' केवल आत्मनिर्भरता का विचार नहीं है बल्कि देश के भविष्य की सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि जब भारतीय उत्पादों की खपत बढ़ेगी तो न केवल रोजगार के अवसर पैदा होंगे बल्कि विदेशी आयात पर निर्भरता भी घटेगी। मोदी ने कहा कि चाहे निवेश कोई भी करे, उत्पादन भारतीय होना चाहिए और यही 'स्वदेशी मंत्र' है।

### पहले भी दे चुके हैं ऐसे निर्देश

पीएम मोदी ने 28 अगस्त को हुई कैबिनेट बैठक में भी 'वोकल फॉर लोकल' पर बल दिया था। उस समय उन्होंने मंत्रियों से कहा था कि लोग ज्यादा से ज्यादा 'मेड-इन-इंडिया' उत्पाद खरीदें और दुकानदार 'स्वदेशी वस्तु उपलब्ध है' के बोर्ड लगाएं। मोदी ने उस बैठक में कहा था कि भारत किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है और इसके लिए आत्मनिर्भरता सबसे बड़ा हथियार है।

## अग्रिम जमानत के लिए केरल हाईकोर्ट की प्रथा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, 14 अक्तूबर को होगी सुनवाई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अहम कानूनी सवाल पर विचार करने का फैसला लिया है। अदालत यह तय करेगी कि अग्रिम जमानत यानि एंटिसिपेट्री बेल के लिए आरोपी या याचिकाकर्ता को पहले सत्र न्यायालय का दरवाजा खटखटाना अनिवार्य है या फिर वह सीधे हाईकोर्ट जा सकता है। यह सवाल विशेष रूप से केरल हाईकोर्ट की उस प्रथा को देखते हुए उठा है, जिसमें वहां सीधे हाईकोर्ट अग्रिम जमानत की अर्जी स्वीकार करता है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि केरल हाईकोर्ट में नियमित रूप से बिना सत्र न्यायालय गए सीधे अग्रिम जमानत की अर्जी सुनी जाती है। जबकि अन्य राज्यों में ऐसा नहीं होता। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि आखिर इस तरह की प्रथा सिर्फ केरल हाईकोर्ट में ही क्यों है।

### विधिक ढांचे की ओर इशारा

पीठ ने कहा कि पुराने आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और नए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 में स्पष्ट न्यायिक संरचना तय है। अग्रिम जमानत से संबंधित प्रावधान धारा 482 में दर्ज हैं। अदालत का मानना है कि यदि सेशंस कोर्ट को दरकिनार कर सीधे हाईकोर्ट में याचिका लगाई जाती है तो कई अहम तथ्य सामने आने से छूट सकते हैं। यह टिप्पणी उस समय आई जब सुप्रीम कोर्ट दो याचिकाकर्ताओं की अर्जी पर सुनवाई कर रहा था। इन याचिकाकर्ताओं की अग्रिम जमानत की मांग को केरल हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। उन्होंने सीधे हाईकोर्ट का रुख किया था, जबकि सेशंस कोर्ट में याचिका दाखिल नहीं की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह तरीका न्यायिक प्रक्रिया की पारदर्शिता और संतुलन को प्रभावित कर सकता है।

### नोटिस और अमिकस क्यूरी की नियुक्ति

सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर केरल हाईकोर्ट को नोटिस जारी किया है। अदालत ने रजिस्टार जनरल के माध्यम से जवाब मांगा है। साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा को अमिकस क्यूरी (अदालत की सहायता करने वाले वकील) नियुक्त किया गया है। अदालत इस मामले पर विस्तृत सुनवाई 14 अक्तूबर को करेगी।

## बढ़े हाउस टैक्स के मुद्दे को लेकर गाजियाबाद नगर निगम के पार्षदों का दल लखनऊ पहुंचा

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**



एक पखवाड़े से गाजियाबाद में हाउस टैक्स वृद्धि के मुद्दे पर चल रही रस्साकसी अब शासन में बैठे नेताओं और पसंगठन के पास पहुंच गई है । प्रभारी मंत्री असीम अरुण से मिलने के बाद पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य अपनी व्यथा बताई । पार्षदों की माने तो जनता और पार्षद लगातार बढ़े हाउस टैक्स का विरोध कर रहे है। बोर्ड बैठक में प्रस्ताव सामूहिक रूप से निरस्त होने के बाद भी निगम प्रशासन और उच्च अधिकारी हठवादी रवैया अपना कर लगातार बढ़े दर पर हाउस टैक्स बिल जारी करवा रहे हैं। जब गाजियाबाद में पार्षदों को मिनट्स तक प्राप्त करने में।धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है और उसमें भी सफलता नही मिली तो पार्षद दल ने लखनऊ की ओर रुख किया। सोमवार की सुबह पार्षद नगर विकास मंत्री ऐ के शर्मा के कैम्प कार्यालय पर पहुँचे जहाँ सभी ने त्रिसूत्रीय विषयो पर पत्र देते हुए बताया कि 9 अक्टूबर 2024, 7 मार्च 2025, व 30 जून 2025 की बोर्ड बैठक में पदेन सदस्यों सहित सभी पार्षदों द्वारा बढ़े हाउस टैक्स का प्रस्ताव सर्वसहमति से निरस्त कर दिया। पार्षदों ने बताया बढ़े हाउस टैक्स के प्रस्ताव निरस्त होने के बाद भी 1 अप्रैल से ही नगर निगम के पोर्टल पर बढ़ा हाउस टैक्स प्रदर्शित होने लगा और मजबूरन व अज्ञानता में बहुत से सम्पत्ति मालिको ने जमा भी कर दिया है। शहर में व्यापार मंडल, आरडब्लूए व स्थानीय निवासी बढ़े हाउस टैक्स का विरोध कर रहे हैं पार्षद उन्हें समझकर वापस भेज देते है। अब सब्र का बांध टूट गया है । जनता सड़क पर आने लगी है। नगर विकास मंत्री ने जल्दी ही इस विषय के समाधान का आश्वासन दिया। पार्षदों ने विकास के कार्यो व कार्यकारणी, बोर्ड बैठक नियमित होने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पार्षद गौरव सौलंकी, पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद नीरज गोयल, पार्षद ओम प्रकाश ओढ़, पार्षद देव नारयण शर्मा, पार्षद शिवम शर्मा, पार्षद कन्हिया लाल, पार्षद भूपेंद्र कुमार, पार्षद संतोष सिंह राणा, पूर्व पार्षद मो0 जाकिर अली सैफी, पार्षद पति डॉक्टर पवन गौतम पूर्व पार्षद मनोज गोयल आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा महानगर ग़ाज़ियाबाद द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यशाला सम्पन्न




**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

भारतीय जनता पार्टी, महानगर गाजियाबाद द्वारा गोल्डन व्यू रिसॉर्ट, राजनगर एक्सटेंशन में ÷सेवा पखवाड़ा कार्यशाला÷ का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में संगठन की आगामी योजनाओं एवं सेवा गतिविधियों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला-महानगर प्रभारी मानवेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा कार्य पहुँचाना और भाजपा कार्यकर्ताओं को सेवा भावना से जोड़ना है। ग़ाज़ियाबाद महानगर में कार्यकर्ता रक्तदान, स्वच्छता, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य परीक्षण, खादी एवं स्वदेशी वस्त्रों के प्रचार जैसे अभियानों को सफल बनाकर सेवा और समर्पण की भावना को साकार करेंगे। अध्यक्षता कर रहे भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि ग़ाज़ियाबाद महानगर में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जल संरक्षण अभियान, जीवन दर्शन प्रदर्शनी, डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, 'नमो मैराथन', दिव्यांगों को उपकरण वितरण, चित्रकला प्रतियोगिता तथा 'वोकल फॉर लोकल' के तहत खादी एवं स्वदेशी वस्त्रों का प्रचार जैसे विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यकर्ता ही संगठन की ताकत हैं और सेवा कार्यों के माध्यम से ही हम जनता का विश्वास अर्जित करते हैं। इस कार्यशाला में मंडल अध्यक्षों, मोर्चा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा बताई गई।

## नेपाल से लगते 1751 किमी लंबे बॉर्डर पर अतिरिक्त फोर्स नहीं लगाएगी एसएसबी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



सोशल मीडिया मंचों पर बैन लगाए जाने के विरोध में पड़ोसी मुल्क नेपाल में सोमवार को हिंसा भड़क उठी। हिंसक प्रदर्शनों में दर्जनभर से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जबकि अनेक लोग घायल बताए जा रहे हैं। नेपाल में बिगड़े हालात पर काबू पाने के लिए सेना को तैनात किया गया है। इस बीच भारत और नेपाल के 1751 किमी लंबे खुले बॉर्डर की हिफाजत कर रहा केंद्रीय अर्धसैनिक बल सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) अलर्ट पर है। हालांकि नेपाल में हो रही हिंसा के मद्देनजर, बॉर्डर पर अतिरिक्त फोर्स नहीं लगाई जा रही है। सीमा पर जितने भी संवेदनशील प्वाइंट हैं, उन पर पैनी नजर रखी जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के बाद भी बॉर्डर पर फोर्स की तैनाती बढ़ाने जैसा कोई निर्णय लिया जाएगा। बता दें कि एसएसबी, कुल 73 बटालियनों, 89878 कर्मियों के साथ भारत संघ का एक प्रमुख सशस्त्र बल है। ये जवान, 1751 किलोमीटर लंबे भारत और नेपाल बॉर्डर व 699 किलोमीटर लंबे भारत-भूटान सीमा की रखवाली करतो हैं। एसएसबी के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, उनकी नेपाल के ताजा घटनाक्रम पर नजर है। सीमा पर जवानों को अलर्ट किया गया है। चेकिंग को बढ़ाया गया है। एसएसबी का प्रयास है कि नेपाल की हिंसा की आड़ में वहां से कोई आपराधिक तत्व, भारतीय सीमा में प्रवेश न कर सके। सीमावर्ती इलाकों में कानून व्यवस्था बनी रहे। सूत्रों का कहना है कि मौजूदा परिस्थितियों में नेपाल से लगते बॉर्डर पर एसएसबी को सतर्क किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अलावा आंतरिक एवं बाहरी खुफिया एजेंसियां, इस मामले पर नजर रख रही हैं।

# एल्विश यादव केस में कोतवाल की लापरवाही पड़ी भारी, कमिश्नर ने किया सस्पेंड

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

एल्विश यादव केस में गवाहों की सुरक्षा को लेकर गाजियाबाद पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई। देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा पहले ही गवाहों को सुरक्षा देने के आदेश के बावजूद इसे अनदेखा किया गया। इसके बाद गवाहों ने सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की थी, जिसमें गाजियाबाद पुलिस को सोमवार तक जवाब दाखिल करना था। सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल करने से ठीक पहले, गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर ने रविवार देर रात शहर कोतवाल धर्मपाल (पूर्व नंदग्राम थाना प्रभारी) को सस्पेंड कर विभागीय जांच शुरू कर दी। जाँच में प्रथम दृष्टिया यह साबित हुआ कि धर्मपाल मुख्य दोषी थे, क्योंकि उन्होंने अदालत के आदेश का पालन नहीं किया। हालांकि, जांच में यह भी सामने आया है कि उनके साथ और भी अधिकारी इस मामले में दोषी हैं। लेकिन हर मामलों के तरह इसमें भी बलि का बकरा कोतवाल को बनाया गया है।

### अहम गवाहों की सुरक्षा में लापरवाही

गौरव गुप्ता और सौरभ गुप्ता ने नोएडा में स्नेक वेनम केस का खुलासा किया था, जिसमें एल्विश यादव के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही किया था । जो पूरे देश में एक हाई-प्रोफाइल मामला बन गया और राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक चर्चा में रहा। मामले के अहम गवाह गौरव गुप्ता और सौरभ गुप्ता मेनका गांधी की संस्था पीपल फॉर एनिमल्स के पदाधिकारी हैं। जिनकी सुरक्षा अब चाक चौबंद कर दी गई है। उनकी सुरक्षा और मजबूत करने के लिए चार पुलिसकर्मी चौबीसों घंटे तैनात किए गए हैं।

### आदेशों की अवहेलना और यूपी पुलिस की स्थिति

देश की सर्वोच्च अदालत के आदेशों को भी उत्तर प्रदेश पुलिस हवा में उड़ा रही है और उनका पालन नहीं कर रही। गवाहों को सुप्रीम कोर्ट का रुख करना पड़ा और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद उन्हें सुरक्षा प्रदान नहीं की गई। यूपी पुलिस की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि संवेदनशील मामलों में भी गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा रही। धरमपाल पर कार्रवाई की खबर से पूरी गाजियाबाद पुलिस में हड़कंप मच गया है। यह मामला केवल पूरे जिले में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है।

### वरिष्ठ अधिकारियों पर सवाल

धरमपाल को मुख्य दोषी मानते हुए कार्रवाई की गई है, लेकिन जांच में यह सामने आया है कि उनके साथ कई और वरिष्ठ अधिकारी भी इस मामले में दोषी हैं। जिला अदालत और सर्वोच्च अदालत दोनों के आदेशों की अनदेखी इस मामले में गाजियाबाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है।अहम गवाहों से सुरक्षा हटाना, अदालतों के आदेशों की अवहेलना करना और सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका में जवाब दाखिल करने से ठीक पहले हड़बड़ी में कार्रवाई करना- यह सब गाजियाबाद पुलिस की बड़ी लापरवाही को उजागर करता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)